रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.0° न्यून. 21.0°
रांची: अधिक. 29.9° न्यून. 21.4°
रांची, गुरुवार
09 अक्तूबर 2025
वर्ष-26, अंक- 245, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

कार्तिक कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 12

## बेड़ो और लापुंग में जेसोवा की मदद से बनी है पब्लिक लाइब्रेरी

# सीएम पुस्तकालय का आज करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

**सारी तैयारियां पूरी**
**ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम का रिहर्सल संपन्न**

**सुनील कुमार गुप्ता**

**बेड़ो।** बेड़ो और लापुंग प्रखंड मुख्यालय के पुराने कार्यालय को झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) की मदद से पब्लिक लाइब्रेरी के रूप में परिणत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को इसका ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। बुधवार की शाम जेसोवा के पदाधिकारियों ने इसके होने वाले ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम का रिहर्सल किया। इस मौके पर लापुंग में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उषा मिंज और रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) बादल राज मौजूद थे। वहीं, रिहर्सल के दौरान बेड़ो में अंचलाधिकारी (सीओ) राज कुंवर सिंह एवं बीपीओ विकास भूषण मौजूद थे। लापुंग में डीएसई बादल राज ने कहा कि पब्लिक लाइब्रेरी के खुलने से लापुंग प्रखंड के पढ़ने वाले दूर दराज के गांवों के बच्चों सहित युवा वर्ग को अध्ययन -अध्यापन करने के अवसर मिलेंगे। लाइब्रेरी में उच्च स्तरीय किताबों की सुविधाएं मिलेंगी और यहां जरूरतमंदों युवाओं खासकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन की सुविधा मिलेगी। वहीं, बीडीओ उषा मिंज ने बताया कि इसके संचालन के लिए जेसोवा के मार्गदर्शन में संचालन समिति


बेड़ो में बने लाइब्रेरी के उद्घाटन के ऑनलाइन रिहर्सल के दौरान मौजूद सीओ राज कुंवर सिंह, बीपीओ एवं अन्य।



लापुंग में बने लाइब्रेरी के उद्घाटन के ऑनलाइन रिहर्सल के दौरान मौजूद डीएसई बादल राज एवं अन्य।

का गठन होगा। इसमें प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मी और महिलाओं के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी शामिल किया जा सकता है। बेड़ो के अंचलधिकारी राज कुंवर सिंह ने बताया कि बेड़ो के ग्रामीण बच्चों के साथ साथ ग्रामीणों को भी यह सौगात मिलेगी। गरीब बच्चे जो महंगी पुस्तकें खरीद कर नहीं पढ़ सकते हैं, वे इस पुस्तकालय में पढ़ाई कर लाभ उठाएंगे। साथ ही, निरक्षर और मुख्य धारा से भटक चुके लोगों को ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलेगा। यह पुस्तकालय झारखंड के सीनियर आईएएस ऑफिसर्स वाइफस एसोशिएशन (जेसोवा) द्वारा चलाया जाएगा। बेड़ो जैसे आदिवासी बहुल पिछड़े इलाके में यह लाइब्रेरी वरदान साबित होगी। बेड़ो जैसे ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार इतनी बड़ी पुस्तकालय की सौगात मिलेगी।

लापुंग में बताया गया कि लापुंग प्रखंड मुख्यालय में लोग पुस्तकालय के माध्यम से सभी तरह के ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। दूसरी ओर, लापुंग में विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली एवं जयंत बरला ने भी लाइब्रेरी का जायजा लिया। उन्होंने भी लापुंग में सरकार द्वारा बनाए गए लाइब्रेरी के लिए हेमंत सोरेन एवं जेसोवा के प्रति आभार जताया। लापुंग में बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, लालकेश्वर यादव, सीआरपी चंद्रमोहन ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन अंजु मुंडा, रिसोर्स टीचर लाल मिथिलेश कुमार सिंह सहित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं मौके पर मौजूद थीं।



### जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के वैज्ञानिकों को मिला केमिस्ट्री का नोबेल



**वैज्ञानिकों ने एमओएफ को बेहतर बनाने का खोजा है नया तरीका**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को केमिस्ट्री के नोबेल पुरस्कार का ऐलान किया। यह घोषणा दिन में करीब 3:15 बजे की गई। सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉबसन और उमर एम. याघी को 'धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास के लिए' 2025 का रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। सुसुमु कितागावा जापान के क्योतो विश्वविद्यालय, रिचर्ड रॉबसन मेलबर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया और याघी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले, संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्यरत हैं। वैज्ञानिकों ने मेटल-कार्बनिक फ्रेमवर्क (एमओएफ) को बेहतर बनाने का नया तरीका खोजा है। फ्रेमवर्क मेटल और कार्बनिक चीजों से मिलकर बनते हैं और इनमें छोटे-छोटे छिद्र होते हैं। इनका इस्तेमाल गैस स्टोर करने, हवा से कार्बन डाइऑक्साइड हटाने और रासायनिक प्रक्रियाओं में मदद करने के लिए हो सकता है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी सुनील एवं संतन के परिजनों ने की मुलाकात

# शहीदों के आश्रितों के साथ सदैव खड़े रहेंगे : सीएम

**दोनों के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में 1.10-1.10 करोड़ रु दिए गए**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पलामू जिला बल के शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता के परिजनों ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। शहीद हुए दोनों आरक्षी जवानों के परिजनों के बैंक अकाउंट में 1.10 करोड़-1.10 करोड़ की सम्मान राशि क्रेडिट किए गए। मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद जवान के परिजनों से सहानुभूति पूर्वक एवं आत्मीयता के साथ बात की तथा उनकी पारिवारिक स्थिति की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शहीद परिजनों के दर्द को बांटा। सीएम सोरेन ने शहीद के परिजनों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने दोनों शहीद आरक्षी जवान के माता-पिता, पत्नी, बच्चे, भाई सहित अन्य परिजनों से बात की तथा पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

सीएम सोरेन ने कहा कि शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनकी शहादत को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के बेहतर समन्वय और प्रयास से आपको आज यह सम्मान राशि दी जा रही है। इस सम्मान राशि का बेहतर उपयोग करते हुए आप अपने बच्चों को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का कार्य करें, ताकि उनके बेहतर भविष्य का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार शहीद जवानों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए अलग से एक आवासीय विद्यालय रांची में बनाएगी। यह विद्यालय निजी विद्यालयों के तर्ज पर संचालित किए जाएंगे, जहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय निर्माण के लिए झारखंड जगुआर में चार एकड़ भूमि चिह्नित कर ली गई है। यह विद्यालय पुलिस विभाग द्वारा चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमारे पुलिस विभाग के जवानों एवं कर्मियों के लिए एक अस्पताल भी बनाने पर विचार कर रही है। जल्द एक बेहतर कार्य योजना बनाते अस्पताल निर्माण कार्य को मूर्त रूप दिया जाएगा। राज्य सरकार पुलिस परिवार के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद के परिजनों से कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि आप शहीद परिवार के सदस्यों का मनोबल बढ़ा रहे।

शेष पेज 11 पर



**बोले सीएम सोरेन**

1. शहीद के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन नि:शुल्क प्रदान करेगी राज्य सरकार
2. शहीद पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए रांची में जल्द बनेगा आवासीय विद्यालय
3. शहीद जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता, ऋणी रहेगा झारखंड
4. पुलिस विभाग के जवानों एवं कर्मियों के लिए अस्पताल बनाने पर भी हो रहा विचार

### दोनों शहीदों की पत्नी को मिलेगी क्लर्क की नौकरी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किए जाए। मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि दोनों शहीदों की पत्नी स्नातक पास हैं। पुलिस विभाग के नियम के अनुसार दोनों को क्लर्क की नौकरी दी जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि राज्य सरकार एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए समझौते के आधार पर आज दोनों परिवारों को 1.10 करोड़-1.10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की गई है। पुलिस विभाग द्वारा उग्रवादी कांड में शहीद हुए पुलिस कर्मियों के लिए तय की गई राशि को मिलाकर अनुमानित राशि 2 करोड़ रुपए दोनों शहीद परिवारों को उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिजनों को पेंशन सहित अन्य सेवांत लाभों से जोड़ें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि पेंशन राशि सहित अन्य लाभ दिए जाने संबंधित सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### भंडरा में सड़क हादसा 3 की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

● कुंदो मैदान के समीप दो बाइक में हुई आमने-सामने टक्कर

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत कुंदो मैदान के समीप बुधवार की देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही भंडरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भंडरा भेजा। भंडरा थाने के थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य ने सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान लोहरदगा निवासी कलाम अंसारी के पुत्र मिजान अंसारी, भंडरा थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी लालू उरांव के पुत्र मुकेश उरांव, और फगुआ उरांव के पुत्र प्रकाश उरांव के रूप में की गई है।

शेष पेज 11 पर

### गुवा पोस्ट ऑफिस के पूर्व उप डाकपाल हुए गिरफ्तार



● ग्राहकों के अकाउंट से उड़ाए 50 लाख, पूरी राशि ऑनलाइन और स्थानीय जुए में गंवा दी

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा पोस्टऑफिस से करीब 50 लाख रुपए की फर्जी निकासी के मामले में पूर्व उप डाकपाल विकास चंद्र कुलिला को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उसने डाकघर की बचत योजनाओं में जमा खाताधारकों के अकाउंट से गलत तरीके से रकम निकाली और पूरी राशि ऑनलाइन और स्थानीय जुए में गंवा दी। पुलिस के अनुसार, यह मामला 1 फरवरी 2023 से 19 जून 2025 के बीच का है। इस अवधि में विकास कुलिला ने खाताधारकों के खातों से कुल 50 लाख 56 हजार 473 रुपए की अवैध निकासी की। इस संबंध में डाक निरीक्षक सुमन कुमार सामंता की शिकायत पर गुवा थाना में कांड संख्या 34/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने फर्जीवाड़ा करके निकाली गई रकम ऑनलाइन जुए के ऐप्स 'डेल्टा एक्सचेंज' और 'धूम 999 कैसीनो' पर लगाई। इसके अलावा, स्थानीय जुआ अड्डों पर भी उन्होंने अकाउंटधारकों के पैसे लगाए। आरोपी के एसबीआई और डाकघर खातों की जांच में भारी मात्रा में संदिग्ध लेनदेन के प्रमाण मिले हैं।

शेष पेज 11 पर

# गिरिडीह में नक्सली दंपति शिवलाल और सरिता ने किया आत्मसमर्पण

**दोनों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मिलेगा लाभ**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/गिरिडीह।** राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 'नई दिशा, नई पहल' से प्रभावित होकर भाकपा (माओवादी) के एरिया कमेटी सदस्य शिवलाल हेंब्रम उर्फ शिवा (25 वर्ष) और उनकी पत्नी दस्ता सदस्य सरिता हांसदा उर्फ उर्मिला (19 वर्ष) ने बुधवार को गिरिडीह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। शिवलाल टेसाफुली, मधुबन थाना क्षेत्र और सरिता चतरो, खुखरा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। इन दोनों माओवादियों का सरेंडर नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

शेष पेज 11 पर




### शिवलाल नक्सली संगठन से वर्ष 2017 में जुड़ा था

गिरिडीह पुलिस के अनुसार, शिवलाल वर्ष 2017 में नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) से जुड़ा था। शुरू में उसने संतरी और रसोइए की भूमिका निभाई, फिर माओवादी कमांडर करम दा उर्फ विवेक का अंगरक्षक बना। वर्ष 2022 में उसे एरिया कमेटी सदस्य बनाया गया। इस दौरान उसने विस्फोटक और हथियार छिपाने, ग्रामीणों से लेवी वसूली और पुलिस पर हमले जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। दूसरी ओर, सरिता को वर्ष 2020 में जया द्वारा संगठन में भर्ती किया गया था। दोनों ने वर्ष 2024 में विवाह किया।

**इंडिया**

# नार्को नेटवर्क से भारत और झारखंड की तबाही का मास्टर प्लान

झारखंड पुलिस ने अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध अभियान चलाकर नशे के नेटवर्क को तोड़ने का जोरदार प्रयास किया है पर अरबों की कमाई सालों में बिना स्थानीय पुलिस के संरक्षण के संभव नहीं यह भी एक कटु सत्य है और राजधानी रांची रांची से सटे नामकुम से लेकर पडोसी खूंटी के ग्रामीण बताते हैं कि अभी भी नेटवर्क टूटा नहीं है बल्कि कमजोर हुआ है । अनेक लोग पकडे भी गए हैं पर इस संगठित अपराध के विरुद्ध गवाही कौन देगा और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा यह भविष्य बताएगा ? राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2020 के अंतरराष्ट्रीय नार्को-आतंकवादी नेटवर्क मामले में आठ और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। यह मामला पाकिस्तान से समुद्री रास्ते के द्वारा गुजरात में और उसके बाद पंजाब में पांच सौ किलो ड्रग्स पहुंचाने से जुड़ा है। इस ड्रग्स की तस्करी का मकसद, लश्कर-ए-तोयबा आतंकी संगठन को वित्तीय मदद पहुंचाना था। सलाया ड्रग्स मामले में दायर 8वें पूरक आरोपपत्र में, एनआईए ने इटली निवासी सिमरनजीत सिंह संधू, ऑस्ट्रेलिया निवासी तनवीर बेदी और भारत निवासी अंकुश कपूर द्वारा रची गई नार्को-आतंकवादी साजिश को निर्णायक रूप से स्थापित कर दिया है ।यह आरोपपत्र व्यापक डिजिटल, तकनीकी और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अहमदाबाद स्थित एनआईए की विशेष अदालत में एनडीपीएस अधिनियम और यूए (पी) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दायर किया गया है। सिमरनजीत सिंह, ऑस्ट्रेलिया निवासी तनवीर सिंह बेदी और अंकुश कपूर के अलावा आरोपपत्र में नामित अन्य आरोपी व्यक्ति पाकिस्तानी नागरिक तारिक उर्फ भाईजान, गगनदीप सिंह अरोड़ा और तीन अन्य आरोपी व्यक्ति- तमन्ना गुप्ता, सुखबीर सिंह उर्फ हैप्पी और अनवर मसीह हैं। यह मामला पाकिस्तान से समुद्री मार्ग से गुजरात में 500 किलोग्राम हेरोइन की तस्करी और फिर उसे पंजाब पहुंचाने से संबंधित है। एनआईए की जांच से पता चला है कि मादक पदार्थ आतंकवाद की यह साजिश गुजरात, दिल्ली, पंजाब और चंडीगढ़ सहित कई भारतीय राज्यों में फैली हुई थी। इसकी जड़ें इटली, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, ईरान और थाईलैंड सहित कई देशों तक मिली हैं। जांच के अनुसार, अंकुश कपूर भारत में एक प्रमुख मास्टरमाइंड था ।वह पंजाब में नार्को-टेरर सिंडिकेट की जमीनी गतिविधियों के प्रबंधन के लिए ज़िम्मेदार था। साथ ही वह प्रतिबंधित पदार्थों की रसद, भंडारण और स्थानीय वितरण का समन्वय करता था। भारत और विदेश में स्थित अभियुक्तों को सक्रिय रूप से धन मुहैया कराता था। सिमरनजीत, नार्को टेरर सिंडिकेट का मास्टरमाइंड था। वहां अवैध नशीले पदार्थों के अवैध परिवहन, भंडारण, प्रसंस्करण और आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए ज़िम्मेदार था ।जांच में यह भी पता चला कि तारिक उर्फ भाईजान ने समुद्री मार्ग से पाकिस्तान से भारत में हेरोइन की तस्करी के समन्वय और इसके परिवहन की निगरानी का काम देखता था ।उसने पंजाब में इसके वितरण में सहायता तथा लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को वित्तपोषित करने के लिए आय को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।ऑस्ट्रेलिया स्थित वांछित अभियुक्त तनवीर बेदी, भारत में लश्कर-ए- तोयबा की आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाला चैनलों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी और उससे होने वाली आय के हस्तांतरण में सक्रिय रूप से शामिल था। झारखंड में भी खूंटी, चतरा, पलामू, धनबाद,पश्चिमी सिंहभूम से लेकर रांची तक लाल कॉरिडोर बनाकर खनिज बहुल क्षेत्रों को माओवादी गतिविधियों से ध्वस्त करने में नाकाम शक्तियां अब अफीम की खेती के बहाने ड्रग्स की अंधाधुंध कमाई और नशे की चपेट में युवाओं को लाकर उसी मुहिम में जुटी हैं जिसके लिए झारखंड पुलिस आक्रामक प्रयास कर रही है पर बिना केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को तोड़ना संभव नहीं है। इस नेटवर्क से जुड़े ग्रामीणों को समझाना चाहिए कि तुरंत कमाई से पीढियां नष्ट हो जाती हैं।


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक




एआई जेनरेटेड

### 5 घंटे तक नहीं पहुंची एंबुलेंस हादसे में घायल महिला की मौत

**परिजनों ने कहा, समय पर नहीं मिली मदद**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला में बुधवार की सुबह हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया। 108 एंबुलेंस सेवा के इंतजार में एक महिला की सड़क पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चैनपुर थाना क्षेत्र के टिन टांगर निवासी विनय रौतिया अपनी पत्नी कलावती देवी और डेढ़ वर्षीय बेटी वर्षा कुमारी के साथ मंगलवार की रात इंद मेला देखने केमटे गांव गया था। बुधवार की अहले सुबह करीब 4 बजे तीनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कांसीर के पास एक तेज रफ्तार मारुति वैन ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विनय और कलावती गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बच्ची को हल्की चोटें आईं।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सुबह करीब 5:00 बजे गुमला सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों पति-पत्नी को उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। परिजनों ने उसी समय 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल कर तत्काल वाहन भेजने की गुहार लगाई। लेकिन, 108 कंट्रोल रूम से लगातार '15 मिनट में पहुंच रही है', 'थोड़ा इंतजार करें' जैसे जवाब मिलते रहे।

शेष पेज 11 पर

# सीताराम मारू पर 11 अक्टूबर को जारी होगा डाक टिकट

नवीन मेल संवाददाता



- राज्यपाल एवं रक्षा राज्य मंत्री जारी करेंगे डाक टिकट
- जन्म शताब्दी पर कई कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन

**रांची।** दक्षिण बिहार के लोकप्रिय साप्ताहिक/दैनिक रांची एक्सप्रेस के संस्थापक एवं इस क्षेत्र के लोकप्रिय/जनप्रिय समाजसेवी सीताराम मारू का आगामी 11 अक्टूबर 2025 को उनके परिवार द्वारा जन्म शताब्दी दिवस, दो दिवसीय समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। आगामी 11 अक्टूबर 2025 को दिन में 11:00 बजे, भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा सीताराम मारू पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया जाएगा। इसे झारखंड के राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार, रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा झारखंड के डाक विभाग के उच्च अधिकारी एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जारी किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम संध्या 5:30 बजे रांची क्लब के सेलिब्रेशन हॉल में आमंत्रित अतिथियों के साथ होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिन्मया मिशन के पूर्व ग्लोबल प्रमुख स्वामी तेजोमयनंद जी होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे। कार्यक्रम में सीताराम मारू के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उनके साथ सहयोगी रहे चार व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। वे हैं पत्रकारिता के क्षेत्र में बलबीर दत्त, साहित्य सेवा के क्षेत्र में डॉ रीता शुक्ला, समाज सेवा के क्षेत्र में श्याम गुप्त एवं राजनीति के क्षेत्र मे वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा। उसी दिन हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सीताराम मारू की स्मृति में कोलकाता निवासी राम अवतार भल्ला और उनके परिवार द्वारा भंडारे का भी आयोजन संध्या 5:00 बजे से किया गया है। अगले दिन 12 अक्टूबर 2025 को प्रधान नगर, बुंडू स्थित सूर्य उपासना भवन में संस्कृति विहार के द्वारा प्रातः 10:30 बजे से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा होंगे। इसमें बड़ी संख्या में संस्कृति विहार द्वारा संचालित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, आचार्य एवं बुंडू, तमाड़ एवं पंच परगना के गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। ये जानकारी पूर्व सांसद, संस्कृति बिहार के अध्यक्ष एवं सीताराम मारू के पुत्र अजय मारू ने दी।

### हेमंत सरकार पार्ट 2 में भी भ्रष्टाचार और टेंडर घोटाला का आरोप

# झारखंड स्वास्थ्य विभाग के टेंडर में 50 करोड़ का घोटाला : प्रतुल

- झारखंडियत और स्थानीयता की बात करने वाली सरकार ने झारखंडी कंपनियों को ही टेंडर में हिस्सा लेने से बाहर किया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर लगातार विपक्ष के निशाने पर है। इसी कड़ी में बुधवार को भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पार्ट-2 में भी लगातार टेंडर घोटाले और भ्रष्टाचार के जारी रहने का आरोप लगाया है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से निकाले गए टेंडर पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाते हुए इसे 50 करोड़ का घोटाला करार दिया। रांची के हरमू स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), रांची के कार्यालय की ओर से नर्सिंग, पैरामेडिकल और अन्य तकनीकी स्टाफ के लिए ई-टेंडर संख्या 4374, 20 सितंबर, 2025 को निकाला गया। इस टेंडर में ऐसी शर्तों को डाला गया, जिससे झारखंड की कोई स्थानीय कंपनी हिस्सा ही नहीं ले पाएगी।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री आदिवासी मूलवासी और झारखंडियत की बात करते हैं। लेकिन इस टेंडर के जरिए बिहार की ब्लैकलिस्टेड कंपनी को काम देने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इससे पूर्व जब इसी सिविल सर्जन के कार्यालय ने 2022 में टेंडर निकला था, तब की अर्हता और अभी की अर्हता में लगभग पांच गुणा का इजाफा कर दिया गया है। यह सिर्फ बिहार की एक विशेष ब्लैकलिस्टेड कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इसी टेंडर में 2022 में सिक्योरिटी मनी (ईएमडी) चार लाख रुपए रखा गया था। इस वर्ष बढ़ाकर उसे 15 लाख कर दिया गया। 2022 में टेंडर की अर्हता में सिंगल वर्क आर्डर का वैल्यू तीन करोड़ था। तीन वर्षों में इस बार इसे 15 करोड़ कर दिया गया है। ईसीआर की कॉपी 300 लोगों की आवश्यकता थी। इस वर्ष इसे 1500 कर दिया गया है। 2022 में निकाले गए टेंडर में पिछले तीन वित्तीय वर्ष का कंपनी का एवरेज टर्नओवर पांच करोड़ होने की आवश्यकता थी। इस बार इसे पांच गुना बढ़ाकर 25 करोड़ कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जिस कंपनी को ये टेंडर देने की कोशिश की जा रही है,उसे झारखंड के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ने डिबार (किसी व्यक्ति या संस्था को किसी काम करने, किसी जगह जाने, या किसी सुविधा का उपयोग करने से आधिकारिक तौर पर रोकना, प्रतिबंधित करना या बहिष्कृत करना) किया है, लेकिन टेंडर में ब्लैकलिस्टेड कॉलम में सिर्फ यह लिखकर डाल दिया गया है कि जिस कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया गया है, वह एक अंडरटेकिंग देगी।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इन सारी बातों से स्पष्ट है कि टेंडर को इस रूप में बनाया गया है कि झारखंड की कंपनी को कोई लाभ न हो। लाभ होना तो दूर की बात है, झारखंड की कोई कंपनी इसमें हिस्सा भी नहीं ले पाएगी। बिहार की एक विवादास्पद ब्लैकलिस्टेड कंपनी को टेंडर देने के लिए अर्हता को बदल गया है। क्योंकि यही इन सारी अहर्ताओं को पूरा करती है। अब वह कंपनी मनमाने रेट पर टेंडर डालेगी और कमीशन ऊपर से नीचे तक सब जगह बंटेगा। भाजपा इस पूरे मुद्दे को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के सामने भी ले जाएगी।

# स्पीकर और नवीन जायसवाल पहुंचे बारबाडोस, देंगे व्याख्यान

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) झारखंड शाखा, रबीन्द्रनाथ महतो और झारखंड विधानसभा के सदस्य नवीन जायसवाल बुधवार को सीपीए के 68वां कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने के लिये बारबाडोस पहुंचे। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेन्स आगामी पांच अक्टूबर से शुरू है, जो 12 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें दोंनों नेता अपनी बात रखेंगे। सम्मेलन का मुख्य थीम द कॉमनवेल्थघ अ गुड ग्लॉअबल पार्टनर है। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित इस कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेन्स में सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में कई मुददों पर चर्चा होगी। इनमें प्रमुख रूप से वैश्विक लोकतंत्र संकट, तकनीकी परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन, सामाजिक असमानताएं सहित अन्य बड़ी चुनौतियों के साथ-साथ संसदीय विषय शामिल है। झारखंड विधानसभा की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उद्घाटन समारोह से कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हो चुकी है। कॉन्फ्रेन्स के दौरान विभिन्न कार्यशालाएं होंगी। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो भी कॉन्फ्रेन्स में अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

# आरईसी सीएसआर व विकास भारती के बीच हुआ अनुबंध



**रांची।** बुधवार को गुड़गांव में आरईसी, भारत सरकार के चेयरमैन सह सीएमडी जितेंद्र श्रीवास्तव (आईएएस) की उपस्थिति में आरईसी, सीएसआर के साथ विकास भारती का एक अनुबंध साइन हुआ। इस दौरान आरईसी, सीएसआर के ईडी प्रदीप उपस्थित थे। इस परियोजना में झारखंड के 3 जिलों (गुमला, लोहरदगा व लातेहार) के लिए चलंत चिकित्सा इकाई का अनुबंध हुआ है। इसमें प्रत्येक जिले में डॉक्टर सहित अनेक आधुनिक उपकरणों से लैश एक बस होगी, जो उपर्युक्त सभी जिलों के प्रत्येक सुदूर गांवों में जाकर सुविधा प्रदान करेगी। ज्ञात हो कि इससे पहले भी विकास भारती बिशुनपुर ने झारखंड सरकार के साथ मिलकर झारखंड के प्रत्येक जिलों में चलंत चिकित्सा इकाई परियोजना को सफलतापूर्वक संचालित किया है।

### पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत राज्य स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित, बोले

# अल्ट्रासाउंड मशीन का प्रखंड स्तर तक निरीक्षण हो : डॉ सान्याल

- रांची में नामकुम के आईपीएच सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, सिविल सर्जन एवं अन्य पदाधिकारी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता




**कन्या भ्रूण हत्या पर रोक के लिए है पीसीपीएनडीटी एक्ट**

पीसीपीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम) कन्या भ्रूण हत्या एवं घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए बनाया गया है। यह अधिनियम गर्भधारण से पहले या बाद में बच्चे के लिंग का निर्धारण (लिंग चयन) करने पर प्रतिबंध लगाता है। प्रसवपूर्व निदान तकनीकों के दुरुपयोग को नियंत्रित करता है।

**रांची।** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के तहत एकदिवसीय राज्य स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन आईपीएच सभागार नामकुम में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सभी जिलों से एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, सिविल सर्जन एवं असिस्टेंट नोडल ऑफिसर (पीसीपीएनडीटी) एवं अन्य पदाधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला की शुरुआत में निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसी-पीएनडीटी एक्ट) के प्रति प्रतिभागियों को जागरूक किया। साथ ही, कहा कि हर जिले में डीएसी (जिला परामर्शदातृ समिति) की मीटिंग हर 2 महीने पर किया जाना है। इसके लिए सभी जिलों के उपायुक्त के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हर दो महीने के अंतर्गत बैठक आयोजित करें। वहीं, प्रखंड स्तर पर भी एक टीम होनी चाहिए, जो प्रखंड स्तर पर अल्ट्रासाउंड मशीन का समय-समय पर निरीक्षण करे। डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने कहा, आज हमारे राज्य में रेडियोलॉजिस्ट की कमी है। कुछ लोग दूसरे राज्य का रजिस्ट्रेशन करके यहां प्रैक्टिस कर रहे हैं, जो सही नहीं है। ऐसे अल्ट्रासाउंड केंद्र एवं टेक्नीशियन का पता करके उन पर समुचित करवाई की जानी चाहिए। सभी जिला अल्ट्रासोनोग्राफी क्लिनिक को इंपैनेल्ड करने के पहले सही तरीके से जांच कर लें कि उन पर पहले से पीसीपीएनडीटी के तहत कोई कोर्ट केस तो नहीं है। साथ ही, यदि कोई व्यक्ति क्लिनिक खोलने के लिए आवेदन करता है, तो उसे 70 दिनों के अंदर अनुमति (परमिशन) दे देना है और यदि किसी कारणवश रिजेक्ट किया जाता है, तो उसका उचित कारण देना होगा। कार्यशाला में डॉ वैभव पाठक (लीड कंसल्टेंट पीएनडीटी सेक्शन, एमओएचएफडब्ल्यू) वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रतिभागियों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। साथ ही, कहा कि यदि किसी गर्भवती महिला का अल्ट्रासोनोग्राफी किया जाता है, तो उसका पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए। डॉ सत्यजीत कुमार (स्टेट नोडल अफसर, नई दिल्ली) ने वर्चुअल मोड से कार्यशाला में जुड़ कर इस अधिनियम के तहत केस स्टडीज पर चर्चा किया एवं अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में स्टेट कोऑर्डिनेटर - पीसीपीएनडीटी रफत फरजाना ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुदृढ़ बनाने, उभरती चुनौतियों का समाधान करने, अनुपालन सुनिश्चित करने एवं अधिनियम के उद्देश्य की पूर्ति करने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। यह अधिनियम केवल एक कानूनी साधन नहीं, बल्कि भेद भावपूर्ण लिंग चयन के विरुद्ध एक नैतिक एवं सामाजिक सुरक्षा उपाय भी है। समाज या व्यक्ति विशेष का ध्यान लड़का और लड़की की बजाय एक स्वस्थ बच्चे पर होना चाहिए। इस कार्यशाला में डॉ लाल मांझी, राज्य नोडल पदाधिकारी आईईसी, डॉ पुष्पा, राज्य नोडल पदाधिकारी, मैटरनल हेल्थ एवं ट्रेनिंग कोषांग, डॉ एलआर पाठक, राज्य नोडल पदाधिकारी - चाइल्ड हेल्थ कोषाग ने पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के सुदृढ़ीकरण के संबंध में अपने विचार साझा किए।

# बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद के मुद्दे पर बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद से जुडी समस्या के समाधान में विलंब होने से हो रही कठिनाई पर आज चैंबर भवन में रांची नगर निगम किरायेदार संघ के पदाधिकारियों ने झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मिलकर, मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। यह बताया कि वर्षों पूर्व जब निगम का अस्तित्व भी नहीं था, तब व्यापारियों को बाजार टांड में बसाया गया था। तत्कालीन समय में निगम द्वारा आय में वृद्धि के उद्देश्य से दुकानदारों को केवल भूमि का आवंटन किया गया था जिसमें व्यापारियों ने स्वयं के खर्च से संरचना निर्माण किया। निगम द्वारा इस संबंध में निर्गत आदेश के आलोक में दुकानदार निर्माण के अनुरूप निगम को टैक्स का भुगतान भी करते हैं। बावजूद इसके लाइसेंसधारी के निधनोपरांत या परिवार के सदस्य के अलग होने की स्थिति में दुकानों के नाम ट्रांसफर नहीं किया जा रहा। जबरदस्ती पीनल और पीनल पर अतिरिक्त ब्याज लगाकर, इसका भुगतान नहीं करने पर दुकान सील करने की धमकी दी जा रही है जिससे व्यापारी मानसिक रूप से परेशान हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने जल्द ही नगर प्रशासक से मिलकर, इस समस्या का स्थाई समाधान कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि चैंबर द्वारा लगातार इस मामले में निगम से वार्ता के बावजूद इस मुद्दे का समाधान नहीं किया जाना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। अनावश्यक परेशानी से त्रस्त होकर व्यापारी आक्रोशित हैं। उन्होंने निगम से अपील की कि किराया समाधान जैसी लोकप्रिय योजना लाकर, वर्षों से चली आ रही समस्या के समाधान की पहल करनी चाहिए। साथ ही दुकानदारों को मालिकाना हक देने का निर्णय भी लिया जाना चाहिए, इससे निगम को करोडों रूपये राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

चर्चाओं के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि यदि 15 दिनों में निगम द्वारा इस मामले में तत्परता नहीं दिखाई गई तब व्यापारी निगम की कार्यप्रणाली के विरूद्ध आंदोलन को विवश होंगे। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, नगर निगम किरायेदार संघ के सचिव शंकर झा समेत अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर राम विलास पासवान को लोजपा ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) झारखंड प्रदेश की ओर से बुधवार को पार्टी के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम पार्टी के डोरंडा स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण और गरीब, वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के बाद क्षितिज मूक बधिर विद्यालय (तपोवन मंदिर के समीप, निवारनपुर) पहुंचे, जहां विशेष बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों को राम विलास पासवान के जीवन के बारे में बताया गया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को बिहार-एक, बिहारी फर्स्ट के जन-आंदोलनात्मक नैरेटिव के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में मजबूती के साथ लड़ेगी।

# धरना दे रहे आजसू नेताओं को पुलिस ने जबरन लिया हिरासत में

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आजसू छात्र संघ के द्वारा स्कॉलरशिप के मुद्दे को लेकर मोराबादी स्थित कल्याण विभाग भवन का अनिश्चितकालीन घेराव किया गया। मैट्रिक के बाद मिलने वाली छात्रवृत्ति पिछले दो वर्षों से जारी नहीं की गई है, जिसे जारी करने की मांग की जा रही है। पुलिस ने धरना खत्म न करने पर आजसू नेताओं को देर रात हिरासत में ले लिया और बरियातू थाना ले गई। आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो एवं उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। आजसू नेताओं ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। प्रदेश के कई जिलों के छात्र-छात्राएं सुबह से ही कल्याण भवन के पास धरना प्रदर्शन में शामिल हुए, लेकिन पूरे दिन बीत जाने के बावजूद विभाग का कोई कर्मचारी उनके साथ वार्ता करने नहीं आया। जिसके कारण देर रात धरना जारी रखा गया था। इस अवसर पर आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने कहा, राज्य सरकार लगभग सभी मोर्चों पर विफल साबित हो चुकी है। गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का हक का पैसा चोरी कर उनके भविष्य को अंधकार में भेजा जा रहा है, और वही पैसा मैया सम्मान योजना में खर्च किया जा रहा है। जब छात्र अपने हक के लिए एकत्र हुए तो सरकार के इशारों पर पुलिस ने उन्हें जबरन गिरफ्तार कर लिया। यह अत्यंत घृणित कृत्य है। क्या हमारे प्रदेश में छात्र-छात्राएं अपने हक के लिए आवाज़ भी नहीं उठा सकते? धरना प्रदर्शन में आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो केंद्रीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, अमन साहू, रवि रौशन, योगेश कुमार, प्रियांशु तिवारी, राज दुबे, बिट्टू वर्मा, कमलेश महतो सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

### बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को लिखा पत्र

# प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर उठाए सवाल

नवीन मेल संवाददता



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री, नशीले कफ सिरप का कारोबार एवं इससे संबंधित विभागीय लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। अपने पत्र में बाबूलाल ने लिखा है, "मैं राज्य के स्वास्थ्य तंत्र और औषधि नियंत्रण से जुड़ी एक अत्यंत गंभीर स्थिति आपके ध्यान में लाना चाहता हूँ, जो जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है और शासन-प्रशासन की जवाबदेही पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है। गत वर्ष गुजरात पुलिस की सूचना पर धनबाद के बरवाअड्डा क्षेत्र से प्रतिबंधित कफ सिरप 'फेन्सिडिल' का एक बड़ा भंडारण झारखंड पुलिस द्वारा जब्त किया गया था। यह सर्वविदित है कि इस सिरप का प्रयोग नशे के रूप में किया जाता है, फिर भी राज्य में इसका खुलेआम बिक्री जारी रहा। मामले को बाद में सीआईडी ने अपने हाथ में लिया, परंतु चौदह महीने बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई। यह प्रशासनिक शिथिलता चिंताजनक है और नशे के फैलते जाल को मौन स्वीकृति देती प्रतीत होती है। इसके साथ ही, झारखंड उच्च न्यायालय में अरुण कुमार दुबे बनाम राज्य सरकार मामले में लंबित जनहित याचिका में भी यह गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि राज्य में नकली, नशीली और हानिकारक दवाओं की सप्लाई सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से हुई है। याचिका में दिनांक 11 फरवरी 2022 की तीन-सदस्यीय जाँच समिति की रिपोर्ट संलग्न है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से दर्ज है कि बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं खुले बाजार में बेची गईं, और संबंधित अधिकारियों ने इसमें जानबूझकर मामला दबाया। इस रिपोर्ट में तत्कालीन संयुक्त निदेशक सुरेंद्र प्रसाद, ड्रग कंट्रोलर ऋतु सहाय, और विशेष सचिव चंद्र किशोर उरांव के नाम भी उल्लिखित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि M/s Vishwanath Pharmaceuticals पर छापे के दौरान अवरोध पैदा किया गया, और कार्रवाई में विलंब के कारण लगभग 1.5 करोड़ रूपये के नकली कोडीन आधारित सिरप में से 1 करोड़ रूपये की दवा लखनऊ और वाराणसी के बाजारों में बेची जा चुकी थी। यह भी उल्लेखनीय है कि यह रिपोर्ट पिछले तीन वर्षों से विभागीय अभिलेखों में दबाई हुई है एवं उस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इस बीच, यह जानकारी सामने आई है कि जिन अधिकारियों पर मिलीभगत का संदेह है, उनमें से एक को हाल ही में प्रोन्नति दी गई है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिन पर जांच लंबित है या जिनका नाम संभावित दोषियों की सूची में है, उन्हें प्रोन्नति कैसे दी जा सकती है? यह बिल्कुल ही प्रशासनिक शुचिता के विपरीत है और आम जनता के विश्वास को भी चोट पहुंचाता है। उपरोक्त घटनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि राज्य के औषधि नियंत्रण तंत्र में गहरी अनियमितताएँ हैं। प्रतिबंधित सिरप और मनरूप्रभावी औषधियां हमारे युवाओं को नशे की गिरफ्त में ले रही हैं और इन दवाओं का अवैध व्यापार बांग्लादेश सीमा तक पहुंच चुका है। यह मामला अब राज्य की सीमाओं से परे एक अन्तर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का स्वरूप ले चुका है। अतः मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि दिनांक 11.02.2022 की तीन-सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर, उसकी अनुशंसाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए। पूरे प्रकरण की जांच प्रवर्तन निदेशालय तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जैसी केंद्रीय एजेंसियों से करवाई जाए, ताकि इसमें वित्तीय लेन-देन और नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला दोनों की सघन जांच हो सके। ड्रग कंट्रोलर कार्यालय की कार्यप्रणाली का स्वतंत्र ऑडिट किया जाए, और जिन अधिकारियों के विरुद्ध संदेह या जांच लंबित है, उन्हें जांच पूरी होने तक प्रशासनिक जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए। पिछले वर्ष बरवाअड्डा में जब्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। यह जनस्वास्थ्य, युवाओं के भविष्य और शासन की पारदर्शिता का प्रश्न है। जनता यह उम्मीद करती है कि सरकार इस प्रकरण को ईमानदारी और पारदर्शिता से देखेगी, ताकि झारखंड का स्वास्थ्य तंत्र फिर से लोगों के विश्वास के योग्य बन सके। आपसे निवेदन है कि इन तथ्यों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएं और इस मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।"

# सचिव ने 108 एम्बुलेंस सेवा दे रही संस्था को दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में घटनास्थल पर लेटलतीफ 108 एम्बुलेंस पहुंचने से मरीजों को होनेवाली परेशानियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रूख अपनाया है। घटना की लगातार सूचना मिलने के बाद 108 एम्बुलेंस उपलब्ध करानेवाली कंपनी पर अब स्वास्थ्य विभाग कटौती करेगा। यह बातें स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कही। वे बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में बैठक में बोल रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने एम्बुलेंस सेवा दे रही संस्था सम्मान फाउंडेशन को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवेदनशील मामले पर मरीज को परेशानी होने के साथ साथ सरकार की छवि धूमिल होती है। इस तरह की कार्यशैली पर त्वरित सुधार करें। अपर सचिव ने सेवा में त्वरित सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को तनीक भी परेशानी न हो इसका ख्याल रखें। उन्होंने सेवा की गुणवत्ता बेहतर करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि एंबुलेंस की उपलब्धता प्रत्येक मरीज को समय पर उपलब्ध हो। अपर मुख्य सचिव ने एजेंसी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि लापरवाही और लेटलतीफी की सूचना फिर से मिली तो एजेंसी पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने 108 एम्बुलेंस सेवा की निगरानी कर रहे डॉक्टर पंकज को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन कम से कम 10 एम्बुलेंस का लाइव वीडियो देखें और वाहनों की अद्यतन स्थिति पर नजर रखें। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य में लगातार एम्बुलेंस के विलंब से पहुंचने की खबरें मिल रही हैं जो यह दर्शाती है कि दूरस्थ क्षेत्रों में एंबुलेंस की सेवाएं बेहद खराब स्थिति में हैं। इससे राज्य सरकार की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है। इसलिए सेवा में हर हाल में सुधार किया जाना चाहिए। बैठक में कारपोरेशन के एमडी अबु इमरान और एनएचएम के एमडी शशि प्रकाश झा के साथ विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

अखंड सौभाग्य का पावन पर्व करवा चौथ कल

# नारी शक्ति के त्याग का प्रतीक है करवा चौथ : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण एवं भावनात्मक पर्व है। यह विशेष रूप से विवाहित स्त्रियों द्वारा अपने पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ मनाया जाता है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष करवा चौथ का पावन पर्व 10 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को मनाया जाएगा।

संजय सर्राफ ने कहा, करवा चौथ की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इस पर्व से जुड़ी अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से वीरवती की कथा सर्वाधिक प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि वीरवती ने सच्चे मन से करवा चौथ का व्रत किया था और कुछ भ्रम के कारण व्रत अधूरा छोड़ने पर उसके पति की मृत्यु हो गई थी। उसकी श्रद्धा, तपस्या और भक्ति से देवी पार्वती प्रसन्न हुईं और उन्होंने वीरवती को उसका पति पुनः जीवित कर लौटाया। तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य की कामना के लिए विशेष रूप से मनाया जाता है। संजय सर्राफ ने बताया कि करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां निर्जला उपवास रखती हैं, यानी वे दिन भर जल भी ग्रहण नहीं करतीं। वे प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व सांझी (सरगी) ग्रहण करती हैं, जो कि सास द्वारा बहू को दिया जाता है। दिन भर व्रत रखने के बाद संध्या समय चंद्रमा के उदय पर, चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर पूजा की जाती है। पूजन में करवा (मिट्टी का घड़ा), दीपक, रोली, चावल, मिठाई आदि का विशेष महत्व होता है। स्त्रियां सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक परिधानों में सजती हैं और एकत्र होकर कथा सुनती हैं। चंद्रमा के दर्शन कर छलनी से अपने पति को देखकर व्रत खोला जाता है। पति अपनी पत्नी को जल पिलाकर व्रत संपन्न करवाते हैं।



- वैवाहिक जीवन में प्रेम और समर्पण का यह पर्व विश्वास को सुदृढ़ करता है
- यह भारतीय संस्कृति की गहराई एवं परंपराओं की गरिमा को उजागर करता है

संजय सर्राफ ने कहा, करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं, बल्कि यह नारी शक्ति के त्याग, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। यह पर्व वैवाहिक जीवन में प्रेम, विश्वास और अटूट बंधन को सुदृढ़ करता है। इसके माध्यम से भारतीय समाज में स्त्रियों की भूमिका, उनकी आस्था और परिवार के प्रति उनका समर्पण उजागर होता है। आजकल यह पर्व शहरी जीवन में भी पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, जहां पति भी पत्नी के साथ व्रत रखकर समानता एवं प्रेम का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। करवा चौथ एक ऐसा पर्व है जो न केवल वैवाहिक प्रेम और नारी समर्पण का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी संस्कृति की गहराई, परंपराओं की गरिमा, और आध्यात्मिक भावनाओं को भी उजागर करता है। आधुनिक समय में भी इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है, जो हमारी सनातन परंपराओं की अमरता को सिद्ध करती है।

रांची नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

# वार्ड संख्या 29 के पहाड़ी टोला में 6 अवैध दुकानों को तोड़कर हटाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम राजधानी रांची को अतिक्रमण मुक्त एवं जाम मुक्त बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान चला रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शहर के सभी मुख्य मार्गों, कनेक्टिंग सड़कों तथा पथों के टर्निंग पॉइंट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव के निर्देश पर वार्ड संख्या 29, पहाड़ी टोला एवं गाड़ीखाना चौक मार्ग पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान मार्ग अवरोध उत्पन्न करने वाले अवैध दुकानों एवं अतिक्रमणों को रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने पूर्णतः हटाया दिया। कार्रवाई के दौरान राजकीयकृत हिंदी बालक मध्य विद्यालय, पहाड़ी टोला की बाउंड्री वॉल से सटे 06 अवैध दुकानों एवं अन्य अस्थायी संरचनाओं को तोड़कर हटाया गया। साथ ही, मुख्य मार्ग पर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले दो ट्रकों के विरुद्ध 10,000 रुपए प्रति ट्रक का जुर्माना लगाया गया। उन्हें भविष्य में सड़क पर पार्क नहीं करने के लिए सख्त चेतावनी दी गई। ज्ञात हो कि पूर्व में नगर निगम द्वारा संबंधित दुकानदारों को स्वतः अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिया गया था, किंतु अनुपालन नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।



- यातायात में बाधा पैदा करने वाले दो ट्रकों को जुर्माना लगाया गया

इधर, रांची नगर निगम द्वारा शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी मालवाहक वाहनों को यह सख्त निर्देश दिया है कि लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य केवल रात 12:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे के बीच ही किया जाए। निर्धारित समयावधि के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की लोडिंग-अनलोडिंग गतिविधि पाए जाने पर संबंधित वाहन संचालक एवं मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, निगम ने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं वाहन चालकों से अपील किया है कि वे निर्धारित वाहन पड़ाव स्थलों पर ही अपने वाहनों को पार्क करें एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं जाम मुक्त बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## कांके डैम घाट की सफाई का नगर निगम के सहायक प्रशासक ने किया निरीक्षण

**रांची।** आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र के सभी जलाशयों एवं घाटों की युद्धस्तर पर सफाई की जा रही है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार एवं निकेश कुमार ने वार्ड संख्या 01 अंतर्गत कांके डैम स्थित घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने स्वच्छता शाखा की टीम को जलाशय से जलकुंभी को समय पर पूर्ण रूप से हटाने के लिए वीड हार्वेस्टिंग मशीन की कार्यावधि बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एमफीबियस एक्सकेवेटर मशीन द्वारा लगातार गाद निकासी का कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, घाटों की नियमित मैनुअल सफाई के साथ फिटकरी एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए। उन्होंने स्वच्छता शाखा की टीम को निर्देश दिया कि घाट पर टूटे हुए टाइल्स को हटाकर पाथ-वे को व्यवस्थित किया जाए तथा अन्य सिविल कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से भीड़ का आकलन करते हुए बांस-बल्ली से उचित घेराबंदी की जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति गहरे पानी में न जाए। उन्होंने घाट के पहुंच पथ पर स्थित स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं नगर निगम के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# मोरहाबादी चौपाल में बिहार चुनाव पर गरमागरम चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी की चौपाल में आज बिहार चुनाव को लेकर जोरदार चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत एक सदस्य ने इस बात से की कि चुनाव आयोग को इतनी जल्दी चुनाव की घोषणा करने की क्या आवश्यकता थी, जिससे बिहार की करोड़ों जनता को मिलने वाले लाभ रुक गए। मुख्यमंत्री सुशासन बाबू प्रतिदिन नई-नई घोषणाएं कर रहे थे, जिनमें एक करोड़ रोजगार देने से लेकर बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, पचासों लाख महिला मतदाताओं के खाते में दस- दस हजार रुपए, विद्यार्थियों के लिए ब्याज रहित ऋण, शिक्षकों की वेतन बढ़ोतरी और राज्य के लिए पचासों हजार करोड़ रुपए की योजनाएं शामिल थीं।

एक अन्य सदस्य ने कहा कि 20 साल का समय कम तो नहीं है, और अब तक इतनी योजनाएं क्यों पूरी नहीं हुई। इस पर किसी ने जवाब दिया कि चुनाव जीतने के लिए यह सब करना ही पड़ता है, क्योंकि मतदाता भी बिकाऊ हो गए हैं और सुशासन बाबू जनता के टैक्स वाले धन का सही तरीके से उपयोग कर रहे हैं।



चर्चा में यह भी उठाया गया कि देश की सबसे बड़ी पार्टी की सीटें ज्यादा होने के बावजूद मुख्यमंत्री पद क्यों नहीं दे पाती। किसी ने समझाया कि यदि बड़ी पार्टी मुख्यमंत्री देने की बात करे तो वे खेमे में वापस चले जाते हैं और सत्ता पर बने रहते हैं। प्रधान पार्टी अपने उम्मीदवार नहीं दे पाती, क्योंकि चुनाव जीतना प्राथमिकता होती है और जनता जातिगत आधार पर वोट करती है। अंत में चर्चा में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग का काम सिर्फ चुनाव की घोषणा करना और मतदाताओं को जागरूक करना है, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि उन्हें अच्छा उम्मीदवार मिले। चाहे उम्मीदवार बाहुबली हो, अपराधी हो, अशिक्षित हो या बीमार, मतदाता अपनी मांग स्वयं नहीं कर पाते। चर्चा में सभी ने यही शुभकामना जताई कि सुशासन बाबू स्वस्थ रहें और आने वाले वर्षों में बिहार के विकास में योगदान देते रहें।

# दुकानों के किराया विवाद में जल्द समाधान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद से जुड़ी समस्या के समाधान में विलंब से व्यापारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इस बाबत आज चैंबर भवन में रांची नगर निगम किरायेदार संघ के पदाधिकारियों ने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। व्यापारियों ने बताया कि वर्षों पूर्व जब निगम का अस्तित्व नहीं था, तब उन्हें बाजार टांड में बसाया गया था और उन्होंने स्वयं खर्च कर दुकानों का निर्माण किया। वर्तमान में निगम द्वारा जारी आदेश के तहत दुकानदार टैक्स का भुगतान करते हैं, लेकिन लाइसेंसधारी के निधन या परिवार के सदस्य के अलग होने की स्थिति में दुकानों के नाम ट्रांसफर नहीं किए जा रहे। अतिरिक्त पीनल और ब्याज लगाने तथा भुगतान न करने पर दुकान सील करने की धमकी से व्यापारी मानसिक रूप से परेशान हैं। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने नगर प्रशासक से शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन लिया। उन्होंने निगम की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार वार्ता के बावजूद इस मुद्दे का न सुलझना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने अपील की कि किराया समाधान जैसी योजना लाकर समस्या का स्थाई समाधान किया जाए और दुकानदारों को मालिकाना हक प्रदान किया जाए, जिससे निगम को भी करोड़ों रूपये राजस्व प्राप्त होंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि 15 दिनों में निगम द्वारा इस मामले में तत्परता नहीं दिखाई गई, तो व्यापारी निगम की कार्यप्रणाली के विरुद्ध आंदोलन को विवश होंगे। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, नगर निगम किरायेदार संघ के सचिव शंकर झा समेत अन्य व्यापारी उपस्थित थे।



आज / कल




# लायंस क्लब ऑफ रांची ने अपना घर आश्रम में निराश्रितों को कराया भोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) में बुधवार को विश्व सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब ऑफ रांची ने आश्रम में रह रहे 40 मंदबुद्धि, दिव्यांगों, निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले 20 सेवादारों को भोजन कराया एवं सेवा सत्कार किया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ रांची के लॉयन बीके गद्ययान, सोना गद्ययान, अध्यक्ष दिलीप बंका, बीना बंका, सुजाता गाड़ोदिया, डॉ प्रदीप कुमार, विजय कुमार पांडे, एसएस शर्मा, मनोज महेश्वरी, निर्मल मानपुरिया आदि उपस्थित थे।




इस अवसर पर अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। आश्रम में चल रहे सेवा कार्यों को समाज के हर वर्ग का सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

जनसंपर्क के नए अध्याय की भव्य शुरुआत

# सीसीएल में 'नेशनल पीआर कॉन्क्लेव–2025' का भव्य शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर में आज "नेशनल पीआर कॉन्क्लेव–2025" का भव्य शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन), सीआईएल विनय रंजन, फिल्म निर्माता एवं एड गुरू प्रह्लाद कक्कड़, वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, ईसीएल के सीएमडी सतीश झा सहित कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के अधिकारी और देशभर के जनसंपर्क विशेषज्ञ, मीडिया प्रतिनिधि, विज्ञापन जगत के दिग्गज उपस्थित रहे।उद्घाटन सत्र की शुरुआत अतिथियों का स्वागत, पुष्पगुच्छ और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, इसके बाद बच्चों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई और सीसी एवं पीआर विभाग की ओर से पब्लिक रिलेशन के बदलते स्वरूप पर आधारित फिल्म "खामोश" दिखाई गई। मुख्य अतिथि विनय रंजन ने कहा कि यह आयोजन पूरे कोल इंडिया के लिए गर्व का विषय है और नकारात्मक खबरों का मुकाबला सकारात्मक खबरों से करने की रणनीति अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने सीसीएल और झारखंड सरकार की संयुक्त पहल से चलाए जा रहे जेएसएसएसपी का भी उल्लेख किया।



ईसीएल के सीएमडी सतीश झा ने पीआर और विज्ञापन के बीच अंतर बताते हुए कहा कि केवल रिश्ता बनाना ही नहीं बल्कि विश्वास स्थापित करना भी महत्वपूर्ण है। सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि सफलता साझेदारी और संवाद पर आधारित है, खासकर एआई युग में सूचनाओं का प्रभावी आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि प्रह्लाद कक्कड़ ने युवाओं को संगठन के निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि पीआर संस्था और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। पूर्व प्रेस सलाहकार अजय कुमार सिंह ने जनसंपर्क को सूचना प्रसारण से अधिक समाज और संस्थान के बीच विश्वास स्थापित करने वाला माध्यम बताया।

इंडियन हेबिटेट सेंटर के निदेशक के. जी. सुरेश ने आधुनिक पीआर में तेज और जिम्मेदार प्रतिक्रिया की आवश्यकता बताई। आईआईएमसी की विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. सुरभि दहिया ने टारगेट ऑडियंस और इंडस्ट्री सोर्सेज के महत्व पर बल दिया, जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के मास कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष देव व्रत सिंह ने छात्रों को जनसंपर्क और संचार क्षेत्र में अवसरों की जानकारी दी। सीसी एवं पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि यह कॉनक्लेव विचारों का संगम होने के साथ ही जनसंपर्क क्षेत्र में नई दिशा और दृष्टि प्रदान करने वाला मील का पत्थर साबित होगा। रांची के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की सराहना की और आधुनिक पीआर विधा के बारे में ज्ञान प्राप्त करने की बात कही, जिसे वे अपने भविष्य के करियर में उपयोग करेंगे।




### दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का हुआ उद्घाटन

# जतरा खूंटा पूजन के साथ हुआ शुरू बाबूलाल मरांडी व मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की हुईं शामिल

नवीन मेल संवाददाता

- जतरा को और आगे बढ़ाने के लिए जो भी जरूरत होगी सरकार उसे पूरा करेगी। हमारी संस्कृति 65000 साल पुराना है और हमें गर्व है कि आज तक हमारी संस्कृति अक्षुण्ण बने हुआ है



**मांडर ।** मांडर में दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का उद्घाटन बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इस मौके पर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और सांसद सुखदेव भारत भी मौजूद थे। मंच में सभी अतिथियों को सरना गमछा ओढ़ाकर और पुष्प गुछ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए श्री मरांडी ने कहा कि हमारे झारखंड में बहुत सारी जनजातिया है लेकिन सबका रहन सहन आदिवासी संस्कृति ही है। संस्कृति को अपनाना और बचाना हमारा कर्तव्य है। ये जतरा दिन ब दिन और विकास करता जाएगा। मेला की भव्यता बढ़ती जाएगी। वहीं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यात्रा हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें मिलकर अपनी सांस्कृतिक विरासत हो बचाए रखना है। जतरा को और आगे बढ़ाने के लिए जो भी जरूरत होगी सरकार उसे पूरा करेगी। हमारी संस्कृति 65000 साल पुराना है और हमें गर्व है कि आज तक हमारी संस्कृति अक्षुण्ण बने हुआ है। वही लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने भी अपने संबोधन में कहा कि हमें हमारी संस्कृति पर गर्व है आदिवासी संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है। मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। करीब साढ़े नौ सौ पुलिस बल और एक सौ पचास अधिकारी मेला के सफल संचालन में लगे हुए है। वहीं स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम लगी हुई है। इस ऐतिहासिक जतरा में झारखंड के साथ साथ बाहर से भी स्टॉल लगानेवाले व्यापारी आते हैं। जतरा स्थल में मनोरंजन के खूब साधन मौजूद है। यहां पर बंगाल से आए मछली फसाने के जाल की दुकान काफी संख्या में मौजूद है। वही लोहे के पारंपरिक हथियार वाले दुकानों की भी भीड़ काफी है। कंबल के बड़े बड़े दुकान भी मौजूद हैं। खेल तमाशा, मौत का कुआं, डांसिंग झूला समेत मनोरंजन के बहुत सारे साधन उपलब्ध है। वहीं जगह-जगह मेला की मिठाई कहे जाने वाले गन्ना (केतारी) की दुकान भी काफी तादाद में है। इस बार लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी देते हुए धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि विधिवत रूप से आज बुधवार को दो दिवसीय मुड़मा जतरा का शुरुआत किया गया। कार्यक्रम में जगराम उरांव, संजय उरांव, निर्मला भगत, सन्नी टोप्पो, भौवा उरांव, भूपेश कुमार, सुनील उरांव, शहदेव उरांव, वीरेंद्र उरांव, कमले उरांव ,जिला परिषद एतवारी उरांव, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील उरांव, अनिल उरांव, करमा उरांव, जतरू उरांव, व बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, नेपाल से आये हुए पाहान सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में सब्जी लेकर लौट रही महिला से चेन की छिनतई मामला दर्ज

**बेड़ो।** रांची शहर के बाद चेन छिनतई का मामला धीरे-धीरे ग्रामीण थाना क्षेत्र तक पहुंच गया है। एक ऐसा ही मामला बेड़ो थाना क्षेत्र के तेतरटोली में हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईटकी प्रखंड की महिला वर्तमान में बेड़ो के तेतरटोली फौजी कॉलोनी निवासी इली उराईन पति स्वर्गीय डमरु उरांव सोमवार की शाम करीब छह बजे के आसपास बेडो. के साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीद कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान फौजी कॉलोनी सड़क पर तीन बाइक सवार युवकों ने महिला इली उराईन के गले में पहने सोने के चैन को झपटकर अपने साथ लेकर फरार हो गए। उक्त सोने के चेन को महिला ने वर्ष 2005 में 20 हजार रुपए की राशि से खरीदी थी। इधर पीड़ित महिला ने बेड़ो थाने में बुधवार को लिखित आवेदन दिया। वहीं बेड़ो थाना पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है।



बेड़ो में रिहर्सल के दौरान मौजूद कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं एवं अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह एवं बीपीओ विकास भूषण।

### रोहिणी में इनमोसा का 70वां स्थापना दिवस मनाया गया

# खदान सुरक्षा और कामगारों के अधिकारों को मजबूत करने का लिया गया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल एनके क्षेत्र के रोहिणी क्लब में बुधवार को इंडियन माइनिंग आफिसर्स एसोसिएशन (इनमोसा) का 70वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष रवीन्द्र बैठा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इनमोसा के सीसीएल उप महामंत्री सुधीरकुमार सिंह और संगठन महामंत्री संजय सिन्हा उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए सुधीरकुमार सिंह ने कहा कि इनमोसा की स्थापना वर्ष 1956 में संस्थापक जेके बनर्जी द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि जेके बनर्जी की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज माइनिंग स्टाफ सुरक्षित वातावरण में कार्य कर रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी सदस्यों ने खदान सुरक्षा, सुरक्षित खनन और स्वयं की सुरक्षा के साथ कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि इनमोसा हमेशा से माइनिंग स्टाफ के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है, और इसे और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। समारोह के अंत में उपस्थित सदस्यों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। संचालन एरिया सचिव उमाकांत सिंह ने किया। इस अवसर पर सह सचिव धीरजकुमार सिंह, आनंद पांडेय, राकेश कुमार, श्रीकांत उरांव, हरेंद्र कुमार, विजय कुमार, महेंद्र यादव, आरएस परिहार, संतोष उरांव, अंकित, नेपाल सिंह, जगना उरांव, अर्जुन उरांव, नवीनचंद महतो, शैलेश अगरिया, नरेश प्रसाद, सोमा उरांव, सुभाष प्रसाद, पवन प्रसाद, उमेश कुमार, महेश्वर सोरेन, जितेंद्र प्रसाद, राहुल उरांव, आशुतोष पाठक सहित अन्य माइनिंग स्टाफ उपस्थित थे।

### लोकनायक की पुण्यतिथि पर रांची में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जेपी के सपनों को पूरा करने के लिए सतत कार्यशील हैं प्रधानमंत्री मोदी : उषा पांडे

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में जेपी विचार मंच के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार मल्लिक की अध्यक्षता में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर बारियातू स्थित आवासीय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपने संबोधन में सतेन्द्र कुमार मल्लिक ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण आजीवन लोकहित से जुड़े सभी मुद्दों पर कार्य करते रहे और उनका जीवन लोकतंत्र के आदर्शों के पालन की सर्वोच्च प्राथमिकता था। समाज कल्याण बोर्ड झारखंड की पूर्व अध्यक्ष उषा पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेपी के सपनों को पूरा करने के लिए सतत कार्यशील हैं। चौहत्तर चेतना मंच के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि जेपी संपूर्ण क्रांति चाहते थे और जीवन में नैतिकता अपनाने पर जोर देते थे। जेपी विचार मंच के प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जेपी का जीवन अनुकरणीय था और उनके जीवन में "कथनी और करनी" में अद्भुत सामंजस्य ही उन्हें लोकनायक बनाता है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रेमी मित्तल ने कहा कि लोकनायक के आदर्शों पर चलना ही उनकी पुण्यतिथि पर सच्ची श्रद्धांजलि है। जनता दल यूनाइटेड झारखंड के महासचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित होकर उन्हें लोकनायक जयप्रकाश नारायण के अनुयायियों से प्रेरणा मिली और आने वाले दिनों में इस पर जन आंदोलन किया जाएगा। सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता लक्ष्मी शंकर ने जेपी से प्राप्त व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि जेपी चाहते थे कि लोकशक्ति तभी मजबूत हो सकती है जब लोगों के अंदर कर्तव्य बोध हो। इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड के नेता मनोज कुमार, प्रेम कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## आज और कल पंचायत सचिवालय में लगेंगे आपदा शिविर

**बरही ।** उपायुक्त के निर्देशानुसार भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान को लेकर आज और कल प्रखंड के पंचायत सचिवालय में विशेष आपदा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में अंचलाधिकारी कुणाल चंद्रशेखर ने पत्र जारी कर सभी मुखिया, वार्ड सदस्य और पंचायत सचिव और राजस्व कर्मचारी को शिविर आयोजन का निर्देश दिया है. जारी पत्र के अनुसार रानीचुआ, धनवार, करियातपुर, बरसोत, भंडारो, कोल्हुआ कला, दुलमहा, मलकोको, डपोक और विजैया में आज गुरुवार को तथा खोड़ाहर, केदारुत, करसो, गौरिया करमा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, रसोईया धमना, कोनरा, बेंदगी और बसरिया उर्फ पंचमाधव में शुक्रवार को शिविर लगाए जायेंगे. शिविर पूर्वाहन 10 बजे से प्रारंभ होगा. जिसमे राजस्व कर्मचारी और पंचायत सचिव क्षति का आकलन प्राप्त कर अंचल कार्यालय को उपलब्ध करवाएंगे. इस संबंध में सीओ से सभी जन प्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों को पीड़ित व्यक्ति को शिविर में उपस्थित करवाने की अपील किया है.

### जनता उच्च विद्यालय खलारी में बाल संसद का गठन

## प्रधानमंत्री बने सतीश कुमार उप प्रधानमंत्री बनी मानसी कुमारी



**खलारी।** राजकीय जनता उच्च विद्यालय 10+2, खलारी में बुधवार को बाल संसद का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों की आमसभा आयोजित हुई। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल संसद के सदस्यों का चयन किया गया। कक्षा 11वीं (विज्ञान) के छात्र सतीश कुमार को बाल संसद का प्रधानमंत्री चुना गया, जबकि कला संकाय की छात्रा मानसी कुमारी को उप प्रधानमंत्री का दायित्व मिला। इसके अलावा खुशी कुमारी को शिक्षा मंत्री, दीपिका कुमारी को उप शिक्षा मंत्री, श्वेता कुमारी को स्वास्थ्य मंत्री और नीलू कुमारी को उप स्वास्थ्य मंत्री चुना गया। आयुष को सुरक्षा एवं न्याय मंत्री, आशा कुमारी को उप सुरक्षा एवं न्याय मंत्री, पूजा कुमारी को उपस्थिति मंत्री, प्रकाश मुंडा को उप उपस्थिति मंत्री, कुमकुम व प्रेम कुमार को खेल मंत्री तथा मानव एक्का को उप खेल मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। सावरी चौहान को सांस्कृतिक मंत्री, अंकिता कुमारी सरकार को उप सांस्कृतिक मंत्री, दिना कुमारी को पुस्तकालय मंत्री, तहसीन खान को उप पुस्तकालय मंत्री, राहत फातमा को जल मंत्री, चंदन कुमार को उप जल मंत्री बनाया गया। पिंकी कुमारी अनुशासन मंत्री और दिलशान अंसारी उप अनुशासन मंत्री बने।

### रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश | फर्जी नक्सली सरेंडर मामला

# हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

- इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के गृह सचिव को युवाओं के सरेंडर संबंधी तथ्यों पर सीलबंद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को आदिवासी युवाओं को नक्सली बताकर फर्जी सरेंडर कराए जाने से जुड़े मामले की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 20 नवंबर तय की है। यह जनहित याचिका झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स की ओर से दाखिल की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि झारखंड के 514 युवाओं को फर्जी तौर पर नक्सली घोषित कर उनका सरेंडर कराया गया, ताकि कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपनी उपलब्धि दिखा सकें और केंद्रीय गृह मंत्री के समक्ष पुरस्कार प्राप्त कर सकें। याचिका में यह भी कहा गया है कि युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने का लालच दिया गया था। इसके लिए राज्य सरकार के खजाने से करोड़ों रुपए खर्च किए गए। पूर्व में इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के गृह सचिव को युवाओं के सरेंडर संबंधी तथ्यों पर सीलबंद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह भी पूछा था कि क्या जिन युवाओं को नक्सली बताकर सरेंडर कराया गया, उन्हें वास्तव में रांची के पुराने जेल परिसर में प्रशिक्षण दिलाया गया था और यदि हां, तो क्या वह प्रशिक्षण कानूनी रूप से वैध था? इस कथित फर्जी सरेंडर प्रकरण में दिग्दर्शन कोचिंग इंस्टीट्यूट का नाम सामने आया था। आरोप है कि इस संस्थान ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से 514 छात्रों को नक्सली घोषित कर सरेंडर कराया। पुलिस की आंतरिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, इन युवाओं में से केवल 10 के ही नक्सली गतिविधियों से संबंध पाए गए।

## युवा कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का हजारीबाग दौरा

**हजारीबाग।** युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति बुधवार को हजारीबाग जिले के दौरे पर रही। इस दौरान उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने समिति के सभापति सविता महतो से शिष्टाचार भेंट की। स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित बैठक में समिति के सभापति सविता महतो एवं सदस्य रागिनी सिंह ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ विभागवार समीक्षा की। बैठक में समिति ने सभी विभागों से सरकार की ओर से संचालित युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली एवं अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### नौकरी के दौरान मृत्यु के बाद भी तीन चौकीदारों के आश्रितों को नहीं मिला अनुकंपा का लाभ

**चान्हो।** नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद भी अनुकंपा का लाभ नहीं मिलने को लेकर चान्हो के तीन चौकीदारों के आश्रित परिवार के सदस्यों ने रांची के उपायुक्त को आवेदन देकर गुहार लगाई है. रांची जिला चौकीदार संघ के सदस्य शिवचरण लोहरा की नेतृत्व में आश्रित परिवार के सदस्यों ने सोमवार को रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात कर उन्हें आवेदन दिया है. उपायुक्त को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि चान्हों प्रखंड के चोडा मुड़कम डंगरा पतरा के रहने वाले चौकीदार विश्वनाथ महली का 5 सितंबर 2021 को, बड़ा हुटार निवासी लिट्टू अहीर का 25 जनवरी 2022 को तथा रानीचांचो के हरखू गोप का 22 मार्च 2024 को निधन हो गया था.इसके बाद मृत चौकीदारों के आश्रित परिवार के सदस्यों द्वारा अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी की गयी है. इसके बाद भी अभी तक मृत चौकीदारों के आश्रित सदस्यों को नियुक्ति को लेकर प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है. और उनके क्षेत्र में अभी दूसरे चौकीदारों की नियुक्ति कर दी गई है. जिससे आश्रित परिवार के लोग परेशान हैं. उन्होंने उपायुक्त से अनुकंपा के आधार पर आश्रित परिवार के सदस्यों को शीघ्र नौकरी देने के लिए पहल करने की गुहार लगाई है.

### ग्राम सभा कर लोगों ने अफीम की खेती नहीं करने की ली शपथ




**सरायकेला-खरसावां।** पुलिस द्वारा वर्तमान फ़सलीय वर्ष में जिलांतर्गत अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने हेतु प्री कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है।इस अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से अफीम की अवैध खेती की रोकथाम तथा वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु आमजन को जागरूक किया जाएगा । इस अभियान के तहत बुधवार को खरसावां थाना अन्तर्गत रायजामा गांव में कुचाई थाना अन्तर्गत चम्पद गांव में, दलभंगा ओपी बिजार गांव में ग्राम सभा कर स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुंडा/ मानकी, ग्राम प्रधान और लोगों के बीच अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को स्थानीय भाषा में अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा ग्राम सभा के दौरान गांव के ग्राम प्रधान,मानकी-मुंडा एवं स्थानीय मुखिया के द्वारा लोगो को अफीम की खेती नही करने का शपथ दिलाया गया। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने के लिए चलाया जा रहा प्री कल्टीवेशन ड्राइव अभियान




**खूंटी।** खूंटी पुलिस द्वारा वर्तमान फ़सलीय वर्ष में जिलांतर्गत अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने के लिए प्री कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से अफीम की अवैध खेती की रोकथाम तथा वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के तहत आज दिनांक 08.10.2025 को अड़की थाना अन्तर्गत हेमरोम बाजार ,कर्रा थाना अन्तर्गत सोनमेर मेला तथा रनिया थाना अन्तर्गत गड़सिदाम इंद मेला मे अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित थाना प्रभारी / पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने एक विक्षिप्त व्यक्ति को किया परिजनों के हवाले



**मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने ऑपरेशन सतर्कता के तहत उत्कृष्ट सेवा का परिचय देते हुए टाटीसिल्वे लालगंज निवासी चंदन कुमार (29) को उसके परिजनों के हवाले सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्षिप्त व्यक्ति चंदन कुमार बुधवार के दिन सुबह में टाटीसिलवे स्टेशन के समीप गाड़ी संख्या 20898 एक्सप्रेस ट्रेन के आगे रेलवे पटरी पर सो गया था। सूचना मिलते ही ड्राइवर की सतर्कता एवं सूझबूझ से ट्रेन को रोका गया तथा रेलवे सुरक्षा बल स्काट पार्टी के द्वारा उक्त व्यक्ति को पटरी से हटाकर उसी ट्रेन से रेलवे सुरक्षा बल थाना मुरी लाया गया। तत्पश्चात सूचना मिलते ही उक्त व्यक्ति के परिजन रेल थाना मुरी पहुंचे और पुलिस को बताया कि चंदन कुमार का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और इसकी इलाज कांके रांची अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने पूरी जांच पड़ताल करने के बाद उक्त व्यक्ति को उसके परिजनों को सौंप दिया। मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार आरक्षी सत्यानंद भोक्ता शुभम कुमार एवं परिजन मौजूद रहे।

### संगठित मजदूरों पर दर्ज मुकदमा वापस ले प्रबंधन : अब्दुल्ला अंसारी

**खलारी।** सीसीएल एनके क्षेत्र के असंगठित मजदूरों की एक महत्वपूर्ण बैठक डकरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने की। बैठक में पुरनाडीह परियोजना प्रबंधन द्वारा संगठित मजदूरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किए जाने का तीखा विरोध किया गया। मालूम हो कि 14 सितंबर से कामगार संडे और पीएचडी अवकाश की सुविधा की मांग को लेकर सामूहिक अवकाश पर थे। तीन रविवार तक अवकाश के बाद 1 अक्टूबर को प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच समझौता हुआ था कि कामगारों को बारी-बारी से संडे और पीएचडी अवकाश की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद कार्य सामान्य रूप से शुरू भी हुआ, परंतु 6 अक्टूबर को प्रबंधन ने पांच कामगारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। बैठक में अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि संडे और पीएचडी अवकाश की मांग जायज थी।

### एसपी ने की मासिक अपराध पर समीक्षात्मक बैठक

# आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने व त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** एसपी अंजनी अंजन ने मासिक अपराध समीक्षात्मक गोष्ठी किया. जिसमें सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को जिले में अपराध रोकने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए. एसपी ने महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया. वर्ष 2025 के पूर्व जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादन के आदेश दिए. इसके साथ हीं जिले के सभी थानों के जमानती व गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के लंबित मामले को विशेष अभियान चलाकर निष्पादन करने, सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने, नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने, संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए एवं एनएसए के तहत कार्रवाई और अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने के निर्देश दिए. इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी व जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करने की बात कही. उन्होंने सभी थाना प्रभारी को साइबर से संबंधित जितने भी कांड लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए उसमें शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और अपने थानों में आम पब्लिक की समस्याओं को गंभीरता से सुनने व त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए.

## विहिप जिला कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई



**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला कार्यालय में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष अतुलेश सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के लोग आमंत्रित थे। महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर एक-एक कर सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि विश्व के पहले कवि हैं। महर्षि वाल्मीकि 64 विद्या के ज्ञाता तथा श्रेष्ठ कुलोत्पन्न थे। रामायण महाकाव्य के वे रचनाकार हैं। रामायण के कारण ही भगवान श्रीराम के उदात्त, प्रेरक चरित्र की जानकारी हम सभी को प्राप्त हुई। सारे विश्व में रामायण का असीम, अमिट प्रभाव है। महर्षि वाल्मीकि आश्रम में सीता माता रहीं। वही लव-कुश का जन्म हुआ। उन्हें संस्कारित, प्रशिक्षित करने का कार्य महर्षि वाल्मीकि ने किया। लव कुश श्रीराम की सारी सेना को परास्त किया। वहीं प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा महर्षि वाल्मीकि एक जाति के नहीं, बल्कि सारे हिन्दू समाज के श्रद्धा केन्द्र हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बरकट्ठा में दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त एक चालक गिरफ्तार



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बरकट्ठाडीह के पास पुलिस ने छापेमारी कर दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने को लेकर यह कार्रवाई की गई।इस संबंध में बरकट्ठा थाना कांड सं0-131/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने ब्लू रंग का न्यू हॉलैंड कंपनी का एक ट्रैक्टर जब्त करते हुए उसके चालक दीपक यादव उम्र 22 वर्ष पिता लक्ष्मण यादव, ग्राम जतघघरा थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि अवैध खनन और बालू परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे कार्यों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस बाबत एक ट्रैक्टर चालक दीपक यादव ने बताया कि पुलिस के द्वारा उसी ट्रैक्टर को पकड़ा जाता है जिसका थाना में इंट्री नहीं होता है। जिस ट्रैक्टर का इंट्री होता है वह बड़े आराम से अवैध बालू ढो सकता है।

### काली पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक सर्वसम्मति से मोनू मंडल बने अध्यक्ष



**बरकट्ठा।** बाजार स्थित काली मंदिर में काली पूजा मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीरेंद्र सोनी ने की। जबकि संचालन महेंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मोनू मंडल को अध्यक्ष चुना गया। वही सचिव बिट्टू मोदी उर्फ राहुल, उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता उर्फ पप्पू, उप सचिव बजरंगी साव, कोषाध्यक्ष मुकेश मंडल, उप कोषाध्यक्ष अजय राणा, व्यवस्थापक सचिन यादव को बनाया गया। संरक्षक में वीरेंद्र सोनी महेंद्र प्रसाद संजय गुप्ता विजय यादव सुनील कुमार पंकज मोदी अनिल मोदी सुरेश राम विमलेश मुंडा अखिलेश कुमार दिलीप सोनी निरंजन सोनी अशोक गुप्ता रामचंद्र चौधरी उमेश सोनी मथुरा सोनी समेत अन्य लोग बने। वही कार्यकारिणी में उमेश ठाकुर, विक्की कुमार, नरेश मंडल, गुड्डू गुप्ता, सुजीत विश्वकर्मा, पप्पू सोनी, प्रमोद ठाकुर, विजय यादव, सूरज मोदी, शंभू यादव, प्रकाश ठाकुर, प्रदीप सिंह, मनोज मुंडा, सुनील मोदी, उपेंद्र सिंह, संतोष सिंह समेत अन्य लोगों को बनाया गया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मनाई गई



**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के रामगढ़ जिला अध्यक्ष केवल पासवान के आवासीय कार्यालय में 8 अक्टूबर 2025 को लोक जनशक्ति पार्टी एवं दलित सेना के संस्थापक पदम भूषण से सम्मानित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष केवल पासवान एवं जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर लोजपा जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामविलास पासवान भारतीय राजनीतिक के एक ऐसे चमकते सितारे थे, जिन्होंने दलित, पिछड़े और वंचित अल्पसंख्यक वर्गों की आवाज को संसद के उच्चतम मंच तक पहुंचाया। वे एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय, सामनता और विकास के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन हमें यह सीखता है की सच्ची नेतत्व क्षमता जाति, वर्ग और सीमा की मोहताज नहीं होती है। वे एक ऐसे नेता थे जो सभी दलों के बीच सम्मानित थे और हर सरकार में जनहित और दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के मुद्दों को मजबूती से रखते थे। जिलाध्यक्ष ने कहा की हम रामगढ़ जिला के कार्यकर्ता भारत सरकार से यह मांग करते है कि लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

### सीसीएल में 39वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता का शुभारंभ



**रामगढ़।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के खान बचाव केंद्र, रामगढ़ में आज 39वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन निदेशक (खान सुरक्षा)अजीत कुमार ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 13 टीमों ने रेस्क्यू रिले रेस एवं थ्योरी टेस्ट में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खनन कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना और खान बचाव दलों की दक्षता एवं तत्परता को परखना है। आगामी 9 अक्टूबर को मार्च पास्ट, फर्स्ट एड तथा स्टेचुटरी टेस्ट का आयोजन खान बचाव केंद्र, रामगढ़ में किया जाएगा, जबकि रेस्क्यू रिकवरी प्रतिस्पर्धा का आयोजन भुरकुंडा अंडरग्राउंड माइंस में होगा। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 10 अक्टूबर को रांची में आयोजित किया जाएगा। निर्णायक मंडल में खान सुरक्षा निदेशालय, रांची से आए वरिष्ठ अधिकारी —अजास मोहम्मद, पी. एच. राव एवं श्री मलय जेना शामिल हैं, जो प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन कर रहे हैं। यह आयोजन महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), सीसीएल बिनोद कुमार के मार्गदर्शन में अधीक्षक (बचाव सेवा) विकास कुमार एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

### इफको के तत्वावधान में किसान गोष्ठी का आयोजन

## जैविक खाद व नैनो यूरिया के उपयोग से पैदावार बढ़ाने का बताया नुस्खा



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड हजारीबाग शाखा के तत्वावधान में बेलकप्पी पैक्स अध्यक्ष संजय साव के नेतृत्व में बंडासिंग़ा मोड़ स्थित साहू कृषि केंद्र में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इफ़को कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित आनंद एवं इफको के क्षेत्रीय सहायक विजय कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए नैनो यूरिया व जैविक और को कितना उपयोग में लाना है, किसानों के हित में फर्टिलाइजर संबंधित बातों का विस्तार पूर्वक बताया गया। इससे किसानों की पैदावार बढ़ेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेलकप्पी पंचायत समिति सदस्य विनीता कुमारी, बेलकप्पी पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार साव, शंकर साव, रवि गोस्वामी, छोटी नायक, टहल साव, छोटी साव, रेवा नायक, किशुन राणा, नारायणा राणा, चिंता देवी, रेखा देवी, अनवर हुसैन सहित 50 किसान मौजूद रहें।

### जिला स्तरीय पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 पर कार्यशाला का आयोजन

# डीडीसी ने कार्यों की रैंकिंग डेटाबेस में अपडेट करने का दिया निर्देश

- कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को सूचकांक के मानकों से अवगत कराया गया

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** समाहरणालय परिसर स्थित टाउन हॉल में बुधवार को पंचायती राज विभाग द्वारा उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह द्वारा उप विकास आयुक्त सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को पौधा एवं शॉल देकर स्वागत किया गया साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को सूचकांक के मानकों से अवगत कराया गया साथ ही पंचायतों के समग्र विकास की दिशा में कार्य योजना की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने पंचायत उन्नति सूचकांक प्रशिक्षण शिविर में आए सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव सहित अन्य को दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण को अच्छे से समझ कर अपने-अपने पंचायत में पंचायत स्तर पर हो रही कार्यों की रैंकिंग डेटाबेस में अपडेट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पंचायत स्तरीय कार्यों को गंभीरता से लेने की बात कही वही उन्होंने मुखिया पंचायत सचिव जन प्रतिनिधियों को अपने कार्यों से पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए कार्य योजना तैयार करें साथ ही बेहतर कार्यों को पोर्टल में अपलोड करें। कार्यशाला के दौरान ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक पंचायतों की प्रगति और कार्यक्षमता मापने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर और ज़िला परियोजना प्रबंधक रामगढ़ चंचल लिंडा द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मुखिया, पंचायत सचिव सहित अन्य को सूचकांक 2.0 की कार्यप्रणाली, डेटा संकलन एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारियो जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत सचिव सहित सभी प्रखंडों के जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## घरेलू कलह से प्रवासी मजदूर की मुंबई में हुई मौत



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरकनगांगों के प्रवासी मजदूर की मुम्बई के चेंबूर में मौत हो गई। प्रवासी मजदूर मनोज पासवान पिता श्रीधरन पासवान मुंबई के चेंबूर में रहकर कार्य करता था। घरेलू कलह से मनोज पासवान मंगलवार को खुदखुशी कर लिया। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हैं। साथ ही घटना की जानकारी झारखंडी एकता संघ को शव घर भेजने के लिए गुहार लगा रहे हैं। शव मुंबई के घाटकोपर राजा हॉस्पिटल में शव रखा गया है।

### प्रखंड सभागार में त्रैमासिक प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की हुई बैठक

**बड़कागांव।** प्रखंड सभागार भवन में त्रैमासिक प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता एवं संचालन में किया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक किशोर कुमार ने सभी बैंकों से केसीसी ऋण एवं जेएलएसपीएस से संबंधित महिलाओं की कार्यक्रमों की जानकारी एवं समीक्षा की गई। साथ ही साथ छठ के बाद प्रखंड स्तर पर ऋण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उक्त ऋण शिविर में बैंकों की ओर से अधिक से अधिक किसानों को ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज गुप्ता, मनरेगा बीपीओ हीरो महतो, अरुण कुमार, जेएलएसपीएस बीपीएम रामप्रसाद, कृषक मित्र दिलेश्वर महतो, कुंवर महतो, गणेश साव, चिंतामणि महतो, बैंक अधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी पंचायत सेवक, सभी रोजगार सेवक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दो बच्चों की लड़ाई दुश्मनी में तब्दील

# एक बच्चे की मां ने 7 के विरुद्ध दर्ज कराया अपराधिक मामला

नवीन मेल संवाददाता




**बरही।** दो बच्चों की लड़ाई दुश्मनी में बदल गई. बात इतनी बढ़ गई कि मामला प्राथमिकी तक जा पहुंचा. मामला बरही प्रखंड के गुड़ियों गांव की है. दयामती देवी पति संजय रविदास ने अपने ही पड़ोसी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए बरही थाना में आवेदन दिया है. आवेदन के आधार पर पुलिस कांड संख्या 375/25 दर्ज कर अग्रेतर कारवाई प्रारंभ कर दी है. प्राथमिकी में संलग्न आवेदन के अनुसार बीते शनिवार संध्या 6 बजे शिकायतकर्ता के 11 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार और पड़ोसी प्रदीप रविदास का 10 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार घर के बाहर खेल रहा था. इसी क्रम में दोनो आपस में लड़ने लगे. हो हल्ला सुनकर दोनो के अभिभावक घर से बाहर आए और झगड़ा छुड़ाकर दोनों को अपने-अपने घर ले गए. शिकायतकर्ता का आरोप है कि रात्रि 8 बजे नशे में प्रिंस के चाचा उमेश रविदास व उसका पड़ोसी रामेश्वर राम उसके घर आकर गाली-गलौज करते हुए उसका गला दबाने लगा. किसी प्रकार वह छुड़ाकर भागने लगी. परंतु दोनो उसका साड़ी पकड़कर दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने लगे. हो हल्ला सुनकर उनके पति भी पहुंचे और उसे छुड़ाने का प्रयास किया. इसी क्रम में आरोपी उमेश रविदास घर के गेट से टकराकर चोटिल हो गया. तब तक आरोपी की पत्नी सुनीता देवी, उसकी गोतिनी गुड़िया देवी, सुकरी देवी और पड़ोसी राजेश्वर राम की मां ननकी देवी भी पहुंच गई और सभी कोई मिलकर उनलोगों को गाली गलौज देते हुए मार पीट करने का काम किया. मामले के संबंध में दूसरे पक्ष से संपर्क नही होने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका है.

### भूमि घोटाले के आरोपी विनय सिंह के एसएमएस ने जेल की खोली पोल



**हजारीबाग।** हजारीबाग में भुमि घोटाले के आरोपी नेक्सजेन शो रुम के संचालक विनय कुमार सिंह ने एसएमएस कर लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में खाना और कुव्यवस्था की जानकारी जब सरकार को दी। लेकिन उसकी यह हरकत काफी महंगी पड़ गई। जहां जेल में चल रहे मोबाइल नेटवर्क का पर्दाफाश हो गया। वहीं राज्य मुख्यालय तक जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा हो गये।फिर सरकार रेस हो गई और जेल में अचानक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में पिछले दो दिनों से अचानक सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जेल का मुख्य गेट बंद कर दिया गया है। पहले जिला प्रशासन फिर जेल सुरक्षा जैसे दोहरी सुरक्षा के बीच मुलाकातियों का आना-जाना हो गया हैं। जेल की सुरक्षा व्यवस्था से पहले जिला प्रशासन ने जेल के बाहर सुरक्षा को लेकर अलग से अस्थाई कैंप स्थापित कर दिया है। जेल के अंदर जाने वाले हर मुलाकातियों की जांच की जा रही है। वही जेल के हर छोटे बड़े अधिकारियों की तलाशी लेकर अंदर जाने दिया जा रहा है। मजिस्ट्रेट की निगरानी मे सभी का मोबाइल सीज कर कैंप में लिया जा रहा है। खाना से लेकर हर जरूरत की चीजों की तलाशी ली जा रही है। मुलाकातियों से लेकर जेल के कर्मियों को कड़े सुरक्षा दौर से गुजर अंदर जाना पड़ रहा है।

**टेबल रिपोर्टिंग पर रोक** | डीडीसी ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# बीडीओ सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा निर्माण, आंगनबाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, पीडी जनरेशन, जियो टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस एवं जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन का उपयोग न हो यह सुनिश्चित करने तथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पदमा प्रखंड में योजनाओं की प्रगति पर विशेष बल देने एवं बीपीओ तथा रोजगार सेवकों को भी क्षेत्र भ्रमण कर कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए। पंचायत समिति के कार्यों में पिछड़े पंचायतों को चिन्हित कर उनकी प्रगति तेज करने पर जोर दिया गया। बैठक में जेएसएलपीएस, आदि कर्मयोगी अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, दीदीबाड़ी योजना, बिरसा कूप सिंचाई योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। सभी अधिकारियों को गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने, पीडी जनरेशन तथा वर्मी कम्पोस्ट से संबंधित कार्यों में सक्रियता दिखाने को कहा गया। साथ ही मैटेरियल इशू, पुरानी योजनाओं में प्रगति बढ़ाने तथा पंचायती राज अंतर्गत सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए गए। सभी बीपीएम को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने एवं बीडीओ के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस, डीआरडीए निदेशक, डीपीआरओ, सभी बीडीओ, बीपीओ, बीपीएम एवं विभिन्न योजनाओं के समन्वयक सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## सिमडेगा में कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान शुरू

# भूषण बाड़ा की अध्यक्षता में कांग्रेस ने बनाई रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** कांग्रेस पार्टी ने वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को बड़े स्तर पर चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी जिला अध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा की अध्यक्षता में होटल अतिथि विहार में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के सभी विंग के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किए साथ ही अभियान की रूपरेखा, आने वाली रणनीतियाँ और जनसंपर्क कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की एवं सभी पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी पूर्ण सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। मौके पर जिलाध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि यह अभियान पार्टी की मजबूती और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे जनता तक संदेश पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ और भ्रष्टाचार तथा वोट की बेईमानी के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करें। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हर पदाधिकारी को अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता के प्रति ईमानदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। सभी को मिलकर यह संदेश देना होगा कि लोकतंत्र में वोट का मूल्य सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पार्टी की मजबूती और जनता के विश्वास को पुनः स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आज के इस बैठक में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रकोष्ट के अध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष ,मंडल अध्यक्ष एवम पंचायत कमिटि अध्यक्ष के द्वारा ली गयी जिला के सक्षम व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाने के लिए झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटि एवं केन्द्र नेतृत्व को धन्यवाद दिया गया ,एवम जिला कांग्रेस कमिटि को विस्तारित रूप देने के लिए नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को ही पूरी जिम्मेदारी दी गयी की जिला कांग्रेस कमिटि का गठन कर सके । आज के इसी बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखण्ड पर्यवेक्षक का गठन किया गया जिसमे सिमडेगा प्रखण्ड - मनोज जायसवाल , केरसई - सामरोम पॉल टोपनो , कुरडेग - लखन प्रसाद ,सिमडेगा नगर -मो अख्तर खान ,पाकरडांड़ - मो एजाज अहमद ,पालकोट- मो शकील अहमद बोलबा- बिपिन पंकज मिंज ,बांसजोर-मो कारु ठेठईटांगर -मो सम्मी आलम कोलेबिरा-मो जमीर खान (प्रिंस),जलडेगा - फुलकेरिया डांग बानो - सुरेश द्विवेदी । बैठक में कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,महिला जिला उपाध्यक्ष जोसिमा खाखा,ओबीसी जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन,सेवा दल संगठन जिला अध्यक्ष सामरोम पौल तोपनो, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम,प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा,प्रखंड अध्यक्ष सुशील गुड़िया,प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो,प्रखंड अध्यक्ष अजीत कंडुलना,प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता,प्रखंड अध्यक्ष नवीन बीरेंद्र तिर्की,केरसई मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार,कुरडेग मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस,विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, विधायक प्रतिनिधि, अख्तर खान, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, सांसद प्रतिनिधि मुंश खेस, सांसद प्रतिनिधि सुनील खरिया,विधायक प्रतिनिधि निरोज बड़ा,विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,जिला उपाध्यक्ष ज्वलंत बेक,मीडिया प्रभारी अरविंद लुगुन,प्रतिमा कुजूर, शोभेन तिग्गा, मुक्ता तिर्की,उर्मिला केरकेट्टा,युवा जिला अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह,उप प्रमुख सिलवेस्टर बघवार, लखन गुप्ता,मनोहर प्रसाद,डा इम्तियाज हुसैन,वारिश राजा,कौशल रोहिला, सुधु नायक,मंडल अध्यक्ष शमशेर अंसारी,नगर उपाध्यक्ष संजय तिर्की,मंडल अध्यक्ष अनिल डांग,मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो, आनंद हेरेंज,आलोक लकड़ा,अब्राहम केरकेट्टा, मारकुश कुजूर,विजय किंडो,क्लामेंट केरकेट्टा,डेविड आईंद, बिरंजन बड़ा,राकेश कोनगाड़ी,देवनिस कुंडलना,प्रभुदन केरकेट्टा,शमी खान,अजयदान कुजूर,सागर केरकेट्टा,संदीप तिग्गा,आशीष कुमार सिंह,शशि सोरेंग,भूषण राम,प्रदीप साहू,सुनील तिर्की, बरदान बारला, अनमोल टोपनो,सुनील सुरीन,मानीदल टोपनो,मनोज मिश्रा,बिहारी बड़ाइक सहित सभी विंग के सम्मानित पदाधिकारी मौजूद थे।

## आटो एवं ई-रिक्शा चालकों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला ने झारखंड सरकार के आदेश के अनुसार सभी आटो और ई-रिक्शा चालकों को सिमडेगा जिले में ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया कि केंद्रीय मोटर अधिनियम, 1988 की धारा 28(2) के तहत सभी आटो चालकों के लिए खाकी रंग और ई-रिक्शा चालकों के लिए नीला रंग का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। जिला परिवहन कार्यालय ने आदेश दिया है कि सभी चालकों को 15 अक्टूबर 2025 तक यह निर्धारित ड्रेस पहनकर ही वाहन चलाना होगा।जिला परिवहन पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी ऑटो या ई-रिक्शा चालक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ मोटर यान अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।संजय कुमार बखला ने आम जनता से भी अपील की कि वे वाहन चालकों से ड्रेस कोड का पालन कराने में सहयोग करें और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना और यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है।

## आईएसबी और फ़िया फाउंडेशन ग्रामीण उद्यमों को सशक्त बना रही



**नवीन मेल संवाददाता। बानो।** बानो प्रखंड के जामताई पंचायत के जरपोंडा गांव में ग्राम सभा अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं संशोधित नियम 2012 के अंतर्गत सामुदायिक वन अधिकार दावा पत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस अवसर पर फ़िया फाउंडेशन के पीआईपी विमल केरकेट्टा और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हैदराबाद बानो प्रखंड के फील्ड असिस्टेंट चंद्रकांता कुमारी उपस्थित थीं, जो एफआरए के कार्यान्वयन और वन अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने में ग्राम सभाओं की मदद कर रही हैं। आईएसबी के फील्ड असिस्टेंट चंद्रकांता कुमारी ने बताया कि आई एस बी ने सोना बुरु जंगल उत्पादक कंपनी के गठन में भी मदद कर रही है, जो महिलाओं के नेतृत्व वाला एक उद्यम है जो साल और करंज के बीज जैसे वन उत्पादों का विपणन कर रहा है और इसकी बिक्री से होने वाले मुनाफे को सीएफआरएमसी को उनके वन प्रबंधन गतिविधियों के लिए रॉयल्टी के रूप में वितरित कर रहा है। बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी शैलेश डुंगडुंग, पड़ोसी गांवों के लोग , एवं जरपोंडा ग्रामीण उपस्थित थे।

## ओबीसी छात्रवृत्ति के अधिकार को लेकर एनएसयूआई का आंदोलन प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



सिमडेगा। अनुसूचित पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति निधि जारी करने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने राज्यव्यापी आंदोलन के तहत बुधवार को सिमडेगा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यह पहल एनएसयूआई झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बिनय उरांव के निर्देश पर की गई ।कार्यक्रम का नेतृत्व रांची विश्वविद्यालय महासचिव असद इकराम ने किया, जबकि मार्गदर्शन विश्वविद्यालय अध्यक्ष कैफ़ अली ने दिया। ज्ञापन में केंद्र सरकार से यह मांग की गई कि वह ओबीसी छात्रवृत्ति का लंबित 60 प्रतिशत केंद्रीय अंश शीघ्र जारी करे ताकि राज्य सरकार के 40 प्रतिशत हिस्से के साथ मिलकर छात्रों को उनकी छात्रवृत्ति का लाभ समय पर मिल सके ।इससे पूर्व एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से भेंट की थी। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार अपना हिस्सा देने को तैयार है, परंतु केंद्र सरकार से फंड नहीं मिलने के कारण योजना बाधित है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे हजारों ओबीसी छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ।महासचिव असद इकराम ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को उनका हक दिलाना है ।वहीं सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा अध्यक्ष रोहन तिर्की ने कहा कि छात्रों की आवाज़ दबाई नहीं जा सकती, यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय नहीं मिलता ।इस मौके पर प्रशांत गुप्ता, अमित कुल्लू, सोनू प्रजापति, आर्यन कश्यप, रिचर्ड तिग्गा, अविनाश साहू, प्रियांशु कुमार, सौरभ कुमार, राजू कुमार, एडिसन मिंज, आशिष यादव और आशिष कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे। सभी ने संकल्प लिया कि जब तक ओबीसी छात्रों को उनका पूरा अधिकार नहीं मिलता, एनएसयूआई का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

## पुलिस ने यूएस मेड पिस्टल, जिंदा कारतूस और गांजा के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार की देर शाम यूएस मेड 09 एमएम पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और करीब 1.942 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान प्रदीप लोहरा एवं कृष्णा सिंह सोदे खूंटी निवासी और कृष्णा सिंह के रूप में की गई है ।पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा ने बुधवार को प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि कोलेबिरा थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह को गुप्त सूचना मिली थी कि श्रीकोण्डेकेरा-शिवनाथपुर रोड से लरबा की ओर एक सफेद बोलेरो वाहन में कुछ संदिग्ध युवक घूम रहे हैं, जिनके पास अवैध हथियार और गांजा हो सकता है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी के निर्देश में एडीपीओ बैजू उरांव, बानो अंचल के पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा, थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह, पु.अ.नि. टिंकु वर्मा, पु.अ.नि. बनबिहारी कुमार तथा सशस्त्र बलों की टीम गठित की गई ।टीम ने लरबा शिवनाथपुर मोड़ पर एन्टी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक सफेद बोलेरो रजिस्ट्रेशन संख्या JH01DV0381 पुलिस को देखकर भागने लगी, लेकिन मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। तलाशी में प्रदीप लोहरा के पास से एक काला पिस्टल (Made in USA N001), दो जिंदा कारतूस (KF 7.65 अंकित), ब्लू पर्स, आधार कार्ड, कॉलेज आईडी कार्ड और लगभग 1.942 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं, कृष्णा सिंह के पास से एक पर्स में 6,500 नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिले ।गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ कोलेबिरा थाना कांड संख्या-82/25 07अक्टूबर को धारा 20(बी)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट 1985 एवं धारा 25(1-बी)(ए)/26 आर्म्स एक्ट 1959 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया ।गौरतलब है कि गिरफ्तार आरोपी प्रदीप लोहरा ने कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर बानो थाना प्रभारी और सिमडेगा पुलिस के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद से वह पुलिस की निगरानी में था। पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और अपराध नियंत्रण के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट झलकती है।

## खेल और खिलाड़ियों की भूमि रही है सिमडेगा : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केउंडीह डोभापानी में शहीद स्व कार्लोस लकड़ा की स्मृति में आयोजित 5 दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच नानेसेरा बनाम कोबांग टोंगरटोली के बीच खेला गया। जिसमें पेनल्टी शूटआउट में नानेसेरा की टीम ने 5–4 से जीत दर्ज की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा थे। उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा और फादर तरसियुस टेटे मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक ने शहीद कार्लोस लकड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि सिमडेगा की धरती खेल और खिलाड़ियों की भूमि रही है। यहां का हर बच्चा हॉकी के साथ जन्म लेता है। शहीद कार्लोस लकड़ा जैसे खिलाड़ियों ने इस धरती को पहचान दी और हमें उनके सपनों को आगे बढ़ाना है। खेल न सिर्फ अनुशासन सिखाता है, बल्कि एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करता है। सरकार खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



### बच्चों को मोबाइल से करें दूर और मैदान के लाएं करीब: जोसिमा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि खेल हमारे समाज को जोड़ने का माध्यम है। बेटियां और बेटे दोनों अगर मैदान में उतरें, तो गांव और जिला दोनों का नाम रोशन होगा। हमें बच्चों को मोबाइल से दूर और मैदान के करीब लाना है यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी शहीद कार्लोस लकड़ा को। मौके पर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, सांसद प्रतिनिधि भूषण राम, पंचायत सदस्य प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, पंचायत अध्यक्ष सुनील मिंज, विजय किंडो, अनिल कुजूर, सुधीर कुजूर, प्रबोध एक्का, संतोष कुल्लू, दीपक टोप्पो, क्लेशटूस लकड़ा, मिखाईल बड़ा, सिलास टोप्पो, मनीष टोपनो समेत डोभापानी खेल समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## संत मेरीज सामटोली में ओएसएमए की नई कार्यकारिणी समिति का गठन


**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** संत मेरीज हाई स्कूल, सामटोली में ओल्ड सेंट मेरियन एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में पूर्व छात्रों की अच्छी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने स्कूल से जुड़ी यादें साझा कीं और भविष्य में किए जाने वाले सेवा कार्यों पर विचार-विमर्श किया ।सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में कुलदीप प्रसाद, उपाध्यक्ष अभ्येंद्र किशोर प्रसाद, सचिव पी. सुनील खेस, सह सचिव एरियल कण्डुलना, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल (मेडिकल), सह कोषाध्यक्ष अरुण प्रसाद (मेडिकल) और प्रवक्ता नरेन्द्र अग्रवाल को चुना गया। समिति के संरक्षक फादर फ्लोरेंस गुड़िया, प्राचार्य को मनोनीत किया गया ।समिति ने तय किया कि वह न केवल पूर्व छात्रों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाएगी, बल्कि समाजहित में शैक्षणिक, सामाजिक और मानवीय सेवा कार्यों पर भी ध्यान देगी। इसमें जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता, गरीबों की मदद, पर्यावरण संरक्षण और वार्षिक एलुमनी मिलन समारोह शामिल होंगे ।कार्यक्रम के अंत में फादर फ्लोरेंस गुड़िया ने नवनिर्वाचित समिति को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ओसमा केवल पूर्व छात्र संगठन नहीं, बल्कि स्कूल परिवार की सेवा भावना का विस्तार है। सभी सदस्यों ने समिति को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

**मंदिर में तोड़फोड़** | बाघचंडी मंदिर तोड़फोड़ प्रकरण पर प्रशासन की समीक्षा बैठक संपन्न

# सख्त कार्रवाई और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** हाल ही में बाघचंडी मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा, थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह तथा सनातन समिति के सदस्य उपस्थित थे। अधिकारियों ने घटना की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और पुलिस द्वारा नियमित गश्त की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ।पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा एवं थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने बताया कि विशेष जांच टीम गठित कर जांच कार्य तेज़ी से जारी है तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की ।बैठक में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा देवी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार, चंदन कुमार, धनंजय झा, संजीत कुमार, अभिषेक प्रसाद, विनोद कुमार (डबलू), लक्ष्मण कुमार एवं जितेंद्र तिवारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाघचंडी मंदिर तोड़फोड़ पर भाजपा नेता ने की कार्रवाई की मांग



**कोलेबिरा।** बाघ चंडी मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर बुधवार को भाजपा नेता एवं कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा कोलेबिरा थाना पहुंचे। उन्होंने पुलिस इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा, थाना प्रभारी हर्ष कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि यह घटना धार्मिक आस्था पर सीधा प्रहार है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। दोषियों को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे ।ज्ञात हो कि बीते दिनों कोलेबिरा प्रखंड के कल्हाटोली स्थित मां बाघ चंडी मंदिर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी, जिससे मंदिर का मुख्य दरवाजा, लाइट सिस्टम और साउंड सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है ।इस दौरान पुलिस ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी, मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### नक्सलियों के प्रतिरोध सप्ताह को लेकर सिमडेगा जिला हाई अलर्ट पर

**सिमडेगा।** भाकपा माओवादी संगठन द्वारा 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक प्रतिरोध सप्ताह मनाने की घोषणा के बाद सिमडेगा जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने बताया कि राज्य पुलिस मुख्यालय से भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त और सर्च अभियान को तेज कर दिया गया है। सीमावर्ती और वन क्षेत्रों में भी सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की नक्सली गतिविधि को रोका जा सके। एसपी ने कहा कि भले ही सिमडेगा अब नक्सल मुक्त जिला घोषित हो चुका है, लेकिन माओवादियों की गतिविधियों से सतर्क रहना आवश्यक है। पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सामान्य दिनों की तरह अपने कार्य करते रहें।

### सांप के काटने से महिला की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के करया चिरुटोली गांव में मंगलवार की देर रात जहरीले सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान जश्मनी डांग के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, देर रात जश्मनी को अचानक सांप ने काट लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह करीब 9 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ठेठईटांगर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जिला कार्यालय कर्मी राज कुमार नायक की पत्नी का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

**सिमडेगा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा के कर्मी राज कुमार नायक की पत्नी खुशबू नायक का आकस्मिक निधन मंगलवार को रांची रिम्स में हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे विभाग एवं परिचित जनों में शोक की लहर दौड़ गई ।बुधवार को उनका पार्थिव शरीर सिमडेगा सदर प्रखंड के मैनाबेड़ा गांव लाया गया, जहाँ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मक्सिमा लकड़ा, विजय विलुंग, दिनेश कुमार, बिनोद कच्छप, बिनोद कुमार, सचिन कुमार, फुलमईत बड़ाइक, कमला देवी सहित अन्य सहकर्मियों एवं ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी ।सभी उपस्थित लोगों ने मृत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस दुखद घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

### टुकुपानी के पास दो ट्रकों की जोरदार टक्कर, चालक घायल

**ठेठईटांगर।** सिमडेगा-राउरकेला मुख्य मार्ग पर बुधवार की दोपहर को टुकुपानी के पास दो ट्रैकों में जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर में आईसर ट्रक का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।मौके से गुजर रहे ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख पंकज मिंज और उनके सहयोगियों ने तुरंत चालक को ट्रक से बाहर निकाला और अपने स्कॉर्पियो वाहन के माध्यम से सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। घायल चालक की पहचान विजय कुमार सामल, निवासी भापुर गांव, नयागढ़ जिला, ओड़िसा, के रूप में हुई है। वह ओड़िसा से पटना, बिहार माल लेकर जा रहा था। टक्कर उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर से हुई। दुर्घटना के कारण सड़क पर दोनों ओर लंबी गाड़ियों की लाइन लग गई थी। जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन के सहयोग से जाम को काफी देर बाद हटाया गया और यातायात फिर से सुचारू रूप से चल रहा है। घायल चालक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे आज सुबह सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचेंगे।

### सिमडेगा के पूर्व नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद ने रांची में नेताओं से की मुलाकात



**सिमडेगा।** सिमडेगा के पूर्व नगर अध्यक्ष और भाजपा नेता सत्यनारायण प्रसाद ने राजधानी रांची स्थित भाजपा कार्यालय में झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले के विकास एवं संगठन को मजबूत बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की ।इसके अतिरिक्त सत्यनारायण प्रसाद ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से भी मुलाकात की और जिले में मौजूद ज्वलंत समस्याओं को उनके संज्ञान में लाया। उन्होंने सिमडेगा में संगठन की गतिविधियों और जनसंपर्क को और प्रभावशाली बनाने के लिए सुझाव और सहयोग मांगा ।मौके पर सत्यनारायण प्रसाद ने कहा कि सिमडेगा जिले में भाजपा संगठन को धारदार बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में पार्टी की मजबूती एवं जनहित के लिए काम जारी रहेगा।

### सलडेगा के छात्र चंद्रमा सिंह और छात्र करण कुमार साहू को झारखंड में प्रथम स्थान



**सिमडेगा।** कला उत्सव प्रतियोगिता 2025 में सिमडेगा जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा की टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड की शैक्षिक इकाई, श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित इस विद्यालय के छात्र चंद्रमा सिंह और छात्र करण कुमार साहू ने दृश्य कला श्रेणी में पारंपरिक खेल खिलौने निर्माण प्रतियोगिता में पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता से सिमडेगा जिला और विद्यालय का नाम रोशन हुआ ।प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की सफलता में एक नया सितारा जोड़ने जैसा है। विद्यालय आगमन पर दोनों छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के आचार्य परिवार और छात्र-छात्राओं ने विजेताओं को बधाई दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मनोज प्रसाद, आशीष बड़ाईक, ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू, मनोज कुमार, नूतन निरंजन सिंह, वेद प्रकाश, अनुज अरूण तिग्गा, सीमा कुमारी, चंपा मांझी, सोनिया कुमारी, टिकेश्वरी कुमारी, शांता श्रेया, शोभा बड़ाईक, प्रतिमा कुमारी नायक, ममता कुमारी, सीता देवी, प्रमिला किंडो, मीरा कच्छप, आशा मुण्डा, उषा कुमारी, सरिता कुमारी, गौरी देवी, मुदित टोप्पो, दीक्षा कुमारी, रश्मि बड़ाईक, गीता कुमारी, अलका कुमारी, साधना कुमारी और रोशनी कुमारी शामिल थे।

### बानो और कोलेबिरा में कोटपा 2003 के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**सिमडेगा।** आगामी पर्व-त्योहार और जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने उपायुक्त कंचन सिंह के निर्देशानुसार बानो और कोलेबिरा में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। यह अभियान जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा और कोटपा, 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) के पालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है ।निरीक्षण के दौरान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर उचित दंड/जुर्माना लगाया गया। इस अभियान का उद्देश्य खाद्य व्यवसायियों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों और कानूनी प्रावधानों के पालन के महत्व के बारे में जागरूक करना भी है ।अधिकारीयों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि सभी प्रतिष्ठान कानून का पालन करें और विशेष रूप से त्योहारों के दौरान जनता को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके ।यह पहल जिला प्रशासन की सक्रिय निगरानी, जनजागरूकता और कड़े प्रवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### देवघर के ग्रामीणों को 'अंधेरे' में रखकर हो रही है ठगी

# बिजली ठीक कराने के नाम पर मिस्त्री की मनमानी से जनता तंग

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर।** एक ओर हेमंत सरकार जनता को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देकर अपना वादा पूरा कर रही है, जबकि दूसरी ओर देवघर के ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था चौपट दिखाई दे रही है. यहां ग्रामीण इलाकों में बिजली के नाम पर लोगों से पैसों की मांग का मामला सामने आ रहा है. दरअसल देवघर के सोनाराठाड़ी, सारठ और सारवा प्रखंड के कई गांवों में बिजली के नाम पर लोगों से खुलेआम पैसे मांगे जा रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय बिजली मिस्त्री और कुछ अन्य लोग, ट्रांसफार्मर ठीक कराने और बिजली लाइन जोड़ने के नाम पर पैसों की मांग करते हैं. सोनाराठाड़ी प्रखंड के दंडवा पंचायत के निवासी शंकर यादव बताते हैं कि जैसे ही ट्रांसफार्मर खराब होता है, मिस्त्री घर-घर जाकर कहते हैं कि पैसा दो, नहीं तो महीनों तक बिजली नहीं आएगी. ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत बिजली विभाग से की तो उन्हें खुलेआम धमकाते हुए कहा कि शिकायत करोगे तो तुम्हारा कनेक्शन काट दिया जाएगा. इससे ग्रामीण परेशान हैं. स्थानीय स्तर पर स्थिति इतनी खराब है कि कई गांवों में लोग महीनों से अंधेरे में रह रहे हैं, जबकि उनके नाम पर विभागीय रिकॉर्ड में सब कुछ ठीक बताया जाता है. यह कागजी रोशनी अब लोगों के धैर्य को जलाने लगी है. केके सिंह, वरिष्ठ कार्यपालक अभियंता ने कहा कि इस विषय पर सभी कार्यपालक अभियंताओं से बात की जाएगी, यदि किसी भी स्तर पर ग्रामीणों से वसूली की पुष्टि होती है, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। देवघर में बिजली की इस मौन लूट ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं. यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यह जनाक्रोश जल्द ही प्रशासनिक तूफान में बदल सकता है.

### चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों का अकाल

## झोलाछाप डॉक्टरों और निजी अस्पतालों की चांदी, जनता बेहाल



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड की लगभग 60,000 की आबादी की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले चार महीनों से एक भी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई है, जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस स्थिति का सीधा फायदा झोलाछाप डॉक्टर और निजी अस्पताल उठा रहे हैं, जो मनमाने ढंग से मरीजों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पहले तक चैनपुर सीएचसी में एक डॉक्टर कार्यरत थे, लेकिन उनके तबादले के बाद से यह पद खाली पड़ा है। 10 पंचायतों वाले इस प्रखंड का एकमात्र सरकारी अस्पताल अब केवल सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और नर्सों के भरोसे चल रहा है। आलम यह है कि किसी भी गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में मरीजों को रेफर करने के सिवा यहां कोई दूसरा विकल्प नहीं है।इस बदहाली ने क्षेत्र में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों और निजी क्लीनिकों के लिए एक खुला मैदान तैयार कर दिया है। उचित योग्यता और पंजीकरण के बिना ये तथाकथित डॉक्टर धड़ल्ले से मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे उनकी जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। वहीं, निजी अस्पताल इस अवसर को अपनी कमाई का जरिया बना चुके हैं। मरीजों से जांच और दवा के नाम पर मनमानी फीस वसूली जा रही है।उप प्रमुख प्रमोद खलखो अपना दर्द बयान करते हुए कहते हैं, "हमारी सुनने वाला कोई नहीं है।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 329 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

## 329 अभ्यर्थियों का हुआ चयन विधायक व उप विकास आयुक्त ने नियुक्ति पत्र किया वितरित

**नवीन मेल संवाददाता**




**पाकुड़।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय सह मांडल कैरियर सेंटर, पाकुड़ द्वारा आज बाजार समिति परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में आठवीं से लेकर स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, राजेडी जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया, राजेडी सचिव रंजीत कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला नियोजनालय पदाधिकारी राहुल कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर रोजगार मेले में आए युवक-युवतियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों में युवाओं के लिए कई अवसर उपलब्ध हैं। युवाओं को अपने कौशल को विकसित करना चाहिए ताकि वे रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। कंपनियों से भी अपेक्षा है कि वे पाकुड़ के युवाओं को प्राथमिकता दें।" वहीं उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेले का उद्देश्य युवाओं को उनकी अभिरुचि एवं योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे प्रत्येक कंपनी के स्टॉल पर जाकर अपनी योग्यता के अनुरूप आवेदन करें। मौके पर मौजूद विधायक निसात आलम ने सभी अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त बनाते हैं। स्थानीय स्तर पर इस तरह के मेलों से युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है।

### उत्पाद विभाग की टीम ने किया अवैध शराब बरामद



**पाकुड़।** शराब पर खुलेआब पाबंदी होने के बावजूद भी लोग इसकी चोरी छुपे ले जाने से कतरा नहीं रहे हैं न उनको प्रशासन का किसी भी तरह का डर है। लोग शराब अवैध रूप से एक जगह से दूसरी जगह लाने को तैयार रहते हैं। हालांकि पुलिस की इस काफी सख्ती भी रहती है। लेकिन लोग यह काम करने को मजबूर हैं। कुछ इसी तरह का मामला उत्पाद विभाग, पाकुड़ की टीम द्वारा मंगलवार देर शाम को महेशपुर थाना अंतर्गत राजापुर ग्राम स्थित समिरन दता तथा पाकुड़िया थाना अंतर्गत बब्लू राय के घर एवं दुकान में छापेमारी की गई। तलाशी के क्रम में दोनों के पास से कुल 04.83 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 11.00 लीटर अवैध बीयर बरामद की गई। बरामद अवैध शराब को जब्त करते हुए दोनों अभियुक्तों को संबंधित धाराओं के अंतर्गत न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### गुमला में स्कूल बसों और वाहनों पर परिवहन विभाग का चला डंडा

# ड्रिंक एंड ड्राइव सहित कागजात की कमी पर ₹24,650 का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित के सख्त निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा एक व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने किया, जिसमें मोटर यान निरीक्षक प्रदीप तिर्की, प्रणय कांशी, त्रिभुवन नाथ निराला और अन्य अधिकारी शामिल रहे। जांच अभियान में विशेष रूप से विद्यालयों में चल रही स्कूल बसें और अनधिकृत वाहनों जैसे मैक्सी कैब, टेम्पो और बसों पर ध्यान केंद्रित किया गया। अभियान के दौरान वाहनों की फिटनेस, इंश्योरेंस, टैक्स, परमिट और फर्स्ट एड बॉक्स की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। जांच में कई वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की कमी और कागजातों की अनियमितता पाई गई। सबसे बड़ी कार्रवाई 'ड्रिंक एंड ड्राइव' मामलों पर हुई। इन कमियों के मद्देनजर परिवहन विभाग ने 24,650 का जुर्माना वसूला।

**नाबालिग चालकों पर कड़ा रुख :** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने विशेष रूप से नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन पर सख्त निर्देश दिए। स्कूल बस और अन्य वाहनों पर नाबालिग चालकों के संचालन पर कड़ाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी स्कूल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि वे नियम तोड़ने वाले छात्रों के खिलाफ आंतरिक कार्रवाई करें और सुनिश्चित करें कि कोई छात्र बिना वैध लाइसेंस वाहन का प्रयोग न करे। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान जिले में सड़क सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से चलाया जाएगा।

### आदर पंचायत में लूट की खुली छूट संवेदक कर रहे हैं सरकारी पैसे की बंदरबाट

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड अंतर्गत आदर पंचायत के मलगो में नेतरहाट जाने वाली मुख्य सड़क पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा गार्डवाल निर्माण और सड़क किनारे साइज पत्थर सोलिंग का कार्य चल रहा है। लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ठेकेदार और मजदूर मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए काम कर रहे हैं, जबकि विभागीय इंजीनियर कभी भी मौके पर दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों का कहना है कि गार्डवाल फाउंडेशन की नींव तय इंजीनियरिंग मानकों के अनुसार गहरी नहीं खोदी गई है, जिससे इसकी मजबूती पर खतरा मंडरा रहा है। जिन स्थानों पर बड़े और साइज अनुसार पत्थर इस्तेमाल होने चाहिए, वहां पर छोटे-छोटे अनसाइज पत्थर और ढोकाई पत्थरों का प्रयोग हो रहा है। पत्थरों के बीच मिट्टी भर दी जा रही है और ऊपर से हल्का सीमेंट मसाला डालकर काम पूरा करने का दिखावा किया जा रहा है।

## बिशुनपुर में महिलाओं ने शुरू की 'क्रिस्प' आलू चिप्स प्रसंस्करण इकाई

**गुमला।** जिले में महिलाओं की उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के क्रम में आज बिशुनपुर प्रखंड परिसर में "क्रिस्प" आलू चिप्स प्रसंस्करण इकाई का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह इकाई PVTG वन धन विकास केंद्र, जेहनगुटवा द्वारा संचालित की जाएगी और इसे 95 दीदियों द्वारा संचालित किया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थिति उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने उपस्थित महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह पहल उनके आर्थिक आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने व्यवसाय की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और निरंतर मेहनत से सफलता हासिल करने के लिए महिलाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी बिशुनपुर ने भी महिलाओं को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और उन्हें अपने कार्य में लगन और मेहनत बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं महिलाओं को व्यवसाय की दुनिया में आत्मविश्वास और नई पहचान देती हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।**

अतिअल्प कालीन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना सं० –34/2024–25
प्रथम निविदा आमंत्रण PRno.346188 Drinking water & Sanitation (24-25)_D
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 16.10.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 17.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 17.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of 2 Nos bathroom (Guard Room) Improvement of w/s & allied work at Qtr. Of Old Chief Engineer building Deputy Para Ranchi, under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 717052.00 | 15000.00 | 1250.00 | 1 Month |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 363639 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)


### स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयुष विभाग ने स्कूली बच्चों को दिया योग का प्रशिक्षण



**पाकुड़।** जिले में आयुष विभाग की ओर से योग और आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्य योजना के तहत स्कूली बच्चों को नियमित रूप से योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल आयुर्विद्या कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आयुष पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। आज उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमलादही, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सीरिसतला सहित अन्य 30 विद्यालयों में योग प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान तकनीक की शिक्षा दी गई।

### भ्रूण हत्या और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता अभियान

# गीत, नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** समाज कल्याण शाखा, गुमला के निर्देशानुसार खुशमन सांस्कृतिक कला मंच ने आज पालकोट प्रखंड में भ्रूण हत्या और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत पोजेंगा बाजार परिसर और पालकोट बाजार चौक में गीत, नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को इस गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति सेंसिटिज़ेड किया गया।टीम लीडर खुशमन नायक ने कहा की भ्रूण हत्या करना कानूनी अपराध है। बहुत से लोग बेटी को घर का बोझ समझ कर जन्म लेने से पहले ही हत्या कर देते हैं, जो पूरी तरह गलत है। बेटी का भी परिवार और समाज में समान अधिकार है। बेटा हो या बेटी, दोनों का महत्व बराबर है।" उन्होंने यह भी बताया कि बेटियां अब नौकरी, पेशा, परिवार, समाज और देश की रक्षा में उतनी ही सक्षम हैं। जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज में लिंग समानता और भ्रूण हत्या रोकने की दिशा में लोगों की सोच बदलना है। इस मौके पर कला दल के सदस्य— रजनी कुमारी, दामिनी कुमारी, पूजा कुमारी, रूपा कुमारी, सोनामनी केरकेट्टा, जीतू नायक, सुभाष लोहरा, छोटेलाल नायक, रामकिशोर मुंडा, विकास कुमार साहु सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।खुशमन नायक ने बताया कि यह जागरूकता अभियान गुमला जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जाएगा ताकि बेटियों के प्रति समाज में सम्मान और सुरक्षा की भावना को और मजबूती मिले।


**जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग।**

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लीज नवीकरण से संबंधित संचिका कार्यालय में लम्बित है, जो हजारीबाग जिला के बरकट्ठा थानान्तर्गत मौजा कोनहराकला के खाता संख्या 40, 56, 37, 55, 22, 36, 47, 35, 29, 53 एवं 23, प्लॉट संख्या 837, 838, 839, 1000, 1002 से 1006, 1007 (अंश), 1008 से 1010 एवं 1013 के कुल रकवा 4.50 एकड़ क्षेत्र पर पत्थर खनन पट्टा के बावत कतिपय रैयतों द्वारा भूमि संबंधी आपत्ति दी गयी है एवं नोटरी द्वारा पंजीकृत एकरारनामा के माध्यम से आपत्ति को वापस लिया गया है। उक्त प्लॉटों को अंचल अधिकारी द्वारा रैयती बताया गया है। वर्णित के संदर्भ में अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि किसी भी पक्षकार/रैयत को भूमि संबंधी कोई शिकायत हो, तो अपने दावे की प्रमाणिकता के संदर्भ में मूल रजिस्ट्र्ड डीड/दाखिल खारिज पत्र/रसीद/भूमि संबंधी मानचित्र/मूल बटवारानामा दस्तावेज आदि के साथ दिनांक 11.10.2025 को 01:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, हजारीबाग के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का कष्ट करेंगे। वर्णित अवधि के बाद किसी भी रैयत/पक्षकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

जिला खनन पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 363594 (Mines and Geology) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची**

**4th PR. 357926**

पंचम अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/25/2024-25 दिनांक– 08.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनामएवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 10.10.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 14.10.2025 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00 PM |
| 4 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 24.10.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 5 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 29.10.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 6 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना,डोरण्डा, रॉंची–02 |
| 7 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 8 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | REQUEST PROPOSAL FOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS IN 16 NOS.OF WATER TESTING LABORATORIES UNDER DW&SD, JHARKHAND RANCHI ZONE- DISTRICT LAB- RANCHI, HAZARIBAGH, CHATRA, RAMGARH, KODERMA, LATEHAR, GARHWA, MEDNINAGAR, LOHARDAGA, SIMDEGA, GUMLA, SUB DIVISIONAL LAB- PANKI (MEDNINAGAR), NAGAR UTAARI (GARHWA), PATRATU (RAMGARH), ORMANJHI (RANCHI EAST), BARWADIH (LATEHAR) | 2,08,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची

**PR 363644 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D**


**चोरी की वारदात**

### रामगढ़ में चोरों का बढ़ा आतंक लोग हो रहे परेशान

# सीलिंग तोड़कर ज्वेलरी शॉप में घुसा चोर डेढ़ लाख रुपए के गहने लेकर हुआ फरार

- **चोरी की पूरी वारदात, सीसीटीवी कैमरे में कैद नहीं हो सकी क्योंकि आरोपी ने सीसीटीवी कैमरे के तार काट दिए थे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** एक ज्वेलरी शॉप की सीलिंग तोड़कर चोर एक से डेढ़ लाख रुपये के गहने लेकर चंपत हो गया. घटना बरकाकाना थाना क्षेत्र के स्टेशन के पास की है. जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई. अब पुलिस, सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर को पकड़ने का प्रयास कर रही है. जानकारी के मुताबिक, रामगढ़ भुरकुंडा मुख्य मार्ग पर स्टेशन मोड़ के पास, संगीता ज्वेलर्स नाम की एक शॉप है. यहां चोर दुकान में घुसा और शॉप में रखे सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गया. हालांकि चोरी की पूरी वारदात, सीसीटीवी कैमरे में कैद नहीं हो सकी क्योंकि आरोपी ने सीसीटीवी कैमरे के तार काट दिए थे. जब सुबह मालिक ने दुकान का शटर खोला तो उसके होश उड़ गए. दुकान की सीलिंग और करकट शीट टूटी हुई थी, दुकान में चारों ओर समान बिखरा हुआ था. जिसके बाद दुकानदार ने मामले की जानकारी पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने फिंगर प्रिंट और सीसीटीवी कैमरों को खंगाला. दुकानदार रवि ने बताया कि उसने दुकान में देखा कि फाल्स सीलिंग टूटी हुई है और ऊपर से करकट सीट भी क्षतिग्रस्त है. जिसके बाद पुलिस ने डीवीआर की जांच की तो पता चला कि आरोपी द्वारा चोरी की घटना को सुबह 4:30 के आसपास अंजाम दिया गया है. दुकानदार के मुताबिक ज्वेलरी शॉप से एक से डेढ़ लाख की चोरी हुई है. उमाशंकर वर्मा, थाना प्रभारी, बरकाकाना ने कहा कि चोरी की वारदात की सूचना मिली थी, मौके पर जाकर देखा तो करकट शीट तोड़कर चोर ने ज्वेलरी शॉप में वारदात को अंजाम दिया है. सीसीटीवी और दूसरे तकनीकी सोर्स का सहारा लेकर चोर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

अंतरात्मा की वाणी, जो कि ईश्वर की वाणी है, का सदा अनुसरण करके आप एक सच्चे चरित्रवान व्यक्ति, एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक व्यक्ति, शांति के एक मसीहा बन सकते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

## बिहार किस करवट बैठेगा?

बिहार विधानसभा चुनाव की बिगुल बज चुका है, अब मतदाताओं के सामने सवाल ये हैं कि क्या जदयू नेता नीतीश कुमार लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बन पाएंगे? अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चुनाव जीतता है, तो क्या भाजपा नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाएगी? या फिर बिहार में सत्ता पर विपक्ष का कब्जा हो जाएगा और उसका अपना मुख्यमंत्री होगा? या फिर नीतीश कुमार का भविष्य बिहार की राजनीति का भी भविष्य होगा? दो दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद नीतीश अब भी सभी दलों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। हालांकि, उनके शासन में कई क्षेत्रों में प्रगति हुई है, इसके बावजूद शिक्षा, युवाओं में बेरोजगारी, राज्य से श्रमिकों का पलायन और भ्रष्टाचार तथा कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है। नीतीश का स्वास्थ्य भी चर्चा का विषय है। सत्ता विरोधी लहर के मुकाबले के लिए नीतीश सरकार ने एक करोड़ महिलाओं के खातों में 10,000 रुपए हस्तांतरित किए हैं और कई रियायतों व लाभों की घोषणा की है। कुछ नेताओं को लगता है कि यह बड़ा बदलाव लाएगा। नीतीश को हमेशा महिला मतदाताओं का समर्थन मिला है। इससे विपक्ष की गणनाएं गड़बड़ा गई हैं और जद(यू)-भाजपा विरोधियों का मूड भी खराब हो गया है। ज्यादातर सर्वेक्षण कांटे की टक्कर का संकेत दे रहे हैं, पर वे सत्तारूढ़ राजग के लिए अनुकूल नतीजों से इन्कार नहीं करते। उनका दावा है कि शुरुआत में बढ़त का संकेत देने वाला महागठबंधन अब तेजस्वी यादव के सहयोगियों से मतभेद और लालू परिवार में बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के कारण पिछड़ रहा है। बेशक लालू यादव विपक्षी गठबंधन के पितामह बने हुए हैं, जो यादव और मुस्लिम समर्थन से अपनी ताकत पाता है। लेकिन विपक्ष को अब तक नीतीश या प्रधानमंत्री मोदी का मुकाबला करने लायक कोई मजबूत चेहरा नहीं मिला है। हालांकि, तेजस्वी को लोकप्रिय चेहरे के रूप में देखा जाता है, पर कांग्रेस या उसके सहयोगियों की ओर से अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि वह गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा होंगे। विकास पर जोर के बावजूद, बिहार की राजनीति में जाति एक निर्णायक कारक है। हर पार्टी की चुनावी रणनीति समुदाय से प्रभावित है। राजग का लक्ष्य हमेशा से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और ईबीसी (अत्यंत पिछड़ा वर्ग) के लिए समर्थन को मजबूत करना रहा है। राजद को भी यह एहसास है कि प्रभावी प्रतिस्पर्धा के लिए उसे अन्य जातियों तक अपनी पहुंच बढ़ानी होगी। छोटी जाति-केंद्रित पार्टियां, विशेषकर अनुसूचित जाति (एससी) निर्वाचन क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पार्टियां, करीबी मुकाबलों में 'किंगमेकर' बन सकती हैं। महागठबंधन में इस समय राजद, कांग्रेस, वामपंथी पार्टियां, वीआईपी, झामुमो और चिराग पासवान के चाचा के नेतृत्व में लोजपा का एक धड़ा शामिल है। महागठबंधन बिहार के अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) को लुभाने की उम्मीद कर रहा है, जो राज्य की आबादी का 36.01 प्रतिशत है। ईसीबी पूरे राज्य में फैले हैं, और जाति-आधारित सर्वेक्षण में सबसे बड़ा समूह हैं। इनमें लगभग 130 समूह और उप-समूह हैं, जिनमें प्रमुख हैं नाई, मछुआरे, लोहार, तेली और नोनिया।मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश ने नौकरियों, शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं में आरक्षण प्रदान करके अति पिछड़े वर्गों को लाभ पहुंचाया है। उनकी सरकार ने पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में अति पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था।



***विकास पर जोर के बावजूद, बिहार की राजनीति में जाति एक निर्णायक कारक है। हर पार्टी की चुनावी रणनीति समुदाय से प्रभावित है।***

## 09 अक्टूबर : विश्व डाक दिवस

# डाक केवल सेवा नहीं, विश्वास और आशा का प्रतीक है




जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है।

विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। लेकिन इसकी कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उन असंख्य लोगों की कहानी है, जिनके लिए डाकघर केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आशा, अवसर और संवेदनाओं का केंद्र रहा है।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया।

विश्व डाक दिवस केवल अतीत की गौरव गाथा नहीं गाता, बल्कि डाक सेवाओं के बदलते स्वरूप को भी रेखांकित करता है। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है।

डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। भारत ने हाल के वर्षों में पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष अनुसंधान, और स्वतंत्रता सेनानियों जैसे विषयों पर टिकटें जारी की हैं। ये टिकटें न केवल संग्रहकर्ताओं के लिए मूल्यवान हैं, बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का एक माध्यम भी हैं। विश्व डाक दिवस पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनियां और प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं को डाक सेवाओं के महत्व से परिचित कराती हैं।

दूरदराज के क्षेत्रों में डाक सेवाओं की भूमिका और भी अनोखी है। अंटार्कटिक और आर्कटिक जैसे क्षेत्रों में, जहां मानव जीवन की उपस्थिति सीमित है, डाक सेवाएं वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं तक आवश्यक सामग्री पहुंचाती हैं। उदाहरण के लिए, अंटार्कटिक में भारत के डाकघर, जो दुनिया के सबसे दुर्गम डाकघरों में से एक है, वहां कार्यरत वैज्ञानिकों के लिए संचार का एकमात्र साधन है। यह दिखाता है कि डाक सेवाएं केवल सुविधा नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक आवश्यकता हैं।

विश्व डाक दिवस का सबसे गहरा संदेश भावनाओं और रिश्तों में छिपा है। एक हस्तलिखित पत्र, एक जन्मदिन कार्ड, या एक शादी का निमंत्रण—ये सभी छोटी-छोटी चीजें हमारे जीवन की सबसे कीमती यादें बन जाती हैं। डिजिटल संदेशों की दुनिया में, जहां संदेश सेकंडों में पहुंच जाते हैं, एक पत्र की प्रतीक्षा में जो मिठास और उत्साह है, वह आज भी बेजोड़ है। विश्व डाक दिवस हमें यह सिखाता है कि तकनीक भले ही हमें तेजी दे, लेकिन सच्चा संचार भावनाओं और धैर्य में बसता है।

9 अक्टूबर केवल एक तारीख नहीं है। यह एक ऐसा दिन है, जो हमें याद दिलाता है कि डाक सेवाएं केवल पत्र और पार्सल नहीं पहुंचातीं, बल्कि वे आशा, विश्वास और मानवता का संदेश भी पहुंचाती हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें—जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू—हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जहरीली दवा बनी अभिशाप

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी। किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीइजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी। मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ प्रवीण सोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके, फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। लेकिन देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है।

आपकी बात



**प्रमोद भार्गव**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सत्ता हस्तांतरण के नाम पर भारतवर्ष के अस्तित्व को नकारने का खेल जारी

नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे, त्वया हिन्दुभूमे सुखवं वर्धितोऽहम्। महामङ्गले पुण्यभूमे त्वदर्थे पतत्वेष कायो नमस्ते नमस्ते॥ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस प्रार्थना में भारतीय संस्कृति को परिभाषित संस्कृत के श्लोक का संदेश स्पष्ट है कि "जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" को मानने वाले लोग इस भारतभूमि को स्वर्ग से भी ऊपर मानते हैं। यह भारतीय संस्कृति की एक मूल अवधारणा है जिसके पीछे एक समर्पण है क्योंकि सनातन काल से भारत अपने आप में एक संपूर्ण राष्ट्र रहा है। संघ की यह निष्ठा निर्विवाद है फिर भी कुछ आलोचक स्वतंत्रता आंदोलन में संघ की भूमिका को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। यह सवाल अपने आप में एक अर्द्धसत्य है क्योंकि सवाल उठाने वालों की दृष्टि से भारतवर्ष का उदय 15 अगस्त 1947 को हुआ है। निसंदेह एक ऐतिहासिक तारीख होने के बावजूद इससे भारत के उदय की नहीं बल्कि केवल सत्ता के हस्तांतरण की बातें सामने आती है। इस सत्ता के लिए हमने बड़ा आंदोलन जरूर किया परंतु यह भी सच है कि इस आंदोलन के हमारे हीरो रहे लाला लाजपतराय राय, चन्द्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, रामप्रताप बिस्मिल, भगत सिंह, वीर सावरकर, अशफाकउल्ला खान, उधम सिंह, राजगुरु, हरदयाल, बटुकेश्वर दत्त, जितेंद्र नाथ दास, मदनलाल ढींगरा, सुबास चंद्र बोस, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्र पाल, बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, कानु मुर्मू, सिद्धो मूर्मू, तेलंगा खड़िया से लेकर असंख्य रणबांकुरों ने अपनी जागीर कुर्बान कर दी। संदर्भवश इनके बलिदान को नमन करते हुए यहाँ इस तथ्य का उल्लेख करना प्रासांगिक है कि इसी पन्द्रह अगस्त के नाम पर सत्ता के उत्तरोत्तर खेल ने आखिरकार सत्ता हस्तांतरण के इस आंदोलन को स्वतंत्रता दिवस का नाम देकर राष्ट्र निर्माण के रूप में प्रायोजित करने का प्रयास प्रारंभ कर दिया। इतना ही नहीं सत्ता हस्तांतरण के इस श्रृंखलाबद्ध लड़ाई को एक छोटे से समूह के नाम करते हुए हमारी स्वतंत्रता के साथ जोड़ दिया गया। साथ में भ्रम भी यह फैलाया गया कि अब हम आजाद हो चुके हैं। इस भ्रमजाल को आंशिक सफलता भी मिली और अंग्रेजों के जाने के बाद हम वर्षों तक इस भ्रम का जयकारा लगाते रहे। उल्लेखनीय है कि इस संघ कोई राजनैतिक संगठन नहीं है परन्तु राष्ट्र प्रथम की नीति का अनुसरण करने के कारण वह मुखरता के साथ उन बातों की चर्चा करता है जिसके अंतर्गत एक देश के रूप मे भारतवर्ष की आत्मा से मिलने का अवसर हाथ लग सके। दूसरी ओर सत्ता के साथ गठबंधन बनाए रखने वाले लोगों को यह सबकुछ नागवार लगना लाजिमी है। इसके लिए उदाहरण की निष्ठुरता देखिए कि भारतवर्ष के सनातनी इतिहास में राष्ट्रपिता जैसे किसी अवधारणा का कोई स्थान कभी नहीं रहा है फिर भी महात्मा गांधी की मृत्यु को न केवल एक अवसर बना लिया जाता है बल्कि बड़ी चतुराई से सत्ता के लिए राष्ट्रपिता जैसी किसी अवधारणा को लॉन्च करने का काम कर दिया जाता है।मन तो तब विचलित होता है जब "राष्ट्र पिता" की अवधारणा के सामने आते ही "भारत माता" या "वंदे मातरम" जैसे मूल अवधारणा का विरोध गौरव का विषय बन जाता है। ऐसा इसलिए भी कि "भारत माता" को अस्वीकृत किए बगैर राष्ट्र के लिए "पिता" की अवधारणा कैसे कायम हो पाती? यह एक बड़ा कारण है कि गांधी की हत्या के लिए आरएसएस की विचारधारा पर आरोप मढ़ दिया जाता है जबकि गोडसे की पहचान संघ के मुखर विरोधी के तौर पर रही है। संघ पर इस तरह के मिथ्या आरोप लगाने वाले इस बात पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं कि अंग्रेजों के चंगुल से छुटते ही आखिर क्यों वंदेमातरम की मूल अवधारणा के विपरीत एक राजनैतिक संत के लिए धड़ल्ले से राष्ट्रपिता की अवधारणा सामने आती चली गई? क्या महात्मा गांधी आज जीवित होते तो राष्ट्र प्रथम, वंदे मातरम् और भारतमाता की कीमत पर राष्ट्रपिता के अस्तित्व को लेकर सवाल खड़े नहीं करते?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**केदारनाथ दास**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

राम तुम्हारा लक्ष्य था, रावण का संधान।
फिर भी क्यों बदला नहीं, मानव मन: विधान॥

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# हृदय का स्वास्थ्य एक गंभीर समस्या बचाव के लिए करे योग प्राणायाम

वर्तमान में चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि दुनियां तेजी से बदल रही है जिसके कारण बदलती मानवीय जीवनशैली का सबसे गंभीर प्रभाव मानव हृदय पर पड़ा है। आज हृदय रोग केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह युवाओं में भी बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोग दिल से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं। पचास वर्ष से कम उम्र के 50 फीसदी और 40 वर्ष से कम उम्र के 25 फीसदी लोगों में हार्ट अटैक का जोखिम देखा गया है कुछ वर्षों पूर्व पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक के मामले कम थे। एक नए शोध में यह हृदय रोग अब बराबर देखे गए। हृदय रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई। कुछ वर्षों पूर्व वृद्धावस्था में होने वाली इस बीमारी ने युवकों को भी शिकार बना लिया है। वर्तमान में हार्ट अटैक युवाओं में होने के अनेकों अनेक कारणों का समावेश होता रहा है! इसमें आधुनिक खान पान और जीवन शैली महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाँ के कुल हृदय रोगियों में से 60 प्रतिशत मरीज अकेले भारत में ही होने की संभावना व्यक्ति की गई है। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 का विषय है एक धड़कन न चूकें यह संदेश केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सामूहिक चेतावनी है कि यदि अब भी लोग, समाज और सरकारें सक्रिय नहीं हुए तो हृदय रोग एक वैश्विक महामारी का रूप ले लेगा। चूँकि हार्ट अटैक समस्या का संभावित समाधान जीवनशैली में सख्त आचार संहिता अपनाकर ओर अपनी दिनचर्या में योग प्राणायाम को शामिल कर हृदयघात से होने वाली मौतों को रोकने में सहभागी बनें अगर हम हार्ट अटैक क्या है और कैसे होता है? इसको समझने की कोशिश करें तो, हार्ट अटैक, इसे चिकित्सकीय भाषा में मायोकार्डियलइंफाशन कहा जाता है, तब होता है जब हृदय की मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह अचानक बाधित हो जाता है। यह स्थिति प्रायः तब उत्पन्न होती है जब कोरोनरी आर्टरी (हृदय की रक्तवाहिका) में प्लाक (कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य तत्वों का जमाव जमा होकर ब्लॉकेज पैदा कर देता है। इस ब्लॉकेज से हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती और परिणामस्वरूप हृदय की कोशिकाएं मरने लगती हैं। यदि समय पर इलाज न मिले तो यह व्यक्ति की जान भी ले सकता है। इसके लक्षण कई बार अचानक और गंभीर हो सकते हैं जैसे सीने में तेज दर्द या दबाव, पसीना आना, सांस फूलना, जबड़े या बांह में दर्द, मतली या बेहोशी। वहीं, कुछ मामलों में हल्के संकेत भी मिलते हैं जिन्हें लोग सामान्य थकान या गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, और यही लापरवाही जीवन के लिए घातक सिद्ध होती है। हार्ट अटैक की समस्या से बचाव के लिए योग प्रणामी काफी उपयोगी है जिसमें योग और प्राणायाम के द्वारा हार्ट अटैक की समस्याओं से बचा जा सकता है योग के अंतर्गत सूर्य नमस्कार, ताड़ासन त्रियक ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, वीरभद्रासन, अनुलोम विलोम प्राणायाम, नाड़ी शोधन प्राणायाम, योगनिद्रा ध्यान आदि के अभ्यास से हार्ट अटैक की समस्या से बचा जा सकता है वहीं अपनी दैनिक दिनचर्या में परिवर्तन कर और अपनी भोजनाचार्य को व्यवस्थित कर, अपनी दिनचर्या में योग को शामिल किया जा सकता है और हार्ट अटैक के साथ-साथ अन्य गंभीर बीमारियों से भी बचा जा सकता है, अगर हम जीवनशैली और हार्ट अटैक का संबंध को समझने की करें तो, आधुनिक युग की भागदौड़ भरी जीवनशैली हृदय के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अधिकतर मामलों में पाया गया है कि हृदय रोग सीधे-सीधे व्यक्ति की आदतों और दिनचर्या से जुड़े होते हैं। (1) अस्वास्थ्यकर आहार जंक फूड, तैलीय और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, उच्च नमक और चीनी का सेवन हृदय पर भार डालते हैं। (2) शारीरिक निष्क्रियता-लंबे समय तक बैठे रहने और योग अभ्यास न करने से मोटापा, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर बढ़ते हैं। (3) धूम्रपान व शराब का सेवन तंबाकू और अल्कोहल हृदय की धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं। (4) तनाव और अनियमित नींद मानसिक दबाव और नींद की कमी हार्मोनल असंतुलन पैदा कर हृदय रोग का खतरा बढ़ाते हैं। यदि व्यक्ति अपने जीवनशैली विकल्पों में बदलाव कर ले तो हृदय रोग से होने वाले 80 फीसदी समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है। हम विश्व हृदय दिवस को एक वैश्विक बहुभाषी अभियान को समझने की कोशिश करें तो, हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।

स्वास्थ्य बात



**योगाचार्य महेश पाल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### वायु सेना दिवस पर सैनिकों और उनके परिवारों को राष्ट्रपति ने बधाई दी

# वायु सेना ने हर चुनौती का सामना कर देश को गौरान्वित किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वायु सेना दिवस पर सभी वायु योद्धाओं, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई दी और कहा कि इस सुरक्षा बल ने हर चुनौती का सामना करने के लिए अपनी ताकत और तत्परता से देश को गौरवान्वित किया है। मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि देश के वायु योद्धा ''हमारे हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं और आपदाओं व मानवीय मिशनों के दौरान अथक समर्पण के साथ देश की सेवा करते हैं।'' वायु सेना की वर्षगांठ मनाने और वायु योद्धाओं के बलिदान को याद करने के लिए आठ अक्टूबर को वायु सेना दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा, ''वायु सेना दिवस पर सभी वायु योद्धाओं, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं! भारतीय वायु सेना ने हमेशा साहस, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। हमारे वायु योद्धा हमारे आसमान की रक्षा करते हैं और आपदाओं व मानवीय मिशनों के दौरान अथक समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारी वायु सेना ने हर चुनौती का सामना करने की अपनी ताकत और तत्परता से देश को गौरवान्वित किया है। मैं भविष्य के सभी प्रयासों में सफलता के लिए भारतीय वायु सेना को शुभकामनाएं देती हूं।



- वायुसैनिक हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं और आपदाओं व मानवीय मिशनों में सेवा देते हैं
- आठ अक्टूबर को हर वर्ष वायु सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है
- राष्ट्रपति ने भारतीय वायु सेना के भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की

## भारतीय वायुसेना बहादुरी और अनुशासन की प्रतीक है : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वायुसेना दिवस पर वायुसेना कर्मियों को बधाई दी और कहा कि उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारतीय हवाई क्षेत्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा, "वायु सेना दिवस पर सभी साहसी वायु योद्धाओं और उनके परिवारों को बधाई। भारतीय वायु सेना बहादुरी, अनुशासन और सटीकता से कार्यों को अंजाम देने की प्रतीक है। उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों सहित हमारे आसमान की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।"मोदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रहती है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता, पेशेवर अंदाज और अदम्य साहस हर भारतीय को गौरवान्वित करता है।

### पाकिस्तान को मिलेगी यूएस मिसाइलें

## मोदी सरकार की यह कूटनीतिक विफलता का नतीजा : जयराम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस महासचिव और संचार मामलों के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की विदेश नीति पर कटाक्ष किया, जब अमेरिकी युद्ध विभाग ने घोषणा की कि पाकिस्तान को अमेरिकी निर्मित रेथियॉन की उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें मिलेंगी। एक्स पर एक पोस्ट में, जयराम रमेश ने उल्लेख किया कि 7 मई को अमेरिकी युद्ध विभाग की सार्वजनिक अधिसूचना में पाकिस्तान को मिसाइलें मिलने का उल्लेख नहीं था, लेकिन 30 सितंबर को एक अन्य अधिसूचना में यह बदल गया, जिसमें पाकिस्तान को कतर, ओमान, सऊदी अरब, इज़राइल और तुर्की जैसे देशों के साथ शामिल किया गया था। जयराम रमेश ने पाकिस्तान को शामिल करने की ओर इशारा करते हुए, इसे एक और झटका बताया। जयराम ने लिखा, "7 मई 2025 को दिए गए सैन्य अनुबंधों पर अमेरिकी युद्ध विभाग की एक सार्वजनिक अधिसूचना के अनुसार, रेथियॉन द्वारा निर्मित उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें कनाडा, ताइवान, बुल्गारिया, हंगरी, पोलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य, दक्षिण कोरिया, कुवैत, जापान, फ़िनलैंड, जर्मनी, यूके, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, तुर्की, स्पेन और लिथुआनिया को आपूर्ति की जानी थीं।" उन्होंने कहा कि हालांकि, 30 सितंबर, 2025 को दिए गए सैन्य अनुबंधों पर अमेरिकी युद्ध विभाग की सार्वजनिक अधिसूचना में रेथियॉन हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति के लिए कतर, ओमान, सऊदी अरब, इज़राइल, तुर्की और पाकिस्तान जैसे देश शामिल हैं। इसके अलावा, केंद्र पर निशाना साधते हुए, कांग्रेस सांसद ने पोस्ट किया, "कूटनीतिक माहौल कितनी जल्दी बदल जाता है, और कूटनीतिक असफलताएँ कितनी जल्दी जमा हो जाती हैं! 30 सितंबर को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, अमेरिकी युद्ध विभाग ने घोषणा की कि पाकिस्तान उन देशों की सूची में शामिल है जिन्हें अमेरिकी निर्माता रेथियॉन की उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें प्राप्त होंगी। अमेरिकी युद्ध विभाग ने बताया कि रेथियॉन को अतिरिक्त 41 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए गए हैं, जो पहले दिए गए अनुबंध को मिलाकर

## मैंने अपनाया स्वदेशी जोहो मेल : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बताया कि उन्होंने अपने पत्राचार के लिए एक नए ईमेल सेवा प्रदाता, ज़ोहो मेल, का उपयोग शुरू कर दिया है। X पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह ने अनुरोध किया कि भविष्य में सभी पत्राचार उनके नए पते, amitshah.bjp@zohomail.in पर किए जाएँ। शाह ने X पर पोस्ट किया कि सभी को नमस्कार। मैंने ज़ोहो मेल का उपयोग शुरू कर दिया है। कृपया मेरे ईमेल पते में हुए बदलाव पर ध्यान दें। मेरा नया ईमेल पता amitshah.bjp@zohomail.in है। भविष्य में मेल के माध्यम से पत्राचार के लिए, कृपया इसी पते का उपयोग करें। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। ज़ोहो मेल, चेन्नई, तमिलनाडु में मुख्यालय वाली एक भारतीय बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी, ज़ोहो कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित एक सुरक्षित और विज्ञापन-मुक्त ईमेल होस्टिंग सेवा है। 2008 में लॉन्च किया गया, ज़ोहो मेल, ज़ोहो वर्कप्लेस सुइट का एक हिस्सा है, जिसमें कार्यालय उत्पादकता, सहयोग और संचार के लिए उपकरण शामिल हैं। अपने मज़बूत गोपनीयता मानकों और डेटा सुरक्षा नीतियों के लिए जाना जाने वाला, ज़ोहो मेल एन्क्रिप्टेड ईमेल ट्रांसमिशन, दो-कारक प्रमाणीकरण और मुख्य रूप से भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में होस्ट किए गए सर्वर प्रदान करता है। इसका व्यापक रूप से व्यवसायों, पेशेवरों और सरकारी संगठनों द्वारा उपयोग किया जाता है जो वैश्विक ईमेल प्रदाताओं के लिए गोपनीयता-केंद्रित विकल्प की तलाश में हैं।



## तंत्र-मंत्र के शक में आदिवासी वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

**मध्यप्रदेश।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में तंत्र-मंत्र के शक में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खजुराहो के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) मनमोहन बघेल ने कहा कि बमीठा थानांतर्गत झमटुली गांव में लोगों की भीड़ ने कामता आदिवासी की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हत्या का मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि कामता की हत्या के सिलसिले में दो से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। बघेल ने बताया कि कामता झाड़-फूंक का काम करता था और कुछ ग्रामीणों को उस पर तंत्र-मंत्र करने का संदेह था। उन्होंने कहा कि घटना के असली कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, छह की दर्दनाक मौत, दो घायल

**आंध्र प्रदेश।** म डॉ. बी.आर आंबेडकर कोनासीमा जिले में एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि यह दुर्घटना पटाखा निर्माण इकाई में किसी लापरवाही के कारण हुई होगी। डॉ. बी.आर आंबेडकर कोनासीमा जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल मीणा ने बताया कि पटाखा निर्माण इकाई के पास लाइसेंस है। मीणा ने पीटीआई-को बताया, छह शव मिले हैं। हम शवों के विवरण की पुष्टि कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक लाइसेंस प्राप्त इकाई ही थी। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 35 वर्ष में दुनिया को अलविदा कह गए पंजाबी गायक राजवीर जवंदा

**पंजाब।** लोकप्रिय पंजाबी गायक और अभिनेता राजवीर जवंदा का लगभग 12 दिनों तक ज़िंदगी और मौत से जूझने के बाद मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि 35 वर्षीय राजवीर को बुधवार सुबह 10.55 बजे मृत घोषित कर दिया गया। फोर्टिस अस्पताल, मोहाली ने कहा कि पंजाबी गायक राजवीर जवंदा का 8 अक्टूबर, 2025 को सुबह 10:55 बजे फोर्टिस अस्पताल, मोहाली में निधन हो गया। उन्हें 27 सितंबर, 2025 को एक सड़क दुर्घटना के बाद अत्यंत गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें और मस्तिष्क क्षति हुई थी। मोहाली के फोर्टिस अस्पताल कि व्यापक चिकित्सा सहायता और क्रिटिकल केयर और न्यूरोसर्जरी टीमों द्वारा निरंतर निगरानी के बावजूद, आज सुबह कई अंगों के काम करना बंद करने के कारण उनका निधन हो गया। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति हमारी गहरी संवेदना। गायक को 27 सितंबर को हिमाचल प्रदेश के बद्दी के पास एक सड़क दुर्घटना में सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आईं थीं, जब उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर अचानक आए आवारा मवेशियों से टकरा गई थी। डॉक्टरों के अनुसार, जवंदा की तंत्रिका संबंधी स्थिति गंभीर बनी हुई है, मस्तिष्क की गतिविधि न्यूनतम है और गहन चिकित्सा देखभाल के बावजूद कोई खास सुधार नहीं हुआ है। दुर्घटना के तुरंत बाद उनकी हालत "बेहद गंभीर" बताई गई थी और अस्पताल में भर्ती होने के बाद से ही उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया था।



## मध्य प्रदेश में 20 बच्चों की मौत डब्ल्यूएचओ हुआ सतर्क

**मध्य प्रदेश।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या मध्य प्रदेश में 20 बच्चों की मौत से जुड़ी कोल्ड्रिफ कफ सिरप को अन्य देशों में निर्यात किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डब्ल्यूएचओ ने कहा कि वह भारतीय अधिकारियों से आधिकारिक पुष्टि मिलने के बाद कोल्ड्रिफ सिरप पर वैश्विक चिकित्सा उत्पाद अलर्ट की आवश्यकता का आकलन करेगा। मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि दूषित कफ सिरप के सेवन से किडनी में संक्रमण के कारण अब तक 20 बच्चों की मौत हो चुकी है और पांच अन्य को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। मौतों की जाँच के लिए सात सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। एक सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में एसआईटी ने बुधवार को चेन्नई के पास दवा निर्माता कंपनी के कारखाने में जाँच की। चेन्नई स्थित एक दवा कंपनी पुडुचेरी, मध्य प्रदेश, राजस्थान और अन्य राज्यों को कफ सिरप 'कोल्ड्रिफ' की आपूर्ति करती रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने घोषणा की है कि कांचीपुरम के सुंगुवरचत्रम स्थित विनिर्माण संयंत्र से एकत्र किए गए कफ सिरप के नमूने 'मिलावटी' पाए गए हैं। कंपनी को तुरंत 'उत्पादन बंद' करने का निर्देश दिया गया है। तेलंगाना और तमिलनाडु जैसे रा

## सोनम वांगचुक से जेल में मिलीं पत्नी गीतांजलि, कानूनी लड़ाई का लिया संकल्प

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लद्दाखी अन्वेषक और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने बुधवार को बताया कि कानूनी कार्रवाई के बावजूद उनका मनोबल मजबूत बना हुआ है, क्योंकि उनकी कानूनी टीम उनके खिलाफ जारी किए गए नजरबंदी आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। वांगचुक और उनके कानूनी सलाहकार रितम खरे से मुलाकात के बाद गीतांजलि ने बताया कि हालांकि हिरासत आदेश प्राप्त हो गया है, लेकिन वांगचुक की अपने मुद्दे के प्रति प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हमें नज़रबंदी का आदेश मिला है, जिसे हम चुनौती देंगे। उनका हौसला अडिग है। उनकी प्रतिबद्धता दृढ़ है! उनका लचीलापन बरकरार है! वह सभी के समर्थन और एकजुटता के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने गीतांजलि द्वारा दायर एक रिट याचिका पर केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जवाब मांगा था। इस याचिका में गीतांजलि ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अपनी हिरासत को चुनौती दी थी और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की थी। हालांकि, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने हिरासत के आधार बताने संबंधी उनकी याचिका पर कोई आदेश देने से इनकार कर दिया और मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी। वांगचुक को 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह घटना केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद हुई थी। इस हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। सरकार ने उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया था।

## तीन दिन बाद वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू

**श्रीनगर।** प्रतिकूल मौसम के कारण तीन दिनों के लिए स्थगित वैष्णो देवी यात्रा आज फिर से शुरू हो गई है। त्रिकुटा पर्वतीय क्षेत्र में भारी वर्षा, गरज के साथ छींटे और भूस्खलन की आशंका के कारण एहतियात के तौर पर इसे रोक दिया गया था। मौसम में सुधार के साथ, अधिकारियों ने सभी सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करते हुए और पटरियों को साफ करते हुए, श्रद्धालुओं के लिए मार्ग फिर से खोल दिए हैं। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि यात्रा सुचारू रूप से फिर से शुरू हो गई है और तीर्थयात्रियों को भवन की ओर बढ़ने की अनुमति दी जा रही है। माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद पाने के लिए अपनी आध्यात्मिक यात्रा फिर से शुरू करने पर श्रद्धालुओं ने राहत और आभार व्यक्त किया है। अधिकारी तीर्थयात्रियों से आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रहने और अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षा संबंधी सलाह का पालन करने का आग्रह कर रहे हैं। वैष्णो देवी यात्रा 5 अक्टूबर को स्थगित कर दी गई थी।

### गाजा के समर्थन में चेन्नई में विशाल रैली

## सीपीआईएम का साथ देने स्टालिन पहुंचे प्रो. जवाहरुल्लाह भी लेगें भाग

**एजेंसी। तमिलनाडु**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन आज चेन्नई में सीपीआई(एम) द्वारा आयोजित एक विशाल विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इस विरोध प्रदर्शन में आयोजकों द्वारा गाजा में नरसंहार की निंदा की गई। दो साल पहले इज़राइल द्वारा सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से अब तक 67,000 से ज़्यादा फ़िलिस्तीनी जिनमें 20,000 बच्चे भी मारे जा चुके हैं। के वीरमणि, वाइको, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुंथगई, वीसीके प्रमुख थोल. थिरुमावलवन, टीएमएमके नेता प्रो. जवाहरुल्लाह और वामपंथी दलों के नेताओं सहित वरिष्ठ नेताओं के भी इस प्रदर्शन में शामिल होने की उम्मीद है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार, पिछले 24 महीनों में गाज़ा में हर घंटे एक बच्चे की मौत हुई है। यूनिसेफ का अनुमान है कि लगभग 4,000 बच्चों ने कम से कम एक अंग खो दिया है, जबकि 1.69 लाख से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं। गाज़ा का अधिकांश बुनियादी ढाँचा तबाह हो गया है, और अधिकारियों को डर है कि मरने वालों की वास्तविक संख्या कहीं ज़्यादा हो सकती है, और माना जा रहा है कि कई लोग मलबे में दबे हुए हैं। इज़राइल के ये हमले अक्टूबर 2023 में हमास की सशस्त्र शाखा द्वारा किए गए हमले के बाद हुए हैं, जिसमें 1,139 लोग मारे गए थे - जिनमें ज़्यादातर इज़राइली नागरिक थे - और 240 लोगों को बंधक बना लिया गया था, जिनमें से इज़राइल का मानना है कि कम से कम 20 ज़िंदा बचे हैं। इज़राइल ज़ोर देकर कहता है कि उसके अभियान हमास आतंकवा दियों को निशाना बनाकर चलाए गए थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र जाँच आयोग सहित आलोचकों ने इस बमबारी को नरसंहार बताया है।

**एमके स्टालिन का मुखर रुख**

स्टालिन ने हाल के हफ़्तों में इस संकट पर सार्वजनिक रूप से कड़ा रुख अपनाया है। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए, उन्होंने एक्स पर लिखा कि युद्धग्रस्त क्षेत्र का हर दृश्य दिल दहला देने वाला था। शिशुओं की चीखें, भूख से मरते बच्चों का नज़ारा, अस्पतालों पर बमबारी और संयुक्त राष्ट्र जाँच आयोग द्वारा नरसंहार की घोषणा उस पीड़ा को दर्शाती है जो किसी भी इंसान को कभी नहीं झेलनी चाहिए।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## शक के दायरे में हरियाणा के आईपीएस की आत्महत्या

**एजेंसी। हरियाणा**



हरियाणा कैडर के वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) वाई पूरन कुमार की आकस्मिक मृत्यु ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने आत्महत्या क्यों की? क्या वह तनाव में थे, या कुछ और था? जैसे-जैसे जाँच आगे बढ़ रही है, एक नया मोड़ सामने आ रहा है, जिससे संदेह बढ़ रहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने उनके इस फैसले में भूमिका निभाई होगी। मंगलवार को वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। उनका शव घर के बेसमेंट के एक कमरे में गोली लगने के निशान के साथ मिला। अधिकारियों के अधिकारों, वरिष्ठता और अन्य मुद्दों से जुड़े मामलों में अपने हस्तक्षेप के लिए जाने जाने वाले 52 वर्षीय 2001 बैच के अधिकारी कुमार को हाल ही में रोहतक के सुनारिया स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) में महानिरीक्षक के पद पर तैनात किया गया था। कुमार इससे पहले रोहतक रेंज के आईजी के पद पर तैनात थे और हाल ही में उनका तबादला सुनारिया स्थित पीटीसी के आईजी पद पर हुआ था। सूत्रों के अनुसार, पूरन कुमार के गनमैन हेड कांस्टेबल सुशील कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस हिरासत के दौरान, सुशील कुमार ने स्वीकार किया कि उसने आईपीएस अधिकारी के कहने पर मासिक रिश्वत मांगी थी। दो दिन पहले, रोहतक के अर्बन एस्टेट थाने में सुशील कुमार के खिलाफ एक शराब कारोबारी से रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज की गई थी। रोहतक पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुशील ने कारोबारी से 2 से 2.5 लाख रुपये मासिक रिश्वत मांगी थी।

### क्या ममता सरकार पर संकट आने वाला है?

## रिपोर्ट कार्ड लेकर राष्ट्रपति से मिले बंगाल के राज्यपाल बोस

**एजेंसी। कोलकाता**

महान स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले ने कहा था, "बंगाल आज जो सोचता है, भारत कल वही सोचेगा" यानी जो बंगाल आज सोचता है, वो भारत कल सोचेगा। पश्चिम बंगाल में वैसे तो 2026 में चुनाव है लेकिन यहां पर राजनीतिक बिसात हमेशा बिछती आती है। वहीं राजनीतिक हिंसा से भी बंगाल अक्सर दो चार होता रहता है। लेकिन तमाम घटनाक्रमों के बीच पश्चिम बंगाल में पिछले दिनों भारी बारिश और भूस्खलन ने न केवल उत्तर बंगाल में तबाही लाई है बल्कि इसने राजनीतिक तापमान भी बढ़ा दिया है। अब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में मुलाकात की एक तस्वीर साझा की।



इसमें कहा गया पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उत्तर बंगाल से सीधे दिल्ली आए राज्यपाल के दौरे को राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब राज्य सरकार और केंद्र के बीच बाढ़ प्रबंधन, राहत उपायों और क्षेत्र में राजनीतिक हिंसा को लेकर मतभेद चल रहे हैं।

### मोदी मुंबई में — नवी मुंबई एयरपोर्ट समेत कई परियोजनाओं का मोदी करेंगे उद्घाटन

# आज मुंबई की मेट्रो और हवाई यात्राओं को मिलेगी नई उड़ान

**एजेंसी। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से शुरू हो रहे अपने दो दिवसीय महाराष्ट्र दौरे के दौरान नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण और मुंबई मेट्रो लाइन-3 के अंतिम चरण का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 11 सार्वजनिक परिवहन ऑपरेटरों के लिए भारत का पहला एकीकृत कॉमन मोबिलिटी ऐप, मुंबई वन भी लॉन्च करेंगे। बुधवार को नवी मुंबई पहुँचने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी नवनिर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का अवलोकन करेंगे। वह हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण भी करेंगे। इस अवसर पर वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## मुंबई मेट्रो लाइन-3 के चरण 2बी का उद्घाटन



प्रधानमंत्री आचार्य अत्रे चौक से कफ परेड तक फैली मुंबई मेट्रो लाइन-3 के चरण 2बी का उद्घाटन करेंगे जिसका निर्माण लगभग 12,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से हुआ है। इसके साथ ही वह 37,270 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत वाली पूरी मुंबई मेट्रो लाइन 3 (एक्वा लाइन) राष्ट्र को समर्पित करेंगे जो शहरी परिवहन परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। मोदी 'मुंबई वन ऐप' की भी शुरुआत करेंगे जो कई सार्वजनिक परिवहन ऑपरेटर के लिए एकीकृत मोबाइल टिकटिंग समेत यात्रियों को कई लाभ प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री महाराष्ट्र में कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग की एक अग्रणी पहल अल्पकालिक रोजगार योग्यता कार्यक्रम (एसटीईपी) का भी उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम 400 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं 150 सरकारी तकनीकी उच्च विद्यालयों में शुरू किया जाएगा और यह रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास को उद्योग की आवश्यकताओं के साथ जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल होगी। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुधवार को होने वाली यात्रा से पहले मुंबई और नवी मुंबई में सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

### भीड़ घटाने में मदद करेगा नया नवी मुंबई एयरपोर्ट

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के पहले चरण का निर्माण 19,650 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह भारत की सबसे बड़ी 'ग्रीनफील्ड' हवाई अड्डा परियोजना है जिसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत विकसित किया गया है। मुंबई महानगर क्षेत्र के दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में एनएमआईए छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के साथ मिलकर कार्य करेगा ताकि भीड़भाड़ कम हो और मुंबई को वैश्विक बहु-हवाई अड्डा प्रणालियों की श्रेणी में शामिल किया जा सके।

## कॉमन मोबिलिटी ऐप-मुंबई वन की शुरुआत

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि मोदी 11 सार्वजनिक परिवहन ऑपरेटर के लिए भारत के पहले एकीकृत 'कॉमन मोबिलिटी ऐप'- 'मुंबई वन' की भी शुरुआत करेंगे। इसमें बताया गया है कि बुधवार को नवी मुंबई पहुंचने के बाद मोदी नवनिर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण करेंगे। वह हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत एवं लोकार्पण भी करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया की टेंशन बढ़ी, पूरी एशेज सीरीज से बाहर रह सकते हैं कमिंस

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एशेज सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम की चिंता बढ़ गई है। 21 नवंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज से पहले कप्तान पैट कमिंस के फिट होने की संभावनाएं अब कम होती जा रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड उनकी जगह लेने के सबसे प्रबल दावेदार नजर आ रहे हैं।

इस सीरीज में मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन की अनुभवी तिकड़ी का खेलना लगभग तय है। कमिंस जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के कैरेबियाई दौरे पर खेलने के बाद से पीठ दर्द से जूझ रहे थे। हाल ही में हुए स्कैन से पता चला है कि कमिंस की पीठ की समस्या अभी तक ठीक नहीं हुई है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' की रिपोर्ट के अनुसार, पैट कमिंस 5 मुकाबलों की एशेज सीरीज से बाहर हो सकते हैं, जिसकी शुरुआत 21 नवंबर को पर्थ में खेले जाने वाले मुकाबले के साथ होगी। ऐसे में स्टीव स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ संभावित कार्यवाहक कप्तान बन सकते हैं। 32 वर्षीय तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पिछले हफ्ते स्कैन कराया ताकि टेस्ट सीजन से पहले अपनी प्रोग्रेस का पता लगा सकें। रिपोर्ट के अनुसार, उनका बैक स्ट्रेस 'हॉट स्पॉट' तो ठीक हो रहा है, लेकिन अभी तक स्थिति इतनी बेहतर नहीं है कि वह गेंदबाजी कर सकें। हालांकि, पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान ने गेंदबाजी के लिए जल्द वापसी की उम्मीद जताई थी।



कमिंस ने टेस्ट सीजन से पहले अपनी पीठ की स्थिति जानने के लिए स्कैन कराया

## वुहान ओपन: हैली बैप्टिस्ट को शिकस्त देकर तीसरे दौर में जेसिका पेगुला

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने लगातार दूसरी बार 'वुहान ओपन' के तीसरे दौर में प्रवेश किया है। उन्होंने हमवतन हैली बैप्टिस्ट को तीन सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-4, 4-6, 7-6 (6) से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2 घंटे 55 मिनट तक चला। पेगुला का लक्ष्य 23 वर्षीय बैप्टिस्ट के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल करना था। जीत के बाद उन्होंने कहा, "यह मुकाबला बहुत मुश्किल रहा। आप जानते हैं कि मेरे पास मैच प्वाइंट थे, और फिर बैप्टिस्ट ने अच्छा खेलना शुरू कर दिया। मुझे बहुत गर्व है कि मैंने कैसे खुद को संभाला, क्योंकि मुझे लगता है कि मैं मैच गंवा सकती थी, लेकिन मैंने डटकर मुकाबला किया। यह एक रोमांचक मैच था। उल्लेखनीय है कि पेगुला और बैप्टिस्ट तीन साल से भी ज्यादा समय बाद पहली बार कोर्ट पर आमने-सामने आई थीं। यह मैच पेगुला का लगातार पांचवां तीन सेटों का मुकाबला था। अब जेसिका पेगुला का सामना नौवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी एन ली को हराया था। दूसरी ओर, कोको गॉफ ने मोयुका उचिजिमा को 6-1, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला सिर्फ 51 मिनट तक चला। वर्ल्ड नंबर-3 कोको गॉफ का प्रदर्शन शानदार रहा, जिन्होंने 13 में से 12 गेम जीते और 77 में से 55 अंक हासिल किए। अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया।



पेगुला अब नौवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा से भिड़ेंगी

## विव रिचर्ड्स ने 'गोल्फ डे' पर वेस्टइंडीज क्रिकेट के दिग्गजों का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रहे विव रिचर्ड्स ने बुधवार को नई दिल्ली में क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) द्वारा आयोजित अपने पहले गोल्फ डे में क्रिकेट के दिग्गजों और खेल जगत की हस्तियों के एक विशिष्ट समूह का नेतृत्व किया। विव रिचर्ड्स के साथ ब्रायन लारा और रिची रिचर्डसन के साथ ही मौजूदा टीम के कप्तान रोस्टन चेज और शाई होप मौजूद थे। इस आयोजन ने विभिन्न खेल विधाओं के दिग्गजों और नेताओं को सीमाओं से परे जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

यह पहल अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से जुड़ने और विभिन्न खेलों में सहयोग को बढ़ावा देने के क्रिकेट वेस्टइंडीज के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जो दर्शाता है कि कैसे क्रिकेट के मूल टीम वर्क, लचीलापन और सम्मान स्वाभाविक रूप से खेल के अन्य क्षेत्रों में भी फैल सकते हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ क्रिस डेहरिंग ने कहा, "क्रिकेट वेस्टइंडीज हमेशा से खेल के महान संस्थानों में से एक रहा है, जो हमारे खिलाड़ियों और प्रशंसकों के गौरव, विरासत और बेजोड़ भावना पर आधारित है। आगे बढ़ते हुए, हमारा ध्यान खेल के लिए गहरे वैश्विक संबंध और नए अवसर बनाकर उस विरासत को और मजबूत करने पर है। दिल्ली में आयोजित यह गोल्फ दिवस कार्यक्रम इसी दिशा में एक रोमांचक कदम है। हम अपने दीर्घकालिक साझेदारों, टीसीएम स्पोर्ट्स के आभारी हैं। जिन्होंने हमारे विजन में निरंतर विश्वास बनाए रखा और इस तरह की पहल को संभव बनाने में हमारी मदद की।



टीसीएम स्पोर्ट्स ने इस पहल को सफल बनाने में सहयोग किया

### संजू सैमसन ने अब बयां किया अपना दर्द, कहा -

## 10 साल में खेले अब तक सिर्फ 40 इंटरनेशनल मैच



संजू ने कहा कि टीम इंडिया की जर्सी में किसी भी भूमिका को स्वीकार करना गर्व की बात है।

**एजेंसी । दुबई**

भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जब कुछ दिन पहले वनडे और टी20 सीरीज स्क्वाड का ऐलान किया गया तो उसमें वनडे टीम में ध्रुव जुरेल को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिली, जिसमें संजू सैमसन को नजरअंदाज किए जाने का चयनकर्ताओं का ये फैसला बिल्कुल ही सभी की समझ से परे था। संजू सैमसन ने साल 2015 में पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना मुकाबला खेला था, जिसके बाद से अब तक वह वनडे और टी20 दोनों में मिलाकर सिर्फ 50 से अधिक मुकाबले ही खेलने में कामयाब हो सके हैं। संजू सैमसन ने सीएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स 2025 में कुछ दिन पहले गए थे, जहां पर उनसे लगातार बैटिंग ऑर्डर बदले जाने को लेकर जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब आप भारतीय टीम की जर्सी में होते हैं तो फिर किसी भी चीज के लिए आप मना नहीं कर सकते हैं। इस जर्सी को पहनने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है।



### सिराज के रेटिंग पॉइंट्स

**सिराज के 718 रेटिंग पॉइंट्स हैं**

**भारतीय गेंदबाजों को फायदा**

मोहम्मद सिराज करियर बेस्ट 12वें स्थान पर, कुलदीप यादव को 7 स्थान का फायदा



1. **बुमराह ने टॉप पोजिशन कायम रखी:** जसप्रीत बुमराह रैंकिंग में अपनी स्थिति बनाए रखे हैं
2. **कुलदीप यादव की रैंकिंग:** कुलदीप यादव 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 21वें स्थान पर

## आईसीसी रैंकिंग जारी- जसप्रित बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज

### सिराज 12वें स्थान पर, कुलदीप ने 7 वें पर, बैटर्स में जायसवाल को नुकसान

**एजेंसी । दुबई**

आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। टेस्ट बॉलर्स की रैंकिंग में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे भारतीय गेंदबाजों को फायदा हुआ है, जबकि जसप्रीत बुमराह ने अपनी टॉप पोजिशन कायम रखी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 7 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज करियर बेस्ट 12वीं रैंक पर आ गए हैं। उनके 718 रेटिंग पॉइंट्स हैं। स्पिनर कुलदीप यादव को 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 21वें स्थान पर हैं।

**जायसवाल को नुकसान, राहुल को 4 स्थान का फायदा :** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को बैटर्स की रैंकिंग में 2 पायदान का नुकसान हुआ है। वे 779 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 7वें स्थान पर आ गए हैं। जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेली गई इकलौती पारी में 36 रन ही बना सके थे। एक अन्य भारतीय ओपनर केएल राहुल को 4 स्थानों का फायदा हुआ है। वे 606 अंक के साथ 35वें स्थन पर आ गए हैं। राहुल ने कैरेबियाई टीम के खिलाफ 100 रन की शतकीय पारी खेली थी। नाबाद 104 रन की पारी खेलने वाले रवींद्र जडेजा 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 25वें स्थान पर आ गए हैं। उन्हें 6 पायदान का फायदा हुआ है। यह जडेजा की करियर बेस्ट रैंकिंग है। इस सूची में भारतीय कप्तान शुभमन गिल 13वें स्थान पर यथावत हैं।

### राशिद खान टी-20 के नंबर-2 गेंदबाज, वरुण टॉप पर



अफगानिस्तानी स्पिनर राशिद खान को टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। वे 6 स्थानों की छलांग के साथ नंबर-2 पर आ गए हैं। राशिद के 710 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वे वरुण चक्रवर्ती से पीछे हैं। भारतीय स्पिनर वरुण चकवर्ती 803 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर कायम हैं। इस सूची में भी कुलदीप यादव को फायदा हुआ है और वे 11वें स्थान पर आ गए हैं। कुलदीप के 648 रेटिंग पॉइंट्स हैं।

### जडेजा टॉप ऑलराउंडर, सुंदर को **चार स्थान** का फायदा...



ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रवींद्र जडेजा में 187 हफ्ते से टॉप पर कायम हैं। उनके 430 रेटिंग पॉइंट्स हैं। रवींद्र जड़ेजा पहली बार 9 मार्च 2022 को दुनिया के नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर बने थे, जिसमें उन्होंने जेसन होल्डर को पछाड़ा था। जडेजा के अलावा, वॉशिंगटन सुंदर को 4 स्थान का फायदा हुआ है। वे 11वें स्थान पर आ गए हैं। सुंदर के पास 205 रेटिंग पॉइंट्स हैं। सुंदर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 विकेट झटके थे।



## नोएल टाटा के विरुद्ध मेहली गुट के साजिश से हिलने लगा 16 लाख करोड़ का टाटा साम्राज्य

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** 86 वर्ष की उम्र में रतन टाटा के दिवंगत होने के बाद खींचतान में किसी तरह से एक वर्ष बीतते -बीतते 16 लाख करोड़ रुपये की टाटा कंपनी समूह साम्राज्य के ट्रस्टियों के बीच चल रही कलह इतनी बढ़ गयी है कि सुलह कराने के लिए केन्द्र सरकार की शरण लेनी पड़ी और दूसरे नंबर के पावरफुल अमित शाह के कार्यालय में जाकर उनके सामने सब कुछ बताना पड़ा। जहां सुनने को मिला - '16 लाख करोड़ रुपये की कंपनी पर असर नहीं पड़े, इसके लिए घरेलू झगड़े जल्दी सुलझावें'। इससे जाहिर होता है कि भारत के सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक, टाटा समूह , इन दिनों किस तरह से आंतरिक कलह की चपेट में है। 7 अक्टूबर 2025 को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर एक 45 मिनट की गुप्त बैठक हुई, जहां टाटा ग्रुप के शीर्ष लोग उपस्थित थे । दिग्गज उद्योगपति के निधन के बाद टाटा ट्रस्ट्स ने एक नया नियम लागू किया- टाटा संस बोर्ड पर नामित डायरेक्टर्स को 75 साल की उम्र के बाद हर साल दोबारा नियुक्त किया जाएगा। यह फैसला टाटा ग्रुप की संरचना को ध्यान में रखते हुए लिया गया था, क्योंकि टाटा ट्रस्ट्स के पास टाटा संस की 66% हिस्सेदारी है, जो पूरे ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है। ट्रस्ट्स में कुल 7 ट्रस्टी हैं, और विवाद की जड़ यहीं है। ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा, जो रतन टाटा के सौतेले भाई हैं, और वाइस-चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने इस नियम को सख्ती से लागू करने की कोशिश की। लेकिन चार अन्य ट्रस्टी—मेहली मिस्त्री, प्रामित झावेरी, जहांगीर एचसी जहांगीर और डेरियस खंबाटा—इसके खिलाफ खड़े हो गए।11 सितंबर को हुई ट्रस्ट्स की बैठक में चिंगारी भड़की। एजेंडे में पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह को टाटा संस बोर्ड पर नामित डायरेक्टर के रूप में दोबारा नियुक्त करने का प्रस्ताव था। सिंह, जो 77 साल के हैं, 2012 से इस पद पर थे। नोएल टाटा और श्रीनिवासन ने रेजोल्यूशन पेश किया, लेकिन बाकी चार ट्रस्टीज ने इसे ठुकरा दिया। बहुमत उनके पास था, इसलिए प्रस्ताव गिर गया। सिंह बैठक में आए ही नहीं, और बाद में उन्होंने खुद इस्तीफा दे दिया। यह घटना सिर्फ एक नियुक्ति का मसला नहीं थी; यह सत्ता के संतुलन की लड़ाई थी। समूह के कुछ लोगों का मानना है कि मेहली मिस्त्री के नेतृत्व वाले ये चार ट्रस्टी नोएल टाटा के नेतृत्व को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। वे खुद को "सुपर बोर्ड" की तरह देखते हैं, जो महत्वपूर्ण फैसलों में ज्यादा दखल चाहते हैं, जैसे बोर्ड मीटिंग के मिनट्स तक पहुंच और डायरेक्टर चयन।

मेहली मिस्त्री का कनेक्शन शापूरजी पलोनजी (एसपी) फैमिली से है, जो टाटा संस में 18.37% हिस्सेदारी रखती है। यह फैमिली लंबे समय से टाटा ग्रुप से जुड़ी रही है, लेकिन रिश्तों में खटास आई है। मेहली ने आरोप लगाया कि उन्हें महत्वपूर्ण फैसलों से बाहर रखा जा रहा है। विवाद का केंद्र टाटा संस बोर्ड की खाली सीटें हैं—वर्तमान में चार सीटें खाली हैं। बोर्ड में फिलहाल एन चंद्रशेखरन (चेयरमैन), नोएल टाटा, वेणु श्रीनिवासन, हरीश मैनवानी और सौरभ अग्रवाल शामिल हैं। मार्च 2024 तक टाटा संस की मार्केट वैल्यू 27.85 लाख करोड़ थी, जबकि पूरे ग्रुप की वैल्यू करीब 15.9 लाख करोड़ है। इतनी बड़ी कंपनी में अस्थिरता का मतलब है लाखों कर्मचारियों, निवेशकों और अर्थव्यवस्था पर असर।इस कलह ने सरकार को चिंतित कर दिया। 7 अक्टूबर की बैठक में अमित शाह और निर्मला सीतारमण ने टाटा नेतृत्व से कहा कि "जो भी करना पड़े, स्थिरता बहाल करो।

10 अक्टूबर की ट्रस्ट्स बोर्ड मीटिंग निर्णायक साबित हो सकती है। अगर विवाद नहीं सुलझा, तो ग्रुप की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। लेकिन उम्मीद की किरण भी है। सूत्रों के मुताबिक, टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस एसपी ग्रुप को अपनी 4-6% हिस्सेदारी बेचने का ऑफर दे सकते हैं। एसपी ग्रुप फिलहाल 30,000 करोड़ के कर्ज में डूबा है, और यह डील उन्हें राहत दे सकती है। अगर यह सुलह हो गई, तो वर्षों पुराना विवाद खत्म हो सकता है। फिलहाल, यह याद दिलाता है कि बड़े साम्राज्यों में छोटे झगड़े भी कितने बड़े परिणाम ला सकते हैं।



टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा व वाइस-चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन चाहते हैं नामित डायरेक्टर्स को 75 साल की उम्र के बाद हर साल दोबारा नियुक्त किया जाए

### भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, ऑटो और रियल्टी स्टॉक्स में हुई मुनाफावसूली



**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 153.09 अंक या 0.19 प्रतिशत की बिकवाली के साथ 81,773.66 और निफ्टी 62.15 अंक या 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,046.15 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 422.65 अंक या 0.73 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 57,866.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 92.80 अंक या 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,890.60 पर था। बाजार को नीचे खींचने का काम ऑटो और रियल्टी इंडेक्स ने किया। निफ्टी ऑटो (1.53 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (1.83 प्रतिशत), निफ्टी इन्फ्रा (0.63 प्रतिशत), निफ्टी मीडिया (1.72 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (1.08 प्रतिशत) और निफ्टी एफएमसीजी (0.50 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी (1.51 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल (0.71 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### भारत का हाइड्रोजन युग हो गया शुरू : केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत का हाइड्रोजन युग शुरू हो गया है। देश का लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का है, जो ग्लोबल मार्केट में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करेगा। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान 3.5 डॉलर प्रति किलोग्राम से घटकर 3 डॉलर प्रति किलोग्राम से नीचे आने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "अगर कीमतें कम होती हैं, तो भारत बड़े पैमाने पर हरित हाइड्रोजन को अपना सकता है, जिससे अंततः हमारी आयात निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत एक विश्वसनीय हाइड्रोजन हब का निर्माण कर रहा है, जो विकास, निर्यात और एक स्वच्छ भविष्य को बढ़ावा देगा।



### दुनिया भर में भारत के फिनटेक का बढ़ रहा महत्व

**मुंबई (आईएएनएस)।** ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 को लेकर विमेंस वर्ल्ड बैंकिंग, साउथ एशिया रिजनल हेड कल्पना अजायन ने बुधवार को कहा कि जब हम फाइनेंशियल इंक्लूजन की बात करते हैं तो ग्लोबल फिनटेक जैसे मंच को विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग करने के एक महान अवसर के रूप में देखा जाता है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा, "पीएम मोदी का दृष्टिकोण है कि वित्तीय समावेशन केवल महिलाओं का समावेशन नहीं होना चाहिए।

## 2,000 छात्रों के साथ संवाद: गौतम अदाणी ने छात्रों से साझा किया 'डेवलपिंग इंडिया'

**एजेंसी । मुंबई**

गौतम अदाणी ने व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के हमारे निमंत्रण को ससम्मान स्वीकार किया है। वे 'सेलिब्रेट सिनेमा वीक' के अवसर पर शुक्रवार, 10 अक्टूबर को हमारे छात्रों से संवाद करेंगे," व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल की अध्यक्ष मेघना घोष पुरी ने कहा, "हम सभी उनके विचार सुनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी भी अदाणी के साथ इस अवसर पर उपस्थित रहेंगी। इस दौरान कैंपस में मीडिया और एंटरटेनमेंट क्षेत्र में नवीनतम एआई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।



संस्थापक और चेयरमैन सुभाष घई ने कहा, "हमारे लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि हम गौतम अदाणी का स्वागत कर रहे हैं, जिनकी सफलता की कहानी आज भारत की प्रगति का प्रतीक है। हम गौतम अदाणी और प्रीति अदाणी के आभारी हैं जिन्होंने हमारा निमंत्रण स्वीकार किया।

हमारे छात्रों के साथ उनका संवाद और राष्ट्र निर्माण में 'सॉफ्ट पावर' की भूमिका पर उनके विचार हम हमेशा याद रखेंगे। व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल 8 से 10 अक्टूबर तक 'सेलिब्रेट सिनेमा वीक 2025' मना रहा है, जिसमें 40 से अधिक वर्कशॉप्स आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष का विशेष आकर्षण राज कपूर और गुरु दत्त की जन्मशती को समर्पित है, जिसमें "भारतीय सिनेमा में कविता और संगीत का महत्व" विषय पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### पौधा देकर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम ने नव-नियुक्त पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बिमला कुमारी से भेंट की। इस दौरान अरविंद कुमार और उनकी टीम ने बिमला कुमारी को पौधा भेंट कर हार्दिक स्वागत किया और पर्यावरण संरक्षण व संगठन सशक्तिकरण पर सार्थक चर्चा की। अरविंद कुमार ने कहा कि बिमला कुमारी जैसी जुझारू, ईमानदार और धरातल से जुड़ी नेत्री के नेतृत्व में पलामू कांग्रेस को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। पलामू की जनता आज बदलाव चाहती है और यह बदलाव कांग्रेस के माध्यम से ही संभव है। हम सब मिलकर संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। बिमला कुमारी ने कहा कि मैं कांग्रेस परिवार की इस आत्मीयता से अभिभूत हूं। यह पौधा मेरे लिए सम्मान का प्रतीक ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

# हुसैनाबाद में जल संकट गहराया : एक सप्ताह से ठप है जलापूर्ति, लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप रहने के कारण लोगों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। देवरी सोन नदी से होने वाली जलापूर्ति हैदरनगर रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप मुख्य पाइपलाइन टूटने के बाद से बाधित है। बताया जा रहा है कि शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए गड्ढे खोदने के दौरान यह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण पूरे नगर क्षेत्र में जल आपूर्ति रुक गई है। इस बरसात के मौसम में पेयजल की समस्या ने लोगों को परेशान कर रखा है। नलों से पानी की सप्लाई बंद होने के कारण नागरिकों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। कई मोहल्लों में चापानल ही एकमात्र सहारा बन गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि नगर क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित होना आम बात हो गई है। कभी मोटर जलने तो कभी वाटर फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित होती रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइट लगाने के कार्य के दौरान नगर पंचायत के कर्मियों की उपस्थिति होनी चाहिए थी, ताकि पाइपलाइन क्षति से बचाई जा सके। परंतु एनओसी मिलने के बाद भी निगरानी नहीं की गई, जिससे शहर की जल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर पंचायत के कर्मियों का कहना है कि संवेदक को पाइपलाइन की मरम्मत के निर्देश दे दिए गए हैं और सुधार कार्य पूरा होते ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। गौरतलब है कि हुसैनाबाद अनुमंडल के विभिन्न गांवों में सोन नदी से जलापूर्ति योजना पर 56 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है। परंतु कार्य की धीमी गति से लोगों में असंतोष है।

## ईंट भट्ठों से पर्यावरण में फैला रहा प्रदूषण, खेतों को हो रहा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज भी पारंपरिक लाल ईंट भट्ठों का संचालन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जबकि केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने इन्हें चरणवद्ध बंद करने और फ्लाई ऐश आधारित सीमेंट ईंट को बढ़ावा देने का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जा चुका है। इससे निकलने वाला धुंआ स्थानीय वायु गुणवत्ता को अत्यंत हानि व प्रदूषित कर रहा है। इन भट्ठों से उत्पन्न राख एवं कण आसपास के खेतों की मिट्टी और भूमिगत जलस्त्रोतों को दूषित भी कर रहा है। साथ ही कृषि योग्य भूमि से मिट्टी की खुदाई से उपजाऊ परतें नष्ट और दीर्घकालिक कृषि कार्य पर हानि हो रही है। हालांकि केंद्र सरकार की फ्लाई ऐश नोटिफिकेशन 2922 के तहत थर्मल पावर प्लांट से 300 किमी के दायरे में पारंपरिक लाल ईंट निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। इसे बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों में ऐसे भट्ठों पर पहले से ही रोक लगाई जा चुकी है। इस पर नियंत्रण के लिए कानून भी बने है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 14 एवं 15 के तहत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को त्वरित कार्रवाई का अधिकार है। वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 एवं 22 के अनुसार बिना वैध अनुमति किसी भी प्रदूषक इकाई का संचालन दंडनीय अपराध है। वहीं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत राज्य सरकार को तत्काल इस पर रोक लगाने का अधिकार भी दिया गया है। इस गंभीर समस्या पर विभिन्न संगठनों ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव को पत्र देकर इस प्रदेश में संचालित लाल ईंट भट्ठों की सर्वे व जांच कर उन्हें तत्काल बंद करने, अवैध संचालकों पर पर्यावरण के क्षति की भरपाई वसूलने और जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं उद्योग विभाग की संयुक्त जांच टीम गठित करने की मांग की है।

## पुलिस ने छात्र-छात्राओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान

- छात्र-छात्राओं को दिए साईबर से बचाव का दिए जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**धुरकी।** थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने टेन प्लस टू हाई स्कूल धुरकी के विद्यालय में एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नव एवं दश वर्ग के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों और अपराधों के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी ने बच्चों को विशेष रूप से साइबर अपराध, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए सोशल मीडिया या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी साझा न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। दहेज प्रथा और नशे की बुराई पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों सामाजिक बुराइयां हैं जो परिवार और समाज को अंदर से कमजोर करती हैं। युवाओं को इनसे दूर रहना चाहिए और समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट या सीट बेल्ट का प्रयोग करें और यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। जनार्दन राउत ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अपने जीवन में अनुशासन और ईमानदारी को अपनाएं ताकि समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पहचान बना सकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के छात्र भविष्य के राष्ट्र निमार्ता हैं, इसलिए उन्हें अच्छे संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे जिन्होंने थाना प्रभारी के विचारों को बड़े ध्यान से सुना और समाज में सुधार लाने का संकल्प लिया।

### वाद्य यंत्र का छात्रों ने किया प्रदर्शन

**मेराल।** एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री श्री आनंद मूर्ति जी की प्रदत अष्टाक्षरी सिद्ध महा मंत्र बाबा नाम केवलम ने संगीत के साथ वाद्य यंत्र का प्रदर्शन बच्चों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बच्चों को सम्मानित किया गया। निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक,मानसिक एवं आध्यात्मिक प्रगति के लिए संगीत से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कर्म ही पूजा है। विद्वान मानते है कि ज्ञान ही संपूर्ण मानव जीवन के मार्ग तक पहुंचता है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक प्रगति के लिए संतुलन हेतु शास्त्र सम्मत निर्देशों आत्म मोक्षार्थम जगत हिताय च का अनुकरण करना चाहिए। जो हताश,असहाय होने से बचाता है। 1970 में भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी द्वारा सिद्ध अष्टाक्षरी महामंत्र बाबा नाम केवलम प्रदत है। इसका अर्थ है विश्व ब्रह्मांड में एक मात्र परमप्रिय एवं परम आराध्य परमपिता परमेश्वर ही सब कुछ है।

## बिजली चोरी मामले में 9 पर केस 90 हजार रुपए लगा जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान में 9 ग्रामीणों को ऐसा करते पाया गया। जिनके विरूद्ध स्थानीय थाना में केस दर्ज कराया गया है। साथ ही कुल मिलाकर 90 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया गया है। यह अभियान विद्युत अवर प्रमंडल, जपला के सहायक अभियंता के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने बताया के उच्चाधिकारियों के निर्देश के आलोक में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए। इस अभियान के दौरान महेंद्र शर्मा, लटपौरी, सच्चिदानंद ठाकुर, गीता देवी, माली, जुम्मन अंसारी, रसूलपूर, शेख शमशाद अहमद, मो.सद्दाम, मो.कैसर, शेख फारूक सिद्दीकी और सहाना बीवी कररिया निवासी को ऐसा करते पाया गया। उन्होंने इससे बचने के लिए वैध कनेक्शन लेकर ही विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि अवैध तरीके से ऐसा करने के मामले में आगे भी छापामारी अभियान चलाया जाता रहेगा। जिसमें पकड़े जाने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में उनके साथ मानव दिवस विद्युतकर्मी ललितेश्वर मेहता,रंजय मेहता,मंटू मुंडा और दशरथ कुमार शामिल थे। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने इस संबंध में बताया कि दर्ज केस के आलोक में अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## झगड़ाखांड़ की छात्राओं ने भंडरिया टीम को हराया

**भवनाथपुर।** जिला मुख्यालय स्थित राम साहू +2 उच्च विद्यालय के क्रीडा मैदान में आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता -2025, अन्तर्गत बालिका वर्ग अंडर-19 कबड्डी में भवनाथपुर प्रखंड स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय झगड़ाखांड़ की छात्राओं ने भंडरिया की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । उनके विजयी होने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित करते हुए छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और साथ ही खेल प्रशिक्षक श्री घनश्याम गुप्ता की भी हृदय से सराहना की। प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अब बेटियां किसी से कम नहीं है, वे प्रत्येक क्षेत्र में अपना स्थान स्थापित करने में सक्षम है। उन्होंने छात्राओं को राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गढ़वा जिले का नेतृत्व करने के लिए अग्रिम शुभकामना देते हुए कहा कि यह टीम निश्चय ही विजयी होकर रांची में भी अपना परचम स्थापित करेंगी। छात्राओं के इस सम्मान समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमाशंकर पाठक, खेल प्रशिक्षक घनश्याम गुप्ता, अमित कुमार सिंह, विजय कुमार रवि, राम आसरे पाल,मिथिलेश दुबे, रवि गुप्ता, रमाशंकर प्रजापति सहित सभी शिक्षक एवं लिपिक विभूति कुमार सिंह उपस्थित थे।

### पुलिस ने अवैध अफीम खेती के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चतरा जिले में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को अवैध अफीम की जगह वैकल्पिक और लाभकारी फसलें लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 08 अक्टूबर को हंटरगंज, गिद्धौर और प्रतापपुर थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में आम जनता को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया और उन्हें अफीम की खेती न करने की शपथ दिलाई गई। अभियान में यह भी बताया गया कि मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकते हैं। इस जनहित अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



### आत्मनिर्भर भारत पर कार्यशाला का आयोजन

**मेराल।** भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार बुधवार को हाई स्कूल के मैदान में आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में प्रधानमंत्री का भारत विकसित को पूरा करने पर चर्चा की गई। बैठक में राजकुमार मद्धेशिया ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी कटिबद्ध है। जिससे वैश्विक स्तर पर देश मजबूत तथा प्रभावशाली बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज जायसवाल ने किया। बैठक में हरेंद्र द्विवेदी रुपू महतो अमित कुमार, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, चंद्रमणि पाठक, नरेश सिंह, उपेंद्र गुप्ता, राजेश यादव, भोला पासवान, अनीश अंसारी, शंभू महतो शामिल थे।

## अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस ने की गई कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा।** पुलिस अधीक्षक, महोदय चतरा के निर्देशानुसार अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। 08 अक्टूबर 2025 को कुंदा थाना अंतर्गत हिंदियाकला गांव में कुंदा थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी की गई। इस दौरान अवैध देशी शराब निर्माण में उपयोग होने वाला लगभग 50 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया, 15 लीटर महुआ शराब और शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए गए। मामले में संबंधित कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**चंदवा पुलिस ने ट्रक से 300 किलो डोडा किया जब्त**

## ट्रक छोड़कर फरार हुए चालक व उप चालक



**नवीन मेल संवाददाता**


**चंदवा।** वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित देवनद पुल के समीप खड़ी ट्रक पीबी 10 एचएस 9083 से 15 बोरा अवैध डोडा बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर चंदवा के देवनद के समीप खड़ी ट्रक की जांच कि तो पता चला कि उसमे पाइप लोड है। पाइप के बीच छिपा कर 15 बोरा अवैध डोडा रखा हुआ है। उक्त स्थान से चालक व उपचालक फरार थे। उन्होंने बताया कि जब्त डोडा का वजन करीब 300 किलोग्राम है जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। इस संदर्भ में चंदवा थाना में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### थोड़ी देर की बारिश से रेल अंडरपास में जलजमाव

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग कॉलनी के समीप गेट नंबर 55 पर बना रेल अंडरपास ब्रिज बड़े वाहनों के आवागमन को लेकर कारगर साबित नहीं हुआ। थोड़ी देर बारिश में ही इसमें घंटों तक जलजमाव सामान्य तौर पर खासकर, पैदल और दोपहिया से आवागमन में जोखिम और परेशानी का सबब बन गया है। गौरतलब है कि सिंचाई विभाग परिसर में ही विभागीय के साथ ही दो स्कूल के अलावा थाना, अस्पताल, प्रखंड और अंचल कार्यालय के अलावा खाद्यान्न गोदाम स्थापित हैं। इसके बावजूद कम चौड़ाई और ऊंचाई के इस अंडरपास ब्रिज ही पैदल और वाहनों से आवागमन का एकमात्र माध्यम है। इसी माध्यम से मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ के कई पठारी गांव तक वाया रामनगर-राजनडीह कच्ची सड़क से आवागमन होता है। ऐसे में बड़े वाहनों से आवागमन के योग्य वैकल्पिक मार्ग के रूप में अंडरपास अथवा ओवरब्रिज की जरूरत पूरी करने की मांग तेज हो गई है।

# डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**बड़गड़।** थाना अंतर्गत मदगढ़ी गांव में डायन बिसाही के मामले में उत्पन्न विवाद में एक पक्ष द्वारा टांगी से गर्दन पर वार कर एक 60 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा प्रतिशोध में मृतका के पुत्र अमर लोहार ने अपनी मां के हत्यारे दो लोगों में से एक बाघा किसान को टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर बड़गड़ थाना पुलिस देर शाम को घटनास्थल पर पहुंची व मृतका के शव को कब्जे में ले कर थाने ले आई। थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डायन विषय के मामले को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुई। इसी बीच एक पक्ष मृतक फूलकिरिया देवी उम्र करीब 60 वर्ष पति मीटकू लोहार पर उसके पड़ोसी बाघा किसान एवं सावन किसान ने टांगी से गर्दन पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। इसके प्रतिशोध में मृतका के पुत्र ने भी अपनी मां के एक हत्यारे को टांगी से ही वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे इलाज के लिए रांची रिम्स अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की प्राथमिकी बड़गड़ थाना कांड संख्या 28/2025 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दी गई है। मृतक महिला का शव अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया गया है।

**परेशानी**

### नल-जल योजना बनी शो-पीस, दो वर्षों से अधूरा पड़ा है काम

# संवेदक की लापरवाही से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वच्छ जल

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड के परसोडीह पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल-जल योजना की स्थिति बेहद खराब है। पंचायत क्षेत्र में लगभग सात करोड़ की लागत से बांसडीह कला, बांसडीह खूर्द, चौरा और कधवन गांव में 46 सोलर जलमीनार लगाए जाने हैं, लेकिन बीते दो वर्षों से संवेदक द्वारा केवल जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा कर काम अधूरा छोड़ दिया गया है। स्ट्रक्चर में सोलर पैनल और पानी की टंकी नहीं लगाए जाने से अब तक जल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, पर यहां पूरी प्रणाली विफल साबित हो रही है। इसका खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बांसडीह गांव के ग्रामीण गणपत साह, बिलैती साह, पिंटू पासवान, भोला साह, लक्ष्मण साह, राजकिशोर साह और प्रमोद प्रजापति ने आरोप लगाया कि संवेदक की मनमानी और लापरवाही के कारण आज तक नल-जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका है। बरसात के दिनों में ग्रामीण दूषित जल पीने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि संवेदक द्वारा घर-घर पाइप कनेक्शन तक नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जहां 200 फीट बोरिंग की जानी चाहिए थी, वहां सिर्फ 40-50 फीट की बोरिंग की गई है, जो इस क्षेत्र की जल जरूरतों के लिए बिल्कुल अपर्याप्त है। गर्मी के दिनों में यह बोरिंग सूख जाएगी और योजना निष्प्रभावी साबित होगी। ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या की शिकायत कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव और जिला प्रशासन से नल-जल योजना को शीघ्र चालू कराने की मांग की है। इस संबंध में संवेदक का कहना है कि फंड की कमी के कारण कार्य अधूरा रह गया है।

### पलामू में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने से मिलेगी मजबूती: धनंजय

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बिमला कुमारी से कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर हार्दिक बधाई और हर्ष व्यक्त किया है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने इन्हें इनकी काबिलियत व उनके पार्टी के प्रति समर्पण भाव के कारण जिला अध्यक्ष बनाया है। इनके इस महत्वपूर्ण पद पर आने से पार्टी में एक नए उर्जा का संचार होगा। पार्टी माइक्रो लेबल पर मजबूत होगी। पलामू जिला कांग्रेस के इतिहास में प्रथम महिला अध्यक्ष के रूप मे पलामू को मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इनके नेतृत्व में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी सक्रिय और सशक्त होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले दिनों में काफी मजबूत होगी।

## पेज एक के शेष

### शहीदों के आश्रितों...

हमारी सरकार आपलोगों के दुःख-दर्द को गहराई से महसूस करती है। हमारी सरकार शहीदों के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें तथा हिम्मत और धैर्य के साथ मजबूत होकर परिवार को आगे बढ़ाते रहें। चुनौतियों से घबराएं नहीं। जब आपको जरूरत हो, आप पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारियों से निसंकोच भेंट करें। आपकी पीड़ा को कम करने का प्रयास पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा।मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रांची अंचल मनोज कुमार, एजीएम रीना कुमारी, मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक विकास कुमार पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भंडरा में सड़क...

वहीं, जोरी निवासी अबुल अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी और पंडरिया ग्राम निवासी फतलू उरांव के पुत्र गोविंदा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर किया गया है।

### गुवा पोस्ट ऑफिस...

पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले में जांच और कार्रवाई के लिए किरीबुरू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने बुधवार को आरोपी के टुंगरी स्थित आवास पर छापेमारी की और उसकी पत्नी व दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उसे गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया, जिसमें ऑनलाइन जुए से जुड़ी कई डिजिटल ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली। पूछताछ में विकास कुलिला ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### गिरिडीह में नक्सली...

गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने बताया कि संगठन के शीर्ष कमांडरों द्वारा शोषण, ग्रामीणों पर अत्याचार और पुलिस की सख्त कार्रवाई से दोनों भयभीत थे। गिरिडीह पुलिस ने उनके परिजनों के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखा और आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया। आत्मसमर्पण के बाद दोनों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत लाभ मिलेगा, जिसमें आर्थिक सहायता, रोजगार और सामाजिक पुनर्जनन के अवसर शामिल हैं। एसपी ने कहा कि शिवलाल के खिलाफ गिरिडीह, डुमरी, खुखरा, मधुबन, चतरोचट्टी और जगेश्वर विहार थानों में हत्या, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत 11 मामले दर्ज हैं। सरिता के खिलाफ भी कई नक्सली गतिविधियों से संबंधित प्राथमिकी दर्ज हैं। डॉ बिमल कुमार के अनुसार, यह आत्मसमर्पण नक्सली संगठन के लिए बड़ा झटका है। यह अन्य नक्सलियों एवं उग्रवादियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करेगा। मेरा मानना है कि यह नक्सल और उग्रवादी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह कदम न केवल क्षेत्र में शांति स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण होगा, बल्कि सरकार की पुनर्वास नीति नक्सलियों एवं उग्रवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में प्रभावी साबित होगी। आत्मसमर्पण समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) सुरजीत सिंह, सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमांडेंट अमित सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डूमरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### 5 घंटे तक...

पांच घंटे तक इंतजार के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसी दौरान कलावती देवी दर्द से कराहते हुए दिन में करीब 10:00 बजे दम तोड़ दिया। पीड़ित के परिजनों- कशिश कुमारी और कल्याण कुमारी ने भावुक होकर बताया, अगर समय पर एंबुलेंस आ जाती, तो हमारी भाभी की जान बच सकती थी। पांच घंटे तक फोन करते रहे, लेकिन सिर्फ भरोसा दिया गया। घटना के बाद जब मीडिया ने इस मामले में सिविल सर्जन शंभूनाथ चौधरी से बात की, तो उन्होंने बताया कि वे रांची में मीटिंग में हैं और घटना की जानकारी उन्हें मीडिया के माध्यम से मिली है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। महिला की मौत के बाद जब एंबुलेंस आखिरकार सदर अस्पताल पहुंची, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। विनय रौतिया ने रिम्स जाने से इनकार करते हुए कहा, अब जाने का क्या मतलब... मेरी पत्नी नहीं रही, मैं यहीं इलाज कराऊंगा।

## 100 लोगों के साथ अचानक मुंबई पहुंचे पीएम स्टार्मर

# ट्रंप टैरिफ की हवा निकालने की कवायद शुरू

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जब कोई देश दूसरे देश से घिर जाता है या उसके देश में आतंरिक कलह मच जाता है तो वो भारत की शरण में आता है। ऐसे में आज आपको एक ऐसी यात्रा के बारे में बताएंगे जो दिखने में भले ही सामान्य लगे लेकिन इसके पीछे एक बड़ा जियो पॉलिटिकल गेम छिपा है। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भारत पहुंच चुके हैं और वो सीधा दिल्ली नहीं बल्कि मुंबई पहुंचे हैं। ये कोई साधारण यात्रा नहीं बल्कि अमेरिका-भारत के बीच टैरिफ वॉर के बीच एक नया आर्थिक समीकरण बनता दिख रहा है। एक ऐसा समीकरण जो आने वाले समय में वाशिंगटन को गुस्सा दिला सकता है। कीर स्टार्मर का भारत का ये दौरा दो दिनों 8 और 9 अक्टूबर का है। मुंबई पहुंचते ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। साथ में राज्यपाल आचार्य देवत्त भी वहां मौजूद रहे।



### दोनों नेता विजन 2035 योजना की प्रगति पर चर्चा करेंगे

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यह दीर्घकालिक "विज़न 2035" योजना का एक हिस्सा है, जो जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के साथ तैयार किया गया एक रोडमैप है। इस योजना का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को गहरा करना है। स्टारमर इस यात्रा पर 100 से अधिक व्यापारिक नेताओं, विश्वविद्यालय प्रमुखों और सांस्कृतिक हस्तियों के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस समूह का ध्यान भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और शैक्षिक संबंधों को बढ़ाने पर है।

### प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में स्टारमर से मिलेंगे

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार सुबह 10:00 बजे मुंबई राजभवन में अपने ब्रिटिश समकक्ष स्टारमर के साथ बैठक करेंगे। इस उच्च-स्तरीय चर्चा में व्यापार, प्रौद्योगिकी और जलवायु कार्रवाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। बैठक के बाद, प्रधानमंत्री स्टारमर राजभवन में प्रेस को संबोधित करेंगे, चर्चाओं की जानकारी देंगे और भविष्य की सहयोगात्मक पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे।

### ब्रिटिश पीएम ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भी भाग लेंगे

फोरम के तुरंत बाद, दोपहर 2:25 बजे, प्रधानमंत्री स्टारमर ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भाग लेंगे, जो जियो वर्ल्ड सेंटर में ही आयोजित होगा और नवाचार और डिजिटल वित्त सहयोग पर ज़ोर देगा। अपनी यात्रा के समापन पर, ब्रिटिश प्रधानमंत्री 9 अक्टूबर को रात 11:30 बजे प्रस्थान करेंगे।

# युद्ध में मौत का डर नहीं, भूखे-प्यासे खबर निकालने का है जज्बा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बीबीसी ने तीन प्रमुख अंतरराष्ट्रीय न्यूज एजेंसियों—एजेंसी फ्रांस-प्रेस (एएफपी), एसोसिएटेड प्रेस (एपी), और रॉयटर्स—के साथ मिलकर एक शॉर्ट फिल्म जारी की है, जिसमें इजरायल से गाजा में विदेशी पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से प्रवेश की अनुमति देने की अपील की गई है। इस फिल्म का नैरेशन वरिष्ठ बीबीसी पत्रकार डेविड डिम्बलबी ने किया है। यह न्यूयॉर्क में कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में लॉन्च होगी, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हो रहा है।फिल्म में डिम्बलबी कहते हैं, "अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को गाजा में प्रवेश की अनुमति मिलनी चाहिए ताकि वे स्थानीय फिलिस्तीनी पत्रकारों के साथ मिलकर सच्चाई दुनिया तक पहुंचा सकें।" 7 अक्टूबर 2023 को हामास के हमले के बाद इजरायल द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान के बाद से विदेशी पत्रकारों को गाजा में स्वतंत्र पहुंच नहीं दी गई है। कुछ पत्रकारों को केवल इजरायली सेना की निगरानी में सीमित दौरे की अनुमति मिली। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) का कहना है कि सुरक्षा कारणों से पत्रकारों को "फील्ड में सैन्य सहायता" के साथ ही प्रवेश दिया जाता है।बीबीसी न्यूज की सीईओ डेबोरा टर्नेस ने जोर देकर कहा, "7 अक्टूबर 2023 से लगभग दो साल बीत चुके हैं, जब हामास के हमले और गाजा में युद्ध शुरू हुआ। अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को अब गाजा में प्रवेश की अनुमति मिलनी चाहिए ताकि हम स्थानीय पत्रकारों के साथ मिलकर दुनिया को यथार्थ दिखा सकें।" फिल्म में विश्व युद्ध-II के डी-डे लैंडिंग, वियतनाम युद्ध, 1984 के इथियोपिया अकाल, तियानमेन स्क्वायर प्रदर्शन, रवांडा नरसंहार, सीरिया शरणार्थी संकट, और यूक्रेन युद्ध जैसे ऐतिहासिक घटनाक्रमों के दृश्य शामिल हैं, जो पत्रकारों की निष्पक्ष रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित करते हैं।

**बीबीसी, एपी, एएफपी व रॉयटर्स ने गाजा में पत्रकारों के प्रवेश की मांग वाली फिल्म की जारी**

डिम्बलबी ने फिल्म में बताया, "यूक्रेन में पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर पीड़ा की कहानियां दुनिया तक पहुंचाते हैं, लेकिन गाजा में यह जिम्मेदारी केवल फिलिस्तीनी पत्रकारों पर है, जो भारी कीमत चुका रहे हैं।" संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, इजरायली हमलों में कम से कम 248 फिलीस्तीनी पत्रकार मारे गए हैं, जबकि इजरायल ने पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोपों से इनकार किया है। यह पहली बार नहीं है जब न्यूज़ संगठनों ने इजरायल से गाजा में पत्रकारों की पहुंच की मांग की हो। जुलाई 2024 में, बीबीसी, एएफपी, एपी, और रॉयटर्स ने संयुक्त बयान में गांजा के पत्रकारों की भूख और विस्थापन जैसी कठिन परिस्थितियों पर चिंता जताई थी। अगस्त 2024 में, यूके समेत 27 देशों ने इजरायल से विदेशी मीडिया को तत्काल प्रवेश देने और पत्रकारों पर हमलों की निंदा करने वाला बयान समर्थन किया। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया, के जवाब में इजरायल ने गाजा में सैन्य अभियान शुरू किया। हामास-प्रशासित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से गाजा में कम से कम 65,419 लोग मारे गए हैं, जिसे संयुक्त राष्ट्र विश्वसनीय मानता है। यह फिल्म पत्रकारिता की स्वतंत्रता और युद्ध क्षेत्रों में सच्चाई उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देती है।

## एक्स का मामला सुप्रीम कोर्ट में

# भाजपा असम में सत्ता में नहीं रही तो मुसलमान राज्य पर कब्जा कर लेंगे ?

**सुप्रीम कोर्ट ने असम भाजपा व एक्स को भेजा नोटिस**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने असम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इकाई द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक विवादास्पद वीडियो के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ पत्रकार कुर्बान अली व वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए भाजपा असम और एक्स को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है। याचिका में वीडियो को हटाने और इसके कथित नफरत भरे कंटेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।याचिका के अनुसार, 15 सितंबर 2025 को भाजपा असम प्रदेश के आधिकारिक एक्स हैंडल (@BJP4Assam) पर एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें दावा किया गया कि यदि भाजपा असम में सत्ता में नहीं रही, तो मुसलमान राज्य पर कब्जा कर लेंगे।

वीडियो में कथित तौर पर टोपी व दाढ़ी वाले व्यक्तियों तथा बुर्का पहने लोगों को चाय बागानों, गुवाहाटी हवाई अड्डे, असम रंग घर, और अन्य स्थानों पर कब्जा करते हुए दिखाया गया है। इसके अतिरिक्त, वीडियो में अवैध प्रवासियों को मुस्लिम के रूप में चित्रित किया गया और यह दावा किया गया कि असम की 90% आबादी मुस्लिम हो जाएगी। याचिका में इसे 'घोर झूठा और भड़काऊ आख्यान' करार दिया गया, जो सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाता है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील निज़ाम पाशा ने तर्क दिया कि यह वीडियो आगामी असम विधानसभा चुनावों के संदर्भ में पोस्ट किया गया और यह मुसलमानों को खुले तौर पर निशाना बनाता है।



वीडियो को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा निर्मित माना जा रहा है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने और उनका दानवीकरण करने का प्रयास किया गया है। याचिका में कहा गया कि यह वीडियो संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और सुप्रीम कोर्ट के नफरत भरे भाषणों (हेट स्पीच) के खिलाफ पूर्व के निर्देशों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ताओं ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, नफरत भरे भाषणों के मामलों में स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। याचिका में जोर दिया गया कि सत्तारूढ़ दल के रूप में, भाजपा संविधान के तहत धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए बाध्य है। वीडियो को संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करने वाला बताया गया, जो सामाजिक एकता को कमजोर करता है और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(3) और 123(3A) के तहत भ्रष्ट आचरण को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, याचिका में सुप्रीम कोर्ट के 2014 और 2017 के निर्देशों का हवाला दिया गया, जो नफरत भरे भाषणों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग करते हैं। इस बारे में कांग्रेस पार्टी ने असम के दिसपुर थाने में इस वीडियो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 351(2), 351(3), 352, और 353(2) के तहत सांप्रदायिक दुश्मनी, आपराधिक साजिश, और सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुँचाने के आरोप लगाए गए हैं। यह भी आरोप है कि वीडियो ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीडियो को 46 लाख से अधिक बार देखा गया और इसे व्यापक रूप से साझा किया गया। याचिकाकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यह सामाजिक तनाव को बढ़ा सकता है और असम में सांप्रदायिक सौहार्द को खतरे में डाल सकता है। याचिका में मांग की गई कि वीडियो को तत्काल हटाया जाए और इसके प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाए जाएँ। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लिया और इसे नफरत भरे भाषणों से संबंधित पहले की याचिकाओं (हेट स्पीच पीआईएल) के साथ जोड़ा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह के कंटेंट की जाँच आवश्यक है, विशेष रूप से जब यह चुनावी संदर्भ में सामाजिक एकता को प्रभावित करता हो। अगली सुनवाई में कोर्ट इस मामले में भाजपा और एक्स के जवाबों की समीक्षा करेगा। यह याचिका संवैधानिक मूल्यों, विशेष रूप से धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक एकता, की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट का नोटिस इस बात का संकेत है कि नफरत भरे कंटेंट के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है, विशेष रूप से तब जब यह राजनीतिक दलों द्वारा प्रायोजित हो। 28 अक्टूबर 2025 की सुनवाई इस मामले में आगे के निर्देशों व संभावित कानूनी परिणामों को निर्धारित करेगी।हालांकि इससे पावरफुल नेता व उनकी पार्टी वाले बाज नहीं आने वाले।

## कैलिफोर्निया में मिलेगी दिवाली की सरकारी छुट्टी



**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रवासियों के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में कैलिफोर्निया ने दिवाली पर आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित कर दिया है। इस तरह कैलिफोर्निया अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है जिसने भारत के इस प्रकाश पर्व को आधिकारिक तौर पर अवकाश के रूप में मान्यता दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने विधानसभा सदस्य ऐश कालरा द्वारा दिवाली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सितंबर में दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने वाला 'एबी 268' नामक विधेयक कैलिफोर्निया विधानमंडल के दोनों सदनों से सफलतापूर्वक पारित हो गया था, जिस पर न्यूसम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा थी। कालरा ने पिछले महीने कहा था, ''कैलिफोर्निया भारतीय अमेरिकियों की सबसे बड़ी आबादी वाला स्थान है।

# सुलझ गया रूपर्ट मर्डोक फैमिली ट्रस्ट विवाद फॉक्स न्यूज रूढ़िवादी दिशा बनाए रखेगा

### रूपर्ट के चहेते बेटे लैकलन वैश्विक मीडिया साम्राज्य की संभालते रहेंगे बागडोर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वैश्विक मीडिया दिग्गज रूपर्ट मर्डोक और उनके बच्चों के बीच पारिवारिक ट्रस्ट को लेकर चला आ रहा विवाद सुलझ गया है। इस समझौते से यह तय हो गया है कि फॉक्स न्यूज अपनी रूढ़िवादी दिशा बनाए रखेगा, और मर्डोक के पसंदीदा बेटे लैकलन मर्डोक फॉक्स कॉर्प और न्यूज कॉर्प के नेतृत्व में बने रहेंगे। यह ट्रस्ट इन दो प्रभावशाली कंपनियों को नियंत्रित करता है, जिनमें वॉल स्ट्रीट जर्नल, हार्पर कॉलिन्स, और फॉक्स ब्रॉडकास्ट नेटवर्क शामिल हैं। बीते सोमवार को घोषित इस समझौते के तहत, मर्डोक के तीन बच्चे—प्रूडेंस, एलिजाबेथ, और जेम्स—अब ट्रस्ट के लाभार्थी नहीं रहेंगे। इसके बदले, प्रत्येक को 1.1 बिलियन डॉलर मिलेंगे। यह समझौता 94 वर्षीय रूपर्ट और 54 वर्षीय लैकलन के लिए बड़ी जीत है, जिससे लैकलन का इन कंपनियों पर दशकों तक नियंत्रण सुनिश्चित हो गया है। लैकलन के नेतृत्व वाली एक नई पारिवारिक कंपनी फॉक्स में 36% और न्यूज कॉर्प में 33% मतदान हिस्सेदारी रखेगी। तीनों भाई-बहन 3.3 बिलियन डॉलर मूल्य के शेयर बेचकर कंपनियों से बाहर होंगे, और एक नया ट्रस्ट उनकी नकद आय का प्रबंधन करेगा।

यह विवाद 2023 में शुरू हुआ, जब रूपर्ट ने ट्रस्ट में बदलाव कर लैकलन को एकमात्र उत्तराधिकारी बनाने की कोशिश की। पहले की योजना में मर्डोक की मृत्यु के बाद चार बड़े बच्चों को समान वोटिंग अधिकार मिलने थे, जिससे प्रूडेंस, एलिजाबेथ, और जेम्स मिलकर लैकलन को हटा सकते थे। इससे नाराज इन तीनों ने नेवादा की प्रॉबेट कोर्ट में चुनौती दी। शुरुआती फैसले ने रूपर्ट का समर्थन किया, लेकिन बाद में यह उलट गया, और मामला अपील तक पहुंचा। अंततः, इस समझौते ने विवाद को समाप्त कर दिया। फॉक्स न्यूज, अमेरिका का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला केबल चैनल, 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी कवरेज के कारण रेटिंग्स में शीर्ष पर रहा। इस साल इसके शेयर 24% बढ़कर 57.01 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचे। न्यूज कॉर्प भी डिजिटल युग में सफल रही, जिसमें वॉल स्ट्रीट जर्नल के डिजिटल सब्सक्राइबर 9% बढ़कर 41 लाख हो गए। लैकलन, जिन्हें उनके पिता की तरह रूढ़िवादी माना जाता है, ने 2020 में 440 मिलियन डॉलर में टूबी स्ट्रीमिंग सेवा खरीदने जैसे रणनीतिक फैसले लिए। हालांकि, फॉक्स को 2020 के चुनाव कवरेज से जुड़े डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स के मुकदमे में 787.5 मिलियन डॉलर का समझौता करना पड़ा, और स्मार्टमैटिक से 2.7 बिलियन डॉलर का मुकदमा अभी लंबित है। मर्डोक परिवार की यह जंग, जिसने एचबीओ के ड्रामा उत्तराधिकार को प्रेरित किया, लैकलन के नेतृत्व में एक नए युग की शुरुआत करती है।

## टीटीपी के प्रमुख आतंकवादी को मारा पाकिस्तान ने

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के अफगानिस्तान मूल के एक प्रमुख आतंकवादी को मार गिराया है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले के गबीर इलाके में चलाए गए एक अभियान में पीर आगा कंधारी मारा गया। वह सुरक्षा बलों पर हमले और निर्दोष नागरिकों की हत्या सहित कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। टीटीपी के बाजौर कमांडर मलंग बादशाह ने एक ऑडियो संदेश में बाजौर जिले में एक अभियान में कंधारी की मौत की पुष्टि की। इस बीच, मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में बन्नू जिले से उच्च विद्यालय के दो शिक्षकों सहित चार सरकारी अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



# एयरबेस के लिए सीधे भिड़ने वाले हैं चीन, रूस, पाकिस्तान और भारत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इतिहास में ऐसे मौके बहुत कम ही देखने को मिले होंगे जब किसी मुद्दे को लेकर भारत और पाकिस्तान एक साथ आ खड़े हो। वहीं अगर इसमें रूस और चीन जैसे देशों का साथ भी मिल जाए तो साफ हो जाता है कि मामला थोड़ा बड़ा है। अब ऐसा ही कुछ अफगानिस्तान को लेकर देखने को मिल रहा है। भारत अब तालिबान, पाकिस्तान, चीन और रूस के साथ मिलकर अफ़ग़ानिस्तान में बगराम एयरबेस पर फिर से नियंत्रण पाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोशिश का विरोध कर रहा है। यह घोषणा तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की नई दिल्ली की निर्धारित यात्रा से कुछ दिन पहले हुई है, जो किसी वरिष्ठ तालिबान राजनयिक के लिए पहली ऐतिहासिक यात्रा होगी। अफगानिस्तान पर मास्को प्रारूप परामर्श की सातवीं बैठक मास्को में हुई, जिसमें अफगानिस्तान, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, तथा बेलारूस भी अतिथि के रूप में उपस्थित था। ज्वाइंट स्टेटमेंट में कहा गया है कि उन्होंने अफगानिस्तान और पड़ोसी राज्यों में देशों द्वारा अपने सैन्य बुनियादी ढांचे को तैनात करने के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया, क्योंकि यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के हितों की पूर्ति नहीं करता है। हालांकि बगराम का स्पष्ट रूप से नाम नहीं लिया गया, लेकिन संदेश को व्यापक रूप से ट्रम्प की मांग के रूप में देखा गया।







# चहल ने धनश्री के धोखाधड़ी के आरोपों पर तोड़ी चुप्पी, 'उनका घर **मेरे नाम** से **चल रहा** है...'

*क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने आखिरकार अपनी पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा को लेकर चल रही चर्चाओं और उनके अलग होने के बाद बेवफाई की अफवाहों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि धनश्री, जो इस समय 'राइज़ एंड फ़ॉल' शो की प्रतियोगी हैं।*

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने आखिरकार अपनी पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा को लेकर चल रही चर्चाओं और उनके अलग होने के बाद बेवफाई की अफवाहों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि धनश्री, जो इस समय 'राइज़ एंड फ़ॉल' शो की प्रतियोगी हैं, ने कुब्रा सैत से बातचीत के दौरान कहा था कि चहल ने शादी के दो महीने बाद ही उन्हें धोखा दिया था। अब क्रिकेटर ने आखिरकार इस दावे पर प्रतिक्रिया दी है। इन अटकलों को खारिज करते हुए, चहल ने इन दावों को "निराधार और थकाऊ" बताया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह अपने जीवन के इस दौर से आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा, "मैं एक खिलाड़ी हूँ और मैं धोखा नहीं देता।

